सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 7:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.7 न्यू | 28.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80981.95 |
| निफ्टी | 24717.70 |
| सोना 70,690 | चांदी 86,376 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 3 अगस्त 2024 | 19 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 227, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



जल शक्ति विभाग को 196 करोड़ का नुकसान: मुकेश अग्निहोत्री

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### पीएम आज अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) का उद्घाटन करेंगे। भारत में यह सम्मेलन 65 साल बाद आयोजित हो रहा है। कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय संगठन की ओर से आयोजित छह दिवसीय त्रैवार्षिक सम्मेलन का विषय सतत कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर रूपांतरण है। सम्मेलन में लगभग 75 देशों के लगभग 1,000 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### चुनावी बांड : एसआईटी जांच की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड दान के माध्यम से कॉरपोरेट्स और राजनीतिक दलों के बीच कथित तौर पर लेन-देन की व्यवस्था की विशेष जांच दल (एसआईटी) की ओर से जांच की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस चरण में हस्तक्षेप करना अनुचित और समय पूर्व कार्रवाई होगी। पीठ ने कहा कि चुनावी बांड की खरीद की जांच का आदेश नहीं दे सकती कि यह अनुबंध देने के लिए एक तरह का लेन-देन था।

### एयर इंडिया ने इसराइल जाने वाली उड़ानें रोकीं




**नई दिल्ली।** हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की ईरान में हत्या के बाद से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। ईरान ने हानिया की मौत का बदला लेने के लिए इसराइल पर हमले की धमकी दी है। इसराइल हाई अलर्ट पर है। ऐसे हालात को देखते हुए भारतीय एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया ने भारत और इसराइल की राजधानी तेल अवीव के बीच संचालित होने वाली उड़ानें आठ अगस्त तक स्थगित कर दी हैं।

### बिभव को हाईकोर्ट से झटका, याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को स्वाति मालीवाल के साथ हुए बदसलूकी मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने आरोपी बिभव कुमार की उनकी गिरफ्तारी को चैलेंज किए जाने वाली याचिका खारिज कर दी। बिभव के खिलाफ 16 मई को एफआईआर दर्ज की गई थी और उन्हें 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। तब से वे जेल में हैं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- स्पोर्ट्स हॉस्टल में क्षमता से ज्यादा खिलाड़ी -पेज 3
- लापरवाही से गिरा सोझा लिंक रोड, दो घरों को खतरा -पेज 9
- नेशनल हाईवे-पांच में दरकती पहाड़ियां बनीं खतरा -पेज 12
- राजौरी में आतंकी ठिकाना ध्वस्त हथियारों का जखीरा बरामद -पेज 13
- भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में -पेज 14


# प्रभावितों को जल्द देंगे आपदा राहत पैकेज और मकान का किराया : सुक्खू

## सीएम ने समेज हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण, लापता लोगों के परिजनों से की बात

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/आनी**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को आपदा प्रभावित क्षेत्र रामपुर के समेज पहुंचे और पीड़ितों के दुख-दर्द में शामिल हुए। पीड़ितों को ढांढस बंधाते हुए मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि प्रभावितों को जल्द आपदा राहत पैकेज दिया जाएगा और मकान का पांच-पांच हजार किराया भी दिया जाएगा। सीएम ने स्कूली बच्चों के लिए जल्द भवन बनाने का वादा किया। सीएम ने शिमला और कुल्लू के उपायुक्तों से राहत कार्य को ब्यौरा लिया और लापता लोगों के तलाशी अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और 7वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष व रामपुर के विधायक नंद लाल भी मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने एनडीआरएफ दल से रिपोर्ट ली और प्रभावित ग्रीन को हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान लापता हुए लोगों के परिजनों से भी बात की।



रामपुर के समेज में आपदा पीड़ितों को ढांढस बंधाते और हरसंभव सहायता का आश्वासन देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### युद्धस्तर पर बचाव कार्य जारी

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी मौके पर मौजूद रहे। आपदा में सड़क, पुल और जल आपूर्ति योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। हमारे जिन साथियों की जीवन लीला समाप्त हुई है, जो हमें छोड़कर चले गए हैं, उनके शवों के रिकवरी का काम जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और पुलिस की टीमें युद्धस्तर पर बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

### लाहौल में बादल फटा एक महिला बही

**काजा।** लाहौल-स्पीति की पिन वैली के सगनम गांव के बस स्टैंड के ऊपर शुक्रवार शाम बादल फट गया। बादल फटने से आई बाढ़ से एक महिला बह गई। वहीं, एक गाड़ी भी मलबे में दब गई। पुलिस की टुकड़ी को मौके पर भेजा गया। बादल फटने से भारी नुकसान होने की आशंका है।

## सर्च ऑपरेशन में 2 और शव मिले, 46 अभी भी लापता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** में आए जल प्रलय के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को दो और शव बरामद हुए हैं। ये शव दो मासूमों के हैं, जो चौहार घाटी के राजबन में सर्च अभियान के दौरान बरामद हुए।

इसके साथ ही मृतकों का कुल आंकड़ा सात पहुंच गया है। वहीं, अभी भी 46 लोग लापता हैं।

**115 घर, 23 गोशालाएं और चार पुल, तीन मछली पालन केंद्र तबाह**

शुक्रवार को लापता हुए लोगों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी रहा। समेज में 36, बागीपुल व मंडी के राजबन में पांच-पांच लोग लापता हैं। वहीं, मलाणा प्रोजेक्ट में फंसे चार कामगारों को सुरक्षित बचाया गया। लापता लोगों की तलाश के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व अन्य टीमें जुटी हैं। बुधवार रात को कुल्लू जिले में नैन सरोवर, भीमडवारी, मलाणा, मंडी के राजबन, चंबा के राजनगर और लाहौल के जाहलमा में बादल फटे थे। बादल फटने से 115 घर, 10 दुकानें, 23 गोशालाएं, 17 पुल, तीन स्कूल, दो बिजली प्रोजेक्ट, तीन मछली पालन केंद्र और एक बांध बह गया था।

### एम्स का जिक्र कर कांग्रेस को घेरा

# पहले मेडिकल शिक्षा में होता था खुलेआम धंधा : नड्डा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को नीट परीक्षा पर उठ रहे सवालों के बीच इसका बचाव करते हुए राज्यसभा में कहा कि नीट से पहले मेडिकल शिक्षा में खुलेआम धंधा होता था। उन्होंने एम्स का जिक्र कर कांग्रेस पर खूब निशाना साधा। उन्होंने मेडिकल एजुकेशन को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि नीट शुरू होने से पहले चिकित्सा शिक्षा एक खुला व्यवसाय बन गई थी।

पेपर लीक के बाद परीक्षा के लेकर उठ रहे सवालों के बीच नीट का बचाव करते हुए नड्डा ने दावा किया कि मेडिकल पीजी की सीटें पहले 8-13 करोड़ रुपए में बेची जाती थीं। नीट परीक्षा पर डीएमके के राज्यसभा सांसद एम मोहम्मद अब्दुल्ला की ओर से पेश एक निजी सदस्य प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल के दौरान नीट लाए जाने से पहले चिकित्सा शिक्षा में भ्रष्टाचार व्याप्त था। उन्होंने सदन में चर्चा के दौरान कहा कि मेडिकल शिक्षा एक व्यवसाय का अड्डा बन गई थी। वहीं, डीएमके सांसद ए राजा ने तमिलनाडु के मदुरै में एम्स के निर्माण में देरी के बारे में लोकसभा में सवाल किया। इसका जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि इसमें तकनीकी कारणों से विलंब हो रहा है। हम इसे स्वीकार करते हैं कि मदुरै में एम्स को लेकर विलंब हो रहा है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि इसे जल्द शुरू कराया जाएगा।

### छात्रों को भ्रष्टाचार से जूझना पड़ता था

**नड्डा** ने कहा कि नीट आने से पहले छात्रों को मेडिकल परीक्षा के लिए देशभर में यात्रा करनी पड़ती थी। पैसा और समय खर्च होने के अलावा छात्रों को चिकित्सा शिक्षा प्रणाली में भारी भ्रष्टाचार से भी जूझना पड़ता था। उन्होंने कहा कि प्रवेश सूची 30-45 मिनट के लिए लगाई जाती थी और बाद में कहा जाता था कि छात्र नहीं आए, इसलिए, हम इन सीटों का उपयोग अपने विवेक से कर रहे हैं।

# एक ही परिवार के चार लोग जिंदा मिले

## वायनाड हादसा: फोन की लास्ट लोकेशन से ढूंढे जा रहे शव, मरने वालों की संख्या 210 से ज्यादा पहुंची

**एजेंसी, वायनाड (केरल)**

**वायनाड** जिले के मुंडक्कई क्षेत्र में विनाशकारी भू-स्खलन के चौथे दिन सेना ने शुक्रवार को एक ही परिवार के चार लोगों को जिंदा बाहर निकाला है। यह पदवेट्टी कुन्नू में फंसे हुए थे। फंसे हुए इस परिवार के रिश्तेदारों की सूचना पर बचाव दल इलाके में पहुंचा था।

सेना के एक जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि परिवार को हवाई मार्ग से निकाला जाएगा। वहीं, मरने वालों की संख्या 210 से ज्यादा हो गई है, जबकि 264 लोग घायल हुए हैं और करीब 300 लोग लापता हैं। केरल के पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने 210 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। उधर, फोन की लास्ट लोकेशन से शव ढूंढे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मुंडक्कई क्षेत्र में बचाव अभियान जारी है। इस आपदा में 264 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 176 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, दो को अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया व 86 का जिले के विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सोशल मीडिया पर कहा कि भू-स्खलन में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के इलाज के लिए वायनाड के सरकारी अस्पतालों में आईसीयू तैयार किए गए हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि वायनाड में 9,328 लोग 91 राहत शिविरों में रह रहे हैं।



# शुचिता का उल्लंघन न पाने पर नीट यूजी परीक्षा रद्द नहीं की : सुप्रीम कोर्ट

## कहा- पेपर लीक पटना और हजारीबाग तक ही सीमित, एनटीए ढुलमुल रवैये से बचे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने शुक्रवार को हुई सुनवाई में माना कि नीट-यूजी परीक्षा के संचालन में कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ था।

साथ ही कहा गया कि पेपर लीक केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसने प्रश्नपत्र लीक की चिंताओं के कारण विवादों से घिरी नीट-यूजी परीक्षा को रद्द नहीं किया, क्योंकि इसकी शुचिता में कोई प्रणालीगत चूक नहीं पाई गई है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने 23 जुलाई को सुनाए गए आदेश के विस्तृत कारणों में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अपना ढुलमुल रवैया बंद करना चाहिए क्योंकि यह छात्रों के हित में नहीं है।

एनटीए ने 1500 से अधिक छात्रों को गलत प्रश्न पत्र दिया, फिर ग्रेस मार्क्स दिए और बाद में दोबारा परीक्षा बुलाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया के पुनर्गठन का भी आह्वान किया।

# मनाली में कुपवी के युवक का मर्डर, दो लोग गिरफ्तार

**कमलेश वर्मा, मनाली**

**मनाली** के अलेउ में शुक्रवार को दोस्त के साथ मिलकर साढू को मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है।

मृतक की पहचान सुभाष चंद पुत्र मान चंद (32) गांव ओरन, तहसील कुपवी जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में साढू राजीव कुमार निवासी बजठल, जिला शिमला व उसके दोस्त बीरबल ठाकुर पुत्र मोहर सिंह निवासी पधर जिला मंडी को गिरफ्तार कर लिया है। मनाली पुलिस को सूचना मिली कि अलेउ में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। ग्रैंड अलेऊ मनाली के मैनेजर पवन कुमार ने बताया कि मृतक सुभाष होटल में बतौर सहायक मैनेजर तैनात था। वह अपनी पत्नी व दो बच्चों सहित अपने साढू राजीव के मकान में रहता था। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज नेरचौक भेजा गया है। (अनंत ज्ञान)



**मृतक सुभाष मनाली के निजी होटल में था सहायक मैनेजर**

# केंद्र और राज्य के बीच सेतु की भूमिका निभाएं राज्यपाल : मोदी

## प्रधानमंत्री ने राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन को किया संबोधित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने राज्यपालों से शुक्रवार को आग्रह किया कि वे केंद्र और राज्य के बीच प्रभावी सेतु की भूमिका निभाएं और लोगों व सामाजिक संगठनों के साथ इस तरह से संवाद करें, जिससे वंचित लोगों को भी इसमें शामिल किया जा सके।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि राज्यपाल का पद एक महत्वपूर्ण संस्था है, संविधान के दायरे के भीतर लोगों के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों के संदर्भ में। उद्घाटन सत्र को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संबोधित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लोकतंत्र के सुचारु संचालन के लिए यह महत्वपूर्ण है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने राज्यपालों को इस संबंध में विचार करने की सलाह दी कि अपने-अपने राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में इस समन्वय को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं।




राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

# अभी नहीं खुलेगा शंभू बॉर्डर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**हरियाणा** सरकार ने शंभू बॉर्डर खोलने के संबंध में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सरकार की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए शंभू बॉर्डर पर अभी यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई अब 12 अगस्त को होगी।

पंजाब और हरियाणा सरकारों से कहा कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से संपर्क करने के लिए एक स्वतंत्र समिति गठित करने के वास्ते कुछ तटस्थ व्यक्तियों के नाम सुझाएं।

**सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार की याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित, 12 को फिर होगी सुनवाई**

किसी को भी स्थिति को बिगाड़ना नहीं चाहिए। पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपनी शिकायतें व्यक्त करने का अधिकार है और वह सभी पक्षों को शामिल करते हुए बातचीत की एक सहज शुरुआत चाहता है। पीठ ने कहा कि किसी को भी स्थिति को और बिगाड़ना नहीं चाहिए। किसानों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं, लेकिन एक राज्य के रूप में उन्हें समझाने की कोशिश करें कि जहां तक ट्रैक्टरों, जेसीबी और अन्य कृषि उपकरणों का सवाल है, उन्हें वहां ले जाएं, जहां उनकी जगह है।

### हाईकोर्ट ने एमसीडी, पुलिस और दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

# सीबीआई को सौंपी दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे की जांच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** कोचिंग सेंटर हादसे को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा आदेश जारी किया है। हादसे की जांच कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कोर्ट का मानना है कि इसमें सरकारी कर्मचारियों का भ्रष्टाचार भी शामिल हो सकता है। बीते शनिवार को दिल्ली के राजेंद्र नगर की एक कोचिंग सेंटर में बड़ा हादसा हो गया था, जिसमें तीन स्टूडेंट्स की मौत हो गई थी। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित करना होगा। इसके लिए सीवीसी को आदेश दिया गया है। जांच में नामित अधिकारी यह तय करेगा कि कोचिंग हादसे की जांच समय से पूरी की जा सके और इसमें किसी तरह की देरी न हो।

**कहा- हम आदेश पारित करते और आप नहीं करते हैं पालन**

वहीं, कोर्ट ने दिल्ली सरकार, पुलिस और एमसीडी को फटकार लगाई है। एमसीडी को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि हम तो बस आदेश पारित करते हैं, लेकिन आप लोग उस पर अमल तक नहीं करते। एक आदेश ऐसा नहीं है, जिसका पालन हुआ हो। आपके विभाग में तो कानून का कोई सम्मान ही नहीं है। आपको एक ऐसा सिस्टम बनाना चाहिए जहां पर लोग आएं और आपको फीडबैक दें।




## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा मंडल रोहडू की बैठक आयोजित



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** भारतीय जनता पार्टी रोहडू मंडल की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष शशि रावत की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस रोहडू में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा नेत्री व पूर्व भाजपा प्रत्याशी रोहडू शशिबाला विशेष रुप से मौजूद रही। इस अवसर पर मंडल महामंत्री राजकुमार शरवाण व विजय मेहता, महिला मोर्चा जिला महासू अध्यक्ष आशा रिठवाण, उपाध्यक्ष डॉ. जगदीश शुक्ला, युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम चौहान, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजा मेहता सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग के तहत व्याख्यान किया प्रस्तुत

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी महाविद्यालय की करियर काउंसलिंग सैल द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग के तहत एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अंजलि जी उपस्थित थी। इसमें मुख्यातिथि के रूप में डीएवी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर रोशन लाल विशिष्ट एवं करियर काउंसलिंग सेल के संयोजक विनोद गुप्ता उपस्थित रहे। अंजलि ने कहा कि सफल होने के लिए स्वंय की क्षमता के बारे में जानकारी होना अत्यत आवश्यक है। जीवन के सभी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निजी एवं व्यवसायिक जीवन के मध्य तालमेल बनाए रखना जरूरी है ।



### सचिवालय में संपन्न हुई लोक लेखा समिति की बैठकें



**अनंत ज्ञान, शिमला।** लोक लेखा समिति की बैठकें सभापति अनिल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इन बैठकों में डॉ. हंस राज, बलबीर सिंह वर्मा, संजय , जीत राम कटवाल, डॉ. जनक राज, मलेन्द्र राजन, केवल सिंह पठानियां व कैप्टन रणजीत सिंह राणा सदस्यों ने भाग लिया। इन बैठकों में भारत के नियन्त्रक महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों पर आधारित तीनों क्षेत्रों (राज्य के वित्त, सामाजिक, सामान्य एवं आर्थिक क्षेत्रों, राजस्व क्षेत्र) पर लम्बित स्वयं-मेव, मूल प्रतिवेदनों एवं कार्रवाई प्रतिवेदनों के उत्तर, सूचनाओं पर आधारित मुख्य सचिव एवं प्रधान सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला का मौखिक साक्ष्य किया और लम्बित कार्यो से सम्बन्धित विषयों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त समिति के सहयोगार्थ प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा), हिमाचल प्रदेश, शिमला भी उपस्थित रहे।

### रिसोर्स पर्संस की ट्रेनिंग का शिमला में आगाज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा समग्र शिक्षा के सहयोग से 'पहली शिक्षक मां' कार्यक्रम के तहत रिसोर्स पर्सस के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज को एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव स्टाफ ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, सांगटी शिमला में हो गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 6 जिलों के रिसोर्स पर्सस को ट्रेनिंग दी जा रही है, जो प्री-प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों की माताओं को सिखाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियां का प्रशिक्षण देंगे। कार्यक्रम में रंजना कुमारी बतौर संयोजक, रितु पूरी सह संयोजक और पूर्व प्राथमिक ( प्री-प्राइमरी) के राज्य संयोजक दलीप वर्मा, प्रथम एनजीओ के स्टेट हेड जोगिंदर शर्मा सहित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, किन्नौर और शिमला जिलों की डाइटों के कार्यक्रम संयोजक, प्राथमिक स्कूलों के शिक्षक, प्रथम एनजीओ से कुलदीप सिंह, केवल कृष्ण, जागृति सहित 72 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इसके बाद दूसरे बैच के लिए 5 अगस्त से 6 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री का अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा राहुल गांधी की सोच को बढ़ावा : विजय कुमार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार ने तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी द्वारा प्रदेश में बड़े स्तर पर अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देना राहुल गांधी की अप्रेंटिसशिप के प्रति सोच को बढ़ावा देना बताया है। प्रेस को जारी अपने वक्तव्य में युकां प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने युवाओं को 1 साल का अप्रेंटिसशिप एक लाख रुपए सालाना देने का वादा किया था, परंतु किसी कारण केंद्र में सरकार नहीं बन सकी। राहुल गांधी की इस सोच को आगे बढ़ाते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री ने अप्रेंटिसशिप को बढ़ावा देने का जो निर्णय लिया है, वह सराहनीय है। प्रदेश सरकार का कोई भी विभाग या निजी कंपनी, जिसमें न्यूनतम 30 कर्मचारी हैं, वहां कुल कर्मचारी संख्या के 10 प्रतिशत के बराबर अप्रेंटिसशिप कराने से प्रदेश में दक्ष युवाओं की फौज खड़ी होगी। इससे उन्हें अपना मनपसंद रोजगार ढूंढने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण समय में युवाओं को 6000 न्यूनतम प्रतिमाह दिया जाएगा एवं इस वर्ष लगभग 10000 युवाओं को अप्रेंटिसशिप कराई जाएगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री का यह निर्णय काबिले तारीफ है एवं राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाता है। तकनीकी शिक्षा मंत्री के इस निर्णय से युवा सशक्त होंगे।

### विवेक कुमार ने मुकड़ाना में सुनीं जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विवेक कुमार ने रोहल पंचायत के मुकड़ाना गांव में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने लोगों को सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही इस क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही सड़क की समस्या को दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने पिछली दफा आया था और लोगों ने सड़क समस्या के बारे में अवगत करवाया था, लेकिन अब इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस झंडूता के अध्यक्ष सतीश चंदेल, केडी गौतम, जगदीश, अनिल कुमार, रमेश शर्मा, संजू सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### घुमारवीं में 13 ग्राम चिट्टे के साथ युवक काबू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** नशा माफिया के खिलाफ घुमारवीं पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इस कड़ी में बीती रात पुलिस ने एक युवक से 13 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस द्वारा युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा उसे मौके से गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वीरवार रात को गश्त के दौरान पुलिस टीम बल्लू के पास पहुंची। इस दौरान भगेड की तरफ से एक कार आई, कार चालक पुलिस की टीम को देखकर घबरा गया। जिस पर गस्त कर रही पुलिस टीम को शक हुआ। पुलिस टीम ने युवक को तलाशी के लिए रोका। इस दौरान युवक ने जेब से एक पुड़िया निकाल कर फेंक दी। पुलिस ने फेंकी हुई पुडिया बरामद कर ली। जांच करने पर पुड़िया में 13 ग्राम चिट्टा पाया गया। आरोपी की पहचान रवि कुमार गांव कुलारू के रूप में हुई है। पुलिस थाना घुमारवीं में युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी भाग सिंह ने बताया कि इस मामले में गहनता से छानबीन कर रहे हैं।

### सिक्योरिटी गार्ड्स के लिए इंटरव्यू 7 अगस्त को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड्स के 100 पदों के लिए 7 अगस्त को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में 10:30 बजे से इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। सिक्योरिटी गार्ड्स के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं व जमा दो पास है तथा मासिक मानदेय 16500 से लेकर 19500 होगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलोग्राम होना चाहिए। 19-40 आयुवर्ग के केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 7 अगस्त को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में पहुंच कर इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार का रोजगार कार्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर के अधिकारी को 8558062252 पर संपर्क कर सकते हैं।

## सुबह 6 बजे से दिनभर चला सर्च ऑपरेशन, प्रशासन ने परिजनों को दी फौरी राहत

# समेज में परिजन अपनों की तलाश में गमगीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अपनों की तलाश में रोती हुई एक महिला।

रामपुर के समेज में परिजन अपनो की तलाश में गमगीन है। परिजनों के आंसू थम नहीं रहे है। सरकार और प्रशासन से परिजन लापता हुए लोगों को ढूंढने की मांग कर रहे ही। समेज में चल रहा बचाव कार्य दूसरे दिन सुबह 6 बजे से आरंभ कर दिया गया।

इस मौके पर एसडीएम रामपुर निशांत तोमर पहुंचकर बचाव कार्य का निगरानी कर रहे है। वहीं समेज में आपदा प्रभावितों को राहत राशि कर दी गई है। जिला प्रशासन ने अभी तक 20 परिवारों को फौरी राहत राशि दी है। हर परिवार को 15 हजार रुपए दिए गए है। अभी तक तीन लाख रुपए जारी कर दिए गए।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि इसमें पीड़ित और प्रभावितों दोनों को फौरी राहत राशि जारी कर दी है। एक अगस्त देर शाम को ही राशि वितरित कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन तीव्र गति से चला हुआ हैं। आज मौसम साफ है और ऐसे में राहत कार्यों के लिए काफी सही है। हमारा लक्ष्य हर लापता को ढूंढने का है। रेस्क्यू टीम में अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। लापता लोगों को ढूंढने के लिए रेस्क्यू कार्य दिन के समय जारी रहा।

जिलाधीश कुल्लू तोरुल रवीश भी मौके पर पहुंचे है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्कूल न्यू कुंदन को अन्य सरकारी भवन में शिफ्ट करने के आदेश दिए गए है। जिलाधीश ने आदेश दिए है कि उपायुक्त स्थान का चयन किया जाए और माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के बच्चों को भी अन्य स्कूल शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला क्षेत्र के अधीन आने वाले प्रभावितों और पीड़ितों को अंतरिम फौरी राहत राशि जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 1 लाख 25 रुपए की राशि वितरित की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल करने को तीव्र गति से काम चला है। इस नौके पर एसडीएम निरमंड मनमोहन सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### समेज स्कूल के 8 बच्चों का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

**रामपुर** समेज स्कूल के 8 बच्चों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा है। परिजनों को अभी भी बच्चो का इंतजार है। परिजन की यही पुकार है की उनके बच्चे कब मिले। हिमाचल में बुधवार की रात अपने साथ प्रदेश में तबाही लेकर आई। जिसकी चपेट में कई जिंदगियां आ गई। रामपुर में बादल फटने की घटना के बाद समेज में 36 लोग बाढ़ में बह गए, जिनमें 8 छात्र भी लापता हैं। जिनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। ये सभी छात्र समेज में ही रहते थे। इनमें से 6 छात्र समेज के स्थानीय निवासी हैं। जबकि 2 छात्र प्रवासी हैं।

समेज में ऐसा कहर बरपाया कि गहरी नींद में सो रहे लोगों को अपने साथ बहा ले गया। एसडीएम रामपुर निशांत तोमर ने बताया कि रामपुर के समेज में बादल फटने की घटना के बाद से 36 लोग लापता हैं। जिनमें 8 छात्र भी मौजूद हैं। प्रशासन द्वारा घटनास्थल पर रेस्क्यू एवं सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## त्रासदी से निपटने के लिए हिमाचल को उपलब्ध करवाए जाएंगे संसाधन : मोदी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान जयराम ठाकुर।

नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले और तीसरी बार देश का नेतृत्व करने के लिए बधाई दी। जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री को हिमाचल प्रदेश में आई त्रासदी की पूरी जानकारी दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस त्रासदी से निपटने में हिमाचल प्रदेश का सहयोग करने का पूरा भरोसा देते हुए बताया कि राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ समेत अन्य केंद्रीय बलों को लगाया गया है। त्रासदी से निपटने के लिए भविष्य में जिस भी संसाधन की आवश्यकता होगी, वह भी तत्काल उपलब्ध करवाई जाएगी।

प्रधानमंत्री महोदय ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों से भी राहत और बचाव कार्य में जुटकर प्रभावितों की हर संभव मदद करने का आह्वान किया। जयराम ठाकुर ने आपदा राहत और बचाव कार्य के लिए हिमाचल प्रदेश को सहयोग करने के लिए धन्यवाद भी दिया।

## शिमला में पेड़ गिरने से पांच गाड़ियों को नुकसान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी में फिर से आफत की बारिश बरसना शुरू हो गई है। शहर के खलीनी वार्ड में दो पेड़ गिरने से करीब तीन घंटे यहां पर यातायात बंद रहा, हालांकि सुबह ऑफिस टाइम में कर्मचारियों ने पेड़ों को हटा दिया था। वहीं, विकासनगर में इस बरसात में एक ही जगह तीसरा पेड़ गिर गया है, जिससे यहां पर तीन गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है और एक गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नुकसान लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## कोट-कायना व झड़ग पंचायत की एक सड़क बस चलने योग्य हुई पास

**दशमी रावत, जुब्बल**



बस को रवाना करने के दौरान गणमान्य।

उप चुनाव के बाद जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में अब तक रिकॉर्ड 81 सड़कें व कांग्रेस सरकार के गठन के 16 महीनों में 61वीं सड़क सफलतापूर्वक बस योग्य पास हुई है।

हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से शुक्रवार को कोट-कायना व झड़ग पंचायत की एक संपर्क सड़क मार्ग बस योग्य पास हुई है, जिसमें दोची से बाड़ी-अस्तांदली-मड़कांदली संपर्क सड़क और पंचायत घर झड़ग से ब्राक्टा बस्ती संपर्क सड़क मार्ग की प्रशासन द्वारा सफलतापूर्वक पासिंग की गई है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के उप चुनाव 21 नवम्बर, 2021 में संपन्न होने व उनके निर्वाचित होने के बाद अब तक जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 81 सड़कों की सफलतापूर्वक पासिंग हो गई हैं। जिसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार के 5 साल के कार्यकाल के दौराध पूरे विधानसभा क्षेत्र में मात्र 5 सड़कों की ही पासिंग हो पाई है और क्षेत्र में सड़कों की दुर्गति बनी रही। इस अवसर पर तहसीलदार जुब्बल गुरमीत नेगी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी व हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## बीएनबी और होम स्टे संचालकों से व्यावसायिक दर वसूलने का विरोध

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बीएनबी एवं होमस्टे एसोशिएशन ने राज्य सरकार की प्रस्तावित इस नीति का विरोध किया है कि राज्य के बीएनबी तथा होम स्टे संचालकों से बिजली, पानी एवं गारबेज की व्यावसायिक दरें बसूली जाए।

संघ का एक प्रतिनिधि मंडल निदेशक पर्यटन विभाग मानसी सहाय से मिला। संघ का कहना है कि यदि व्सवसायिक दरों को लागू किया गया तो प्रदेश में चल रहे हजारों ऐसे संस्थान न केवल बंद हो सकते हैं तो वहीं हजारों बेरोजगार हो सकते हैं। निदेशक मानसी सहाय ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्ण विचार किया जाएगा। संघ द्वारा सौंपे गए मांगपत्र में मांग की गई है कि बीएनबी तथा होमस्टे पर बिजली,पानी, प्रोपर्टी तथा गारबेज पर व्यवसायिक दरों को न थोपा जाए।

## सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए आउटसोर्स कर्मी।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सैहब सोसाइटी वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने मांगों को लेकर डीसी कार्यालय शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, जिला सचिव रमाकांत मिश्रा, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर सैहब सोसायटी, आउटसोर्स व सफाई कर्मियों की मांगों का हल तुरंत न हुआ तो मजदूर 15 अगस्त के बाद बेमियादी आंदोलन शुरू करेंगे व शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप्प कर देंगे। उन्होंने हैरानी व्यक्त की है कि नगर निगम प्रशासन सैहब के बाय लॉज के खिलाफ कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जो ढाई करोड़ रुपए नगर निगम घरों की मैपिंग हेतु क्यूआर कोड स्कैनिंग के लिए खर्च करना चाहता है उतने पैसे में 150 अतिरिक्त मजदूरों की भर्त्ती हो सकती है जिस से शहर को और ज़्यादा स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी व कार्यरत मजदूरों पर काम का बोझ घटेगा। नगर निगम प्रशासन सरकारी पैसे का दुरुपयोग करना चाहता है जिसे सहन नहीं किया जाएगा।

## नुकसान का जायजा लेने रामपुर पहुंचे राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल रामपुर पहुंचे जहां भारी बारिश के कारण काफी नुकसान हुआ था। बिंदल ने बताया की एनडीआरएफ, पुलिस और दमकल विभाग की मदद से लापता लोगों की तलाश की जा रही है। इसके अलावा प्रभावित क्षेत्र में ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। केंद्र सरकार और केंद्र नेतृत्व भी इस पूरी घटना को लेकर सतर्क है और लगातार सरकार के साथ संपर्क में है। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित परिवारों का कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याएं भी सुनी। बिंदल ने सभी पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भी पहुचाई और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोगों को मदद में हाथ बढ़ाया। इस दौरान बिंदल ने साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, विजय गुप्ता, कुलबीर उपस्थित रहें।

# बिलासपुर को चिट्टा मुक्त करने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान: एसपी

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पुलिस विभाग की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन

**शुभम राही, बिलासपुर**



जिला मुख्यालय के बचत भवन में उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक की अध्यक्षता में पुलिस विभाग की ओर से जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि बिलासपुर जिले को चिट्टा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में चिट्टा तस्करों को पकड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है। बैठक में युवाओं को नशे के गिरफ्त से रोकने, नशे की प्रवृति को बढ़ावा देने वालों को रोकने, स्कूलों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने सहित विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से जिला को नशा मुक्त करने के लिए चर्चा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने जिला में चिट्टा के सेवन से बढ़ते आपराधिक घटनाओं पर पर चिता जाहिर करते हुए कहा कि नशे से न केवल एक पीढ़ी पूरी तरह बर्बाद हो जाती है। बल्कि उसका असर पूरे परिवार व समाज पर भी पड़ता है। जिला को नशा मुक्त बनाने के कार्यक्रम का ध्येय नशे की समस्या से निवारक के रूप में काम करना व लोगों को नशे की लत के बारे में जागरूक करना है। उपायुक्त ने बताया कि बिलासपुर में ऊना जिला के सफल मॉडल गुंजन एनजीओ के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान चलाने के लिए बातचीत चल रही है और जल्द ही गुंजन एनजीओ जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि एनजीओ के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ बचाव मुहिम भी चलाई जाएगी, जिसके अंतर्गत छठवीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा और कॉलेज जाने वाले छात्रों को नशा से दूर रखने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इसमें बच्चों के परिवार के साथ अध्यापकों और छात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अतिरिक्त नशे का शिकार हुए लोगों को पुनर्वास के लिए भी एनजीओ कार्य करेगी। (अनंत ज्ञान)

### एसपी तक सीधे पहुंचेगी सूचना

**एसपी** कार्यालय की ओर से 76509- 50401 मोबाइल नंबर जारी कर दिया है जिसमें नशे की प्रवृति को बढ़ावा देने वालों, नशीले पदार्थो बेचने वालों के बारे में सीधे सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि जारी नंबर पर सूचना मिलने पर तुरंत एक्शन होगा।

## हिमाचल प्रदेश को बनाएंगे एडवेंचर स्पोर्ट्स का हब : डॉ . नोबेल शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन गोविंद सागर झील के नजदीक मंडी भराड़ी फोरलेन पुल के पास किया गया। इसमें विशेष रूप से हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रदेश सचिव नियुक्त डॉक्टर नोबेल शर्मा ने शिरकत की।

गोविंद सागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संस्थापक निर्मला राजपूत एवं हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर ने नोबेल शर्मा को स्मृति चिन्ह एवं माता श्री वैष्णो देवी से लाई चुनरी देकर सम्मानित किया।

डॉक्टर नोबेल शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश को एडवेंचर स्पोर्ट्स हब बनाना है। हिमाचल प्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभरने के लिए हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संस्थापक इशान अख्तर की अध्यक्षता में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ट्रैकर्स, पर्वतारोहियों और रोमांच प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है। साहसिक खेल जैसे ट्रैकिंग, पर्वतारोहणऔर हेली-स्कीइंग, हैंग ग्लाइडिंग, स्कीइंग, वॉटर स्कीइंग सहित रिवर राफ्टिंग, फिशिंग, गोल्फ कोर्स इत्यादि स्पोर्ट्स को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रोत्साहित किया जाएगा।

डॉक्टर नोबेल शर्मा ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ खिलाड़ियों को भी इन खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर एशियन राफ्टिंग खिलाड़ी दीक्षा ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, बलबीर सिंह, हेम राज ठाकुर, इम्तियाज खान इत्यादि मौजूद रहे।

### बाल स्कूल घुमारवीं में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

**बिलासपुर।** उपमंडल स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल घुमारवीं के मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम गौरव चौधरी ने इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि प्रातः 11:00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्र घुमारवीं के मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा, जिसमें पुलिस, होमगार्ड तथा विभिन्न स्कूलों की एनसीसी, एनएसएस की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर भारतीय के लिए 15 अगस्त का दिन बेहद खास होता है। इस दिन ही देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी। ऐसे में हर साल इस दिन को काफी धूमधाम से मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## बरठीं के लोगों को जल्द मिलेगी सीवरेज सुविधा : विवेक कुमार



**निक्कू राम, बरठीं**

प्रदेश कांग्रेस महासचिव झंडूता विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता विवेक कुमार की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इस दौरान झंडूता विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई।

विवेक ने बताया कि बरठीं के लोगों को जल्द ही सीवरेज सुविधा मिलेगी। सरकार की ओर से उठाऊ पेयजल स्कीम जल शक्ति विभाग व सीवरेज स्कीम के लिए 27 करोड़ की डीपीआर को अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। नाबार्ड से इस प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित विभाग की ओर से आगामी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। प्रोजेक्ट को स्वीकृति देने के लिए उन्होंने सीएम का आभार जताया। विवेक ने कहा कि जैसे ही नाबार्ड की स्वीकृति आएगी तो बरठीं में इन योजनाओं के कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री के साथ क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई है। आगामी भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। इस दौरान मानेंद्र सिंह चंदेल, सुरेश नेगी, राकेश मैहत्ता, पंकज राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**सरकार ने सीवरेज स्कीम के लिए 27 करोड़ की डीपीआर की मंजूर**


**कार्यालय ग्राम पंचायत लोअरकोटी**
**विकास खंड रोहड़ू, जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लोअरकोटी विकास खंड रोहड़ू, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 03-08-2024 से 08-08-2024 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 10-08-2024 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का विवरण:-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 टाइलें / इंटरलॉक टाइलें हर प्रकार की, 9 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 10 पेंट व पुटी, 11 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 12 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 13 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्र प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्ते दिनांक 10-08-2024 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत लोअरकोटी, विकास खंड रोहडू , जिला शिमला हि.प्र**

# डिपुओं में सर्वर ठप, साढ़े 19 लाख राशन कार्डधारक परेशान

## राशन बगैर लौट रहे कार्डधारक, बरसात में डिपुओं में खराब हो रहा राशन

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में राशन डिपुओं में सर्वर न चलने के कारण उपभोक्ताओं को राशन का वितरण नहीं हो पाया है, जिस कारण बरसात के मौसम में डिपुओं में राशन खराब हो रहा है। प्रदेश में साढ़े 19 लाख राशन कार्ड धारक हैं, जिसके चलते इन सभी कार्ड धारकों को डिपुओं से राशन लेने में दिक्कत पेश आ रही है। राशन कार्ड धारकों के साथ साथ प्रदेश में 5200 डिपो संचालकों को भी परेशान होना पड़ रहा है।

राशन कार्ड धारक हर रोज डिपुओं में राशन लेने के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन डिपुओं में सर्वर न चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर न चलने के कारण राशन डिपो संचालकों को भी लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। डीपो संचालक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने बताया कि सरवर न चलने की शिकायत विभाग और मुख्यमंत्री से कर चुके हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। अशोक कवि ने बताया कि जो डिपो संचालक इस राशन का उपभोक्ताओं को वितरित नहीं कर पाए हैं। इससे सीधा-सीधा नुकसान डिपो संचालक को हो रहा है।

क्योंकि डिपो संचालक निगम के गोदाम से अपना पैसा खर्च करके सारा राशन लाते हैं। इस राशन की बिक्री से जो कमीशन डिपो संचालक को मिलना था वह भी नहीं मिल पाएगा। इस तरह की सबसे ज्यादा समस्या कांगड़ा, चंबा, मंडी और कुल्लू जिले में आ रही है। वहीं सर्वर न चलने पर हमीरपुर के खाद्य आपूर्ति विभाग ने निर्णय लिया है कि जिन उपभोक्ताओं को सर्वर खराब होने के चलते राशन जुलाई माह में नहीं मिल पाया है। उन्हें अगस्त माह में राशन का वितरण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### जल्द हो समस्या का हल

राशन डिपो हमीरपुर में राशन लेने पहुंची अभिलाषा, मीना कुमारी और सुशीला कुमारी ने बताया कि वे राशन लेने के हर दिन डिपो आ रहे है, लेकिन उन्हें सर्वर ठप होने के चलते बिना राशन के ही घर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सर्वर को ठीक करवाया जाए ताकि लोगों को समय पर राशन मिल सके।

पिछले कुछ दिनों से डिपो के सर्वर में समस्या चल रही है, जिसके कारण राशन डिपो में राशन का वितरण से ही ढंग से नहीं हो पा रहा है। लोगों की सहूलियत के लिए जुलाई माह का राशन अब लोगों को अगस्त माह में वितरित किया जाएगा। सर्वर न चलने के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है, जल्दी ही समस्या का समाधान होगा।

**-अरविंद शर्मा (जिला खाद्य आपूर्ति विभाग, अधिकारी)**

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम ने मदद का आश्वासन दिया : कंगना



**नई दिल्ली।** मंडी से भाजपा सांसद कंगना रणौत ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत दुखद बात है। पहाड़ों में रहने वाले लोगों का जीवन कठिन है। हर साल ऐसी त्रासदियां आती हैं और हिमाचल के लोगों की जान-माल को नुकसान पहुंचाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी बातों की रिपोर्ट ली है और आश्वासन दिया है कि राहत कोष से और मदद की जाएगी। मैं भी अलग-अलग मंत्रियों से मिलकर यथासंभव मदद मागूंगी। यहां मेरा काम पूरा होने के बाद मैं हिमाचल में लोगों से उनके कठिन समय में मिलने जाउंगी।

### भाजपा के कार्यकर्ता बचाव कार्यों में जुटे : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में गत दो दिनों में बादल फटने के कारण आई आपदा की घटनाएं अत्यंत दुखदाई है। कल प्रातः 8 बजे से ही भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में लग गए थे। मंडी जिला के पद्धर इलाके के राजपुरा गांव में बादल फटने के कारण आवागमन बाधित हो गया। भाजपा के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर पैदल चलकर अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और लगातार वहीं पर रहते हुए राहत कार्यों में लगे रहे। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर अपनी टीम के साथ मनाली से लेकर कुल्लू, भूंतर, मणिकर्ण और मलाणा तक पहुंचे। उनके साथ बंजार के विधायक सुरेन्द्र शौरी भी मौजूद रहे। डॉ. बिंदल ने कहा कि पूरे प्रदेश के सभी भाजपा नेता अपने-अपने स्थानों पर राहत कार्यों में सहयोग करेंगे।



### तकनीकी शिक्षा मंत्री बेतुकी बयानबाजी कर रहे : गर्ग

**बलवंत कमल, दधौल।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पांच बार सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री द्वारा दिए बयान पर पलटवार किया है। गर्ग ने कहा कि अनुराग ठाकुर लगातार 5वीं बार सांसद बनकर संसद पहुंचे हैं, वह संसद की मर्यादा भली-भांति जानते हैं और संसद में क्या बोलना है और क्या नहीं बोलना चाहिए ये भी जानते हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री केवल अपने आकाओं को खुश करने के लिए बेतुकी बयानबाजी कर रहे हैं। संसद में सांसद अनुराग ठाकुर ने मर्यादा में रहकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति हिंदुस्तान में सबकी जाति पूछ सकता है, उसकी जाति पूछने में क्या गड़बड़ी है। साथ ही पूछा कि यदि जाति पूछना अपमान है तो वह जातिगत जनगणना कैसे कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जब अपना विषय रखा तो किसी का नाम नहीं लिया और कहा कि जिसकी जाति का पता नहीं, वह गणना की बात कर रहे हैं तो एक ही व्यक्ति को बुरा लगाए जबकि सदन में सैकड़ों सदस्य हैं।

### सीएम को बुलानी चाहिए सर्वदलीय बैठक : बलदेव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने कहा कि पिछले वर्ष भी भारी त्रासदी बरसात में हुई थी तथा इस बार भी जिस प्रकार से हिमाचल में बाढ़ से सैंकड़ों लोगों की जान गई और हजारों करोड़ की संपति का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस विषय में मुख्यमंत्री को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए व केंद्र से हिमाचल को स्थाई आपदा प्रभावित राज्यों की सूची में शामिल करने की सिफारिश करनी चाहिए। भाजपा के चारों लोकसभा सांसदों को लोकसभा में और तीन राज्यसभा सांसद तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को राज्यसभा में हिमाचल की आपदा को लेकर आवाज उठानी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा स्पेशल पैकेज हिमाचल को राहत के तौर पर मंजूर करवाना चाहिए।



### पांवटा साहिब में दो लोगों के शव बरामद

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पुलिस चौकी सिंघपुरा पर सूचना मिली कि मेहरुवाला खाला में दो व्यक्तियों के शव मिले है, पुलिस टीम मेहरुवाला खाला पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक के नाम पते क्रमशः नाथी राम पुत्र रीठु राम उम्र 32 वर्ष व संदीप पुत्र रीठु राम निवासी गांव मेहरुवाला भुड्डी डाकघर भंगानी तहसील पांवटा साहिब जिला सिरमौर उम्र 30 वर्ष के रूप में पहचान हुई। मौके पर मृतकों के परिवार वालों से पूछताछ अमल में लाई जा रही है जिनके बयान दर्ज कर लिए है। दोनों युवकों की मौत का कारण बरसाती नाले से हुई लग रहा है।

### नालागढ़ ओल्ड बस स्टैंड में मृत मिला युवक

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ के ओल्ड बस स्टैंड स्थित शौचालय में एक युवक संदिग्ध अवस्था में मृत मिला। युवक की पहचान दिनेश निवासी खिल्लियां नालागढ़ से हुई। शुक्रवार सुबह एक युवक शौचालय में गया था जिसने अंदर से दरवाजा बंद किया था जब काफी देर तक युवक बाहर नहीं आया तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर जब दरवाजा खोला तो युवक बेसुध पड़ा हुआ था। पुलिस की शुरूआती जांच में नशे की ओवरडोज सामने आई है। पुलिस ने शव कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी राकेश रॉय ने बताया कि शव को कब्जें में ले लिया है और मौत के असल कारण का पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा।

### मदद के लिए आगे आया आरएसएस



**अनंत ज्ञान, शिमला।** रामपुर से जारी कुछ सेवा चित्र व वीडियो सामने आए जिसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) एवं सेवा भारती के स्वयंसेवकों द्वारा पीड़ित परिवारों के लिए रोजाना उपयोग की सभी वस्तुओं को पीड़ितों तक पहुंचाया जा रहा है। सभी सेवकों द्वारा बर्तन, गद्दे, राशन, कपड़े, जूते सभी प्रकार की वस्तुओं को पर्याप्त मात्र में रामपुर पहुचाए गए।

# जल शक्ति विभाग को अब तक 196 करोड़ का नुकसान : अग्निहोत्री

## कहा, अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश किए हैं रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में गत वर्ष जो बाढ़ और तेज बारिश से नुकसान हुआ उसके जख्म अभी भरे नहीं है। इस बरसात में जिस प्रकार से भारी बारिश कुछ स्थानों पर हो रही है और जो नुकसान हो रहा है यह दुखद है।

उन्होंने कहा कि मेरा सभी से आग्रह है कि इस समय सतर्क रहे, बचाव करें, सरकार ने समूचे हिमाचल में 24 घंटे मदद के लिए आपदा प्रबंधन के अधिकारी तैनात किए हैं, उनकी सूची जारी की है। किसी भी दिक्कत में कभी भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बारिश में कोई भी रिस्क न ले, जान जोखिम में न डालें, सतर्कता से रहे, वाहन चालक भी सफर के दौरान लैंड स्लाइडिंग का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि पंचायत स्तर पर ऐसे पॉइंट्स को देखें जहां नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे घर जो खतरे की जद में हो सकते हैं वहां से लोगों को सुरक्षित स्थान पर निकालने का प्रशासन प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि पर्यटक किसी भी ऐसे क्षेत्र में न जाए जहां बारिश से रास्तों को नुकसान हो सकता है।




### गत दिवस की बारिश से 44 करोड़ का नुकसान



मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में बादल फटने- से जल शक्ति विभाग को अब तक 196 करोड़ का नुकसान हो चुका है। अकेले गत दिवस की बारिश से 44 करोड़ का नुकसान हुआ और 352 योजनाएं प्रभावित हुईं। शिमला के मत्याना क्षेत्र की कुर्पन योजना को बड़ा नुकसान हुआ है। इसके पम्प हाउस, मशीनरी और पाइप्स के बहने से दस करोड़ का नुक्सान हुआ है। रामपुर पेयजल का सोर्स एवं पाइप बहने से करीब 8 करोड़ की चपत विभाग को लगी है।

अफसरों व कर्मचारियों की आगामी आदेशों तक सारे अवकाश रद रहेंगे। कुल प्रभावित 2421 स्कीमों में 1438 बहाल हो चुकी है।

# उपमुख्यमंत्री ने कुर्पन में लिया नुकसान का जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बादल फटने से बागी पूल, मतियाना, कुमारसैन, सैंज, कुर्पन खड्ड में जल शक्ति विभाग की पेयजल योजनाओं को हुए नुकसान का घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बागी पूल में बाढ़ से जल शक्ति विभाग को लगभग 10 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है।

उन्होंने कहा कि पेयजल योजनाओं को सुचारु करने के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी मेहनत से कार्य कर रहे है ताकि लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि कुर्पन खड्डु परियोजना पर 315 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं और योजना का निर्माण कार्य अंतिम दौर में चल रहा था। बादल फटने से आई बाढ़ ने इस योजना के पंप हाउस, मशीनरी और टैंकों का नामो-निशान मिटा दिया।

उन्होंने कहा कि इस योजना को पुनः स्थापित करने के लिए विभाग के आला अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला के मतियाना क्षेत्र की कुर्पन खड्डु पेयजल योजना के बुस्टर, इंटेक स्ट्रचर, फीडल लाईन संपवेल, पम्प हाउस, पंपिंग मशीनरी और पाइपों के टुटने और बह जाने से जल शक्ति विभाग को 10 करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है जबकि रामपुर में जल शक्ति विभाग को 7 करोड 50 लाख रुपए की 19 पेयजल योजनाओ व एक सीवरेज की लाईन को भी नुक्सान हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 19 पेयजल योजनाओं में से 4 पेयजल योजना निर्माणाधीन थी। उन्होंने अभी तक 10 पेयजल योजनाओं को पुनः चालु कर दिया गया है।



# हमीरपुर के पुरुषोत्तम बने प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला के सठवीं ग्राम पंचायत से ताल्लुक रखने वाले पुरुषोत्तम धीमान मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रिंसिपल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट बने हैं। बीते रोज उनकी प्रमोशन हुई है।

वह पिछले लंबे समय से मध्य प्रदेश में ही फॉरेस्ट विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन हिमाचल के हमीरपुर जिला के लोगों के लिए उनकी यह तैनाती नौजवानों के लिए किसी प्रेरणा से काम नहीं है।

क्योंकि पुरुषोतम धीमान ने मैट्रिक की परीक्षा गवर्नमेंट हाई स्कूल महारल से पास की। उसके बाद बीएससी फॉरेस्ट्री डॉक्टर वाईएस परमार यूनिवर्सिटी सोलन से पास की। एमएससी करने के लिए 1992 में आईएफएस में इन्होंने ज्वाइनिंग की। उसके बाद अब मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रधान मुख्य संरक्षक वन के पद पर प्रमोशन हुआ है।

सठवीं ग्राम पंचायत जिला की पिछड़ी पंचायत में गिनी जाती है। लेकिन जिस मुकाम पर पुरुषोत्तम ने अब खुद को पाया है, वह बेहद सराहनीय है। इसीलिए इलाके में पुरुषोत्तम की खूब प्रशंसा हो रही है। उनके भाई सुरेंद्र धीमान हमीरपुर में जल शक्ति विभाग से चीफ इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



**भोपाल में प्रधान मुख्य संरक्षक वन के पद पर हुआ प्रमोशन**

# सुजानपुर के विधायक की गाड़ी का कटा चालान



**हमीरपुर।** सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह राणा की गाड़ी शुक्रवार को शिमला में स्कैंडल पॉइंट के पास स्थित गियेटी थियेटर के बाहर पहुंच गई।

पुलिस की जब नजर गई, तो गाड़ी को रोका गया। फिर 1500 रुपए चालान काटकर गाड़ी नंबर (एचपी 84-1199) को छोड़ दिया गया, लेकिन विधायक की गाड़ी यदि स्कैंडल पॉइंट के आसपास इस तरीके से पहुंच जाए तो उसकी चर्चा तो होनी ही थी। बताया गया कि विधायक खुद उस समय गाड़ी में मौजूद नहीं थे। (अनंत ज्ञान)

# सरकार जनजातीय क्षेत्रों के हर वर्ग के कल्याण और समावेशी विकास के प्रति वचनबद्ध : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व,बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय जिला किन्नौर के प्रवास के पहले दिन निचार उपमंडल की ग्राम पंचायत रामणी का दौरा किया तथा रामणी पंचायत के लिए 32 लाख 36 हजार रुपए की राशि से बनने वाली जल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया।

इसके अलावा उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय रामणी के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास भी किया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने देवता सत्य नारायण मंदिर परिसर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के हर एक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है और समावेशी विकास के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि वन अधिकार अधिनियम-2006 भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार की देन है जिससे जनजातीय लोगों को वनों में सामुदायिक भागीदारी का अधिकार प्राप्त हुआ है और ग्रामीण लोगों को वनों से जीवन यापन करने में सहायता प्राप्त हुई है।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कर्मचारी कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं और इसी कड़ी के तहत कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन योजना लागू की तथा 1 लाख 37 हजार कर्मचारियों को लाभ प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने का कार्य कर रही है ताकि सरकारी कार्य प्रणाली और अधिक शीघ्रता से आगे बढ़े। (अनंत ज्ञान)



मंत्री जगत सिंह नेगी का स्वागत करते स्थानीय लोग।

# समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता: संजय अवस्थी

## अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निपटारे के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। संजय अवस्थी आज लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह अर्की में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। संजय अवस्थी ने अर्की विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से आए लगभग 120 लोगों की समस्याओं को सुना।

उन्होंने लोगों की विद्युत, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य समस्याओं को सुना और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं को निपटाने के लिए त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए ताकि लोगों की समस्याओं का निराकरण समयबद्ध किया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून के दौरान सड़कों का उचित रख-रखाव करें ताकि परिवहन व्यवस्था बाधित न हो और किसानों व बागवानों को अपनी नकदी फसलों को मंडियों तक ले-जाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि शिक्षा किसी भी विद्यार्थी के जीवन का आधार मज़बूत बनाती है और गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करना सभी का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरम्भ की गई है।



लोगों की समस्याओं का निपटारा करते मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी।

**अव्यवस्था** 122 की कैपेस्टिी में 160 खिलाड़ी, छात्रावास में नए खिलाड़ियों को नहीं मिल रही सुविधा

# स्पोर्ट्स हॉस्टल में क्षमता से ज्यादा खिलाड़ी

**शुभम राही, बिलासपुर**

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के तहत आने वाला स्टेट स्पोर्ट्स हॉस्टल इन दिनों सुविधाओं के अभाव में रहने को मजबूर हो गया है। 2023 में लास्ट 122 खिलाड़ियों की कैपेस्टिी वाला स्पोर्ट्स हॉस्टल, बिलासपुर में अब 160 खिलाड़ियों को रखने के आदेश जारी हो गए हैं। वहीं, अब खेल विभाग बिलासपुर के खिलाड़ियों के रहने के लिए काफी मुश्किलें पैदा हो रही है। प्रदेशभर से आए कुछ खिलाड़ी रहने के अभाव के चलते वापस अपने घरों को लौट लिए हैं।

यहीं नहीं, विभाग के पास कम बैड व अन्य सुविधाएं कम होने के चलते खिलाड़ियों को कई प्रकार की दिक्कतें भी पेश आ रही है। क्योंकि इस होस्टल में सिर्फ 122 खिलाड़ियों के रहने की ही सुविधाएं हैं। वहीं, यह 122 खिलाड़ी कुछ स्टेट हॉस्टल व कुछ वॉटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में रहते हैं, तब जाकर इतने खिलाड़ी यहां पर रह रहे हैं। लेकिन अब 2024 में एक बार फिर स्टेट हॉस्टल के हुए टायल के बाद अब अन्य और खिलाड़ियों को बिलासपुर भेज दिया गया है, जिससे यहां पर अब कुल संख्या 160 हो गई है।

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, बिलासपुर के तहत 'खेलो इंडिया' स्मॉल सेंटर, कब्बड़ी, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, जूडो व अन्य कई खेलें है। ऐसे में यहां पर दर्जनों खिलाड़ी प्रत्येक-प्रत्येक खेल के लिए यहां पर मौजूद हैं। वहीं, इनमें से तो कई खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना दमखम दिखा चुके हैं। ऐसे में अगर खिलाड़ियों को रहने और खाने की ही बेहतर सुविधा न मिल पाए तो फिर यह खिलाड़ी अपने गेम में किस तरह से बेहतर दे पाएंगे।

विभागीय आंकड़ों की बात करें तो इनके पास खेलो इंडिया सेंटर कब्बड़ी में 15-15, एथलेटिक्स में 15-15, बॉक्सिंग में 15-15 महिला और पुरुष खिलाड़ी है। साथ ही स्टेट हॉस्टल के तहत कब्बड़ी में 15-15, एथलेटिक्स सहित हैंडबॉल में 16 लड़के है। (अनंत ज्ञान)




**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### यह है कोच

**'खेलो इंडिया'** के तहत बिलासपुर में 3 कोच उपलब्ध है। साथ ही खेल विभाग की ओर से यहां पर 3 अन्य कोच उपलब्ध हैं। 'खेलो इंडिया' स्मॉल सेंटर के एक कोच यहां पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### 2022 में 70 खिलाड़ियों की कैपेसिटी थी

**वर्ष** 2022 में खेल छात्रावास, बिलासपुर के पास 70 खिलाड़ियों की कैपेसिटी थी। वहीं 2023 में यही कैपेसिटी 122 खिलाड़ियों तक पहुंच गई और अब 2024 की बात करें तो यहां पर 160 खिलाड़ियों की संख्या पहुंच गई है, जिससे यहां पर विभाग के लिए अब खिलाड़ियो को रखना मुश्किल हो गया है।

### एक समय पर यहां चलते हैं तीन सेंटर

बिलासपुर में एक समय पर 'खेलो इंडिया' स्मॉल सेंटर, स्टेट स्पोर्ट्स हॉस्टल, स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के खिलाड़ी यहां पर अभ्यास करते हैं। बिलासपुर के खेल मैदानों में प्रतिदिन सुबह और शाम यह खिलाड़ी अभ्यास करते हुए नजर आएंगे।

स्पोर्ट्स हॉस्टल बिलासपुर की समस्या को लेकर निदेशालय को अवगत करवा दिया गया है। जल्द ही समस्या का हल हो जाएगा। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने के लिए खेल विभाग बिलासपुर दिन-रात कार्यरत है।



**-रवि शंकर, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी, बिलासपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### संघोल का कर्ण आईटीबीपी में सब-इंस्पेक्टर



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल के अंतर्गत आने वाले संघोल गांव निवासी कर्ण भरमौरिया ने आईटीबीपी में सब-इंस्पेक्टर बन करके जयसिंहपुर क्षेत्र व अपने परिवार का नाम गौरवान्वित कर दिया है। कर्ण भरमौरिया की शुरुआती स्कूली शिक्षा जयसिंहपुर के बीके स्कूल से हुई है। इसके बाद पॉलिटेक्निक कॉलेज तलबाड़ से सिविल इंजीनियरिंग डिप्लोमा तथा बिलासपुर के चादपुर शिवा इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। कर्ण भरमौरिया के पिता ईशवर दास संघोल गांव मे छोटी सी दुकान करते हैं। माता ग्रहणी है तथा कर्ण भरमौरिया की पहली पोस्टिंग कर्नाटक में हुई है। कर्ण ने अपनी सफलता का सारा श्रेय अपने माता-पिता व अपने गुरुजनों को दिया है।

### बठरा से चोरी हुआ पिकअप ट्राला बरामद



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस चौकी डाडासीबा के अंतर्गत गांव पधां डाकघर बठरा से गत करीब एक दिन पहले चोरी हुए पिकअप ट्राले को ढूंढ निकालने में डाडासीबा पुलिस ने सफलता हासिल की है। शिकायतकर्ता शुभम निवासी पधां बठरा ने पुलिस चौकी डाडासीबा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके बलैरो पिकअप ट्राला नंबर एचपी 36 बी 8760 को कोई व्यक्ति 31 जुलाई को रात 10:30 बजे के करीब चोरी करके ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की और पहली अगस्त की रात को तलाशी अभियान चलाया। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि चारी हुए ट्राले को रणजीत सिंह उर्फ बबलू निवासी बठरा जौड़बड़ की तरफ ले गया था। उसके बाद जौड़बड़ से दौलतपुर रोड की तरफ तलाश की गई तो बटेड़ के पुराने पंचायत घर के करीब सड़क किनारे नाली में गिरा हुआ पिकअप ट्राला बरामद किया गया। पुलिस ने रंजीत की तलाश शुरू कर दी है।

### जयसिंहपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक आयोजित



**अनंत ज्ञान, लंबागांव।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर जसवंत सिंह डडवाल ने की। इस मौके पर आयुष एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसमें जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने बरसात के दिनों में हर एक कार्यकर्ता को आम जनमानस के समस्याओं को हल करने तथा किसी प्रकार की कठिनाई को दूर करने के लिए अपना सहयोग देने का आश्वासन किया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की आशा कालोतरा , नीलम ठाकुर, बिनता देवी कथा केशर कटोच, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह डडवाल ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछड़ेपन के लगे दाग को शीघ्र मिटा दिया जाएगा। जयसिंहपुर में मेडिकल ऑफिसर के ऑर्डर कर दिए गए हैं। जयसिंहपुर से दिल्ली के लिए वोल्वो बस सेवा भी जल्दी ही शुरू होने वाली है।

### बैजनाथ में हरिवंश पुराण कथा का आयोजन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में हरिवंश पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा का आयोजन शुक्रवार से 10 अगस्त तक हर रोज शाम तीन से 6 बजे तक महाराजा पैलेस बैजनाथ में किया जा रहा है । जिसमें व्यास गद्दी से शोभित आचार्य संतोष शर्मा मुख्य कथावाचक के रूप में प्रवचन दे रहे हैं। इस कथा का आयोजन माता तारापुरी महिला मंडल द्वारा किया जा रहा है। मान्यता है कि हरिवंश पुराण कथा के सुनने से वंश वृद्धि होती है तथा इस कथा का सावन मास में सुनने का महत्व तो बहुत ही ज्यादा है। हरिवंश पुराण कथा के आज पहले दिन बैजनाथ के चौबिन चौक से महाराजा पैलेस तक कलश यात्रा भी निकालीं गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### इंदौरा कॉलेज में पूर्व छात्र संघ ने की बैठक



**अनंत ज्ञान, डमटाल।** राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में पूर्व छात्र संघ सदस्यों की प्राचार्य डॉक्टर समीक्षा गुप्ता महोदया तथा सलाहकार समिति के साथ बैठक हुई। बैठक में महाविद्यालय में नेक कार्य करने के बारे में बताया और उसके समाधान हेतु विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया तथा विचार विमर्श किया गया। इस संदर्भ में सदस्यों ने कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। तथा नेक कार्य करने में सहयोग करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर छात्र संघ के प्रधान ने ओ एस ए निधि में 21000 रुपए का अनुदान दिया, इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर समीक्षा गुप्ता, ओल्ड संगठन के मेंबर्स कुलदीप शर्मा, अजीज, अभिनय, शुभम, मोहन गुरदीप तथा पंकज शर्मा उपस्थित रहे। पूर्व छात्र संघ के सचिव डॉक्टर कमल सिंह ने सभी का स्वागत किया तथा महाविद्यालय की सलाहकार समिति के सदस्यों में डॉक्टर अवस्थी, प्रोफेसर योगेश, प्रोफेसर अंजना प्रोफेसर कुलवंत परमार उपस्थित रहे।

# बेकाबू ट्रक ने पुलिस वाहन, ऑल्टो कार और बाइक को मारी टक्कर

## हादसे में गाड़ियों के उड़े परखच्चे, दो बेसहारा पशु भी गंभीर रूप से घायल

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा के हनुमान चौक के पास पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार देर रात उस वक्त खलबली मच गई, जब एक ट्रक चालक ने एक पुलिस वाहन, ऑल्टो कार, एक बाइक एवं अन्य गाड़ियों को टक्कर मार दी। ट्रक चालक ने न केवल गाड़ियों के परखच्चे उड़ा दिए, बल्कि सड़क पर गुजर रहे दो बेसहारा पशुओं को भी जख्मी कर दिया।

गमनीत यह रही की कोई पैदल राहगीर उपरोक्त ट्रक की चपेट में नहीं अया, वरना यह ट्रक चालक सड़क पर लाशें बिछा देता। कहा जा रहा है पुलिस की गाड़ी में एक कैदी को धर्मशाला की ओर ले जाया जा रहा था कि यहां हनुमान चौक पर उपरोक्त गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। ट्रक चालक ने जिन गाड़ियों को टक्कर मारी उनमें बैठ लोगों को चोटें आई हैं। ट्रक चालक कहां से है और यह हादसा कैसे पेश आया, यह तो पुलिस जांच के बाद ही तय हो पाएगा, लेकिन हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक के आगे जो भी गाड़ी आई उसे वह रौंदता हुआ चला गया।




देहरा में अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुआ पुलिस वाहन।

**पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक किया गिरफ्तार करवाया मेडिकल**

वहीं, पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी का मेडिकल भी करवाया गया है। मेडिकल की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि आरोपी ट्रक चालक नशे में वाहन चला था कि नहीं। उधर, मामले की पुष्टि डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने की है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं डीएसपी**

इस बारे में डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक का मेडिकल करवाया गया है। पुलिस ने अरोपी चालक के खिलाफ भिन्न-भिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# 8000 पोलिंग स्टेशनों पर रोपे जाएंगे 4 लाख पौधे : त्रिलोक

**पीएम मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान किया शुरू**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा प्रदेश महामंत्री व इस अभियान के प्रदेश संयोजक त्रिलोक कपूर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान 1 अगस्त से शुरू हो गया है। कपूर ने बताया कि देश के पर्यावरण एवं भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी द्वारा चलाए गए इस अभियान में हिमाचल प्रदेश भाजपा 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाएगी। भाजपा ने प्रदेश के 8000 मतदान केंद्रों पर प्रति मतदान केंद्र 50 पौधे लगाकर, 4 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



इस अभियान की विस्तार पूर्वक रिपोर्ट की जिम्मेदारी भाजपा के प्रदेश सचिव एवं इस अभियान के सहसंयोजक सुमित शर्मा को दी गई है। प्रदेश के चारों संसदीय क्षेत्र के प्रभारी और सह प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की पौधरोपण की रिपोर्ट भाजपा प्रदेश मुख्यालय में नियमित एवं निश्चित समय पर भेजने का भी विशेष पूर्वक आग्रह किया है, ताकि भाजपा मुख्यालय दिल्ली को भी हर दिन रिपोर्ट को भेजा जा सके।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने बताया कि यह अभियान सिर्फ भाजपा का नहीं बल्कि प्रदेश वासियों के सहयोग से जन जागरण अभियान बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि आज जो जलवायु परिवर्तन के कारण अत्यधिक गर्मी, लू, अत्यधिक बारिश, बाढ़, बादल फटना इत्यादि हो रही त्रासदी जैसी घटनाओं से प्रदेश और देश को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में पेड़ लगाना और बचाना ही आम आदमी की विशेष जरूरत बन गई है।

## राहुल गांधी से माफी मांगें अनुराग : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, गरली।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा नेतृत्व केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह बौखलाहट में है। भाजपा संसद के अंदर राहुल गांधी की आवाज को एक सोची समझी रणनीति के तहत दबाने का पूरा प्रयास कर रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुराग ठाकुर को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ उनकी अमर्यादित भाषा उनकी विकट मानसिकता का परिचायक है। अनुराग उस नेता से उनकी जाति पूछ रहे हैं, जिनके परिवार ने देश की एकता और अखंडता को अपने प्राण तक न्योछावर किए। अनुराग की राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक भाषा को कभी भी सहन नहीं किया जा सकता, इसलिए उन्हें तत्काल ही राहुल गांधी व उनके परिवार से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। मनकोटिया ने कहा है कि राहुल गांधी को भाजपा या अनुराग से न तो जाति के और न ही किसी अन्य प्रमाणपत्र लेने की जरूरत है।

# कम्यूट पेंशन अवधि में पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर हो बदलाव

**जवाली, अनिल छांगू**

हिमाचल प्रदेश विद्युत पेंशनर फोरम जवाली यूनिट की बैठक यूनिट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में जवाली में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर ने कहा कि पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट की तर्ज पर विद्युत बोर्ड के पेंशनरों की कम्यूट पेंशन की अवधि 10 वर्ष 8 महीने की जाए, क्योंकि कम्यूट पेंशन की अवधि को जब 15 वर्ष निर्धारित किया गया था, उस समय ब्याज दर 12 फीसदी थी, आज की तारीख में ब्याज दर मात्र पांच फीसदी रह गई है। इसी तर्ज पर पंजाब हरियाणा चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने फैसला दिया है कि पेंशनरों की कम्यूट पेंशन 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष और 8 महीने में ही काटी जाए। कोर्ट के निर्णय के बाद पंजाब, हरियाणा, गुजरात में पेंशनरों की कटौती को बंद कर दिया गया। इसी तर्ज पर हिमाचल में भी पेंशनरों की कम्यूट पेंशन कटौती को 10 वर्ष 8 महीने के बाद तुरंत बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी, 2016 से 31 मार्च, 2022 के दौरान रिटायर कर्मचारियों के संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि का तुरंत भुगतान आज दिन तक नहीं किया गया और न ही लिव इन कैशमेंट और ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान किया गया। पेंशनरों को एरियर की 50 हजार रुपए की बकाया राशि की पहली किस्त जारी भी नहीं की गई और न ही रिवाइज ग्रेच्युटी की 20 फीसदी राशि का भुगतान किया गया, जिस कारण विद्युत पेंशनरों में भारी रोष है। बिजली बोर्ड में स्थाई एमडी की नियुक्ति की जाए और बिजली बोर्ड में अन्य विभागों की तर्ज पर पुरानी पेंशन को लागू किया जाए। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार और प्रबंधक वर्ग इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाता तो मजबूरन पेंशनरों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



प्रदेश विद्युत पेंशनर फोरम जवाली इकाई के सदस्य बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में।

## राज्यसभा : 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम में 1178 शिकायतों का निपटारा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी के संसद में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में प्रत्येक महीने की 27 तारीख को 'निधि आपके निकट' कार्यक्रम का संचालन किया जाता है, जहां मौखिक या लिखित रूप से प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जनवरी से जून के बीच मिली सभी 1178 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा हिमाचल प्रदेश में कोई नया कार्यालय खोलने की योजना नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का क्षेत्रीय कार्यालय शिमला में स्थापित है जबकि बद्दी, नाहन,पालमपुर और कुल्लू में चार जिला कार्यालय कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा शिकायतों के तत्काल निपटारे के लिए शिकायत निबारण क्रियाबली गठित की गई है तथा शिकायतों के निपटारे के लिए प्रत्येक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालय में लोक संपर्क अधिकारी तैनात किए गए हैं।

# मुख्यमंत्री खुद चाहते थे जांच, अब बीजेपी पर फोड़ रहे ठीकरा : सुधीर

## विधायक ने जन्मदिन पर जदरांगल में कार्यकर्ताओं के साथ काटा केक

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने शुक्रवार को अपने जन्मदिन के मौके पर मां चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना की। उसके बाद जदरांगल में कार्यकर्ताओं के साथ केक काटने के उपरांत सुधीर शर्मा ने 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधा लगाया। इसके साथ ही उन्होंने पौधे वितरित किए।

सुधीर शर्मा ने कहा कि आज के दिन भाजपा मंडल दस हजार अलग अलग फलदार पौधे वितरित करेगा और हिमाचल में जो ईडी की रेड हुई है वो आयुष्मान कार्ड के मामले में हुई है और प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद इस मामले की जांच चाहते थे। जब जांच हो रही है तो इसका ठीकरा भाजपा पर क्यों फोड़ रहे हैं।



सुधीर शर्मा ने कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी।

धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस के निर्माण को लेकर सुधीर शर्मा ने कहा है कि उनके साथ संघर्ष समिति की मुलाकात हुई है और इस मामले में वह राज्यपाल के साथ मिलेंगे क्यों की मुख्यमंत्री ने धर्मशाला के उपचुनावों से पहले घोषणा की थी की जल्द ही सेंट्रल यूनिवर्सिटी का पैसा जमा करवा दिया जाएगा, लेकिन आज तक पैसा जमा नहीं हुआ है और धर्मशाला की जनता को उसका हक मिलना चाहिए।

वहीं, सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला के सभी रुके हुए काम पूरे करवाए जाएंगे, लेकिन हो सकता है की उन कामों को करवाने में थोड़ी देरी हो जाए। (अनंत ज्ञान)

## पुलिस के हत्थे चढ़ा मध्य प्रदेश का चोर गिरोह

**अनंत ज्ञान, गरली।** गत दिनों देहरा, हार आदि कई इलाकों में चोरी को अंजाम दे चुका मध्य प्रदेश राज्य का अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ हो चुका है। दस लुटेरो का यह गिरोह बनखंडी के एक होटल में देहरा पुलिस के हत्थे चढ़ा है, जिसमें 8 पुरुष व 2 महिलाएं शामिल हैं। उपरोक्त गिरोह पिछले कई दिनों से लगातार यहां क्षेत्र भर के होटलों में रहकर रात को चोरी करते आ रहे थे। खबर की पुष्टि करते हुए डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि गत दिनों यहां हुई चोरी की बारदातों को लेकर पुलिस ने उपरोक्त गिरोह को पकड़ने के लिए जाल बिछा रखा था। गत रात पता चलते ही स्थानीय पुलिस ने वहां होटल में ठहरे उक्त गिरोह को पकड़ने के लिए रेड डाली तो वहां दस लोगों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है।

# पानी के भारी-भरकम बिल देख उपभोक्ता हुए परेशान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

जल शक्ति विभाग बैजनाथ द्वारा जल उपभोक्ताओं को पानी के भारी भरकम बिल देने से नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला की जनता बेहद परेशान है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद ने प्रेस बयान में कहा है कि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को हजारों रुपए के बिल थमाकर परेशानी में डाल दिया है। विभाग पानी की दरों में लगातार बढ़ोतरी कर रहा है।

वर्ष 2020 तक 20 रुपए मासिक बिल आता था, 2021 से 50 रुपए और अब 165 रुपए मासिक लेकर जनता की कमर तोड़ी जा रही है। दूसरी तरफ पानी की सप्लाई भी नियमित नहीं तथा पानी कीचड़ से सना हुआ मिल रहा है। बलदेव राज सूद ने कहा कि लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने पर भी सुधार नहीं होता। लोगों ने यह भी कहा कि विभाग द्वारा नगर पंचायत के वार्ड नं 10 में खोला गया शिकायत निवारण केंद्र हमेशा वंद मिलता है। बलदेव राज सूद ने कहा कि नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला की बार्डर नं 7 की पार्षद अनीता सूद ने वताया कि गत बर्ष पानी के मूल्यों की बढ़ोतरी के विरोध में नगर पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया था जिस पर विभाग द्वारा कहा गया कि शहरी क्षेत्र के अनुसार मूल्य वृद्धि की गई है जबकि जल व्यवस्था की सेवाएं ग्रामीण से भी बदतर हैं।

बलदेव राजसूद ने मांग की है कि विभाग द्वारा पानी के दरों में की गई बढ़ोतरी को वापस लिया जाए, उपयोक्ताओं को साफ-सुथरा तथा नियमित जल दिया जाए, पानी के बिल नियमित तथा समय पर दिए जाएं तथा शिकायतों का निपटारा साथ-साथ हो अन्यथा स्वाभिमान पार्टी को जनहित में आंदोलन में उतरना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## अवैध रूप से रेत लेकर जा रहे ट्रैक्टर का चालान



**अनंत ज्ञान, डरोह।** एसडीएम धीरा द्वारा धीरा पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर अक्षैणा और तमलोह में प्रमुख अवैध खनन स्थलों का निरीक्षण किया गया है। उनके द्वारा एक नं. अवैध रूप से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर का चालान कर दिया गया। उन्होंने खनन निरीक्षक को क्षेत्र में अवैध डंपों को सील करने को कहा। इसके साथ ही 6 नं. मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किए गए।

## स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन और पुनर्निरीक्षण परीक्षा परिणाम किया घोषित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च, 2024 में संचालित की गई जमा दो (नियमित) कक्षा की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्निरीक्षण का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन, पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वैबसाईट से देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शाखाओं के दूरभाष नं0 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व 01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।




**प्रशिक्षण शिविर** रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में एनसीसी शिविर के आठवें दिन रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

# लोक नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से दर्शाई देश की संस्कृति की झलक



रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान एनसीसी कैडेट्स और अन्य।

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे 5 एचपी कॉय एनसीसी धर्मशाला के द्वितीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी 199 के आठवें दिन में कैडेट्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी को हिमाचली टोपी पहना कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाया गया। कैडेट्स ने लोक नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से हमारी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष मोदी ने इस अवसर पर अपनी प्राचीन संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा, हमारी संस्कृति बहुत पुरानी और समृद्ध है। हमें इस संस्कृति को बचाने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। हमारी संस्कृति में जो परंपराएं और रीति-रिवाज हैं, वे हमारी पहचान हैं। एनसीसी जैसे मंच हमें इस संस्कृति को जीवित रखने में मदद करते हैं और बताया कि हमारी यही संस्कृति विभिन्नता में एकता प्रदान करती है और पूरे विश्व में हमारे देश की पहचान है। सभी कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कार्यक्रम को और मनमोहक बनाया।

इस दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों ने अपनी कला को सुशोभित किया। कला कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार वितरण किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल मोदी ने सभी कैडेट्स को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार हिमाचली संस्कृति और अपने कौशल को आगे बढ़ाते रहें। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### थाना प्रभारी इंदौरा ने थाने में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** राज्य स्तरीय वन महोत्सव की मुहिम को जारी रखते हुए थाना प्रभारी इंदौरा आशीष पठानिया ने अपने स्टाफ को साथ लेकर थाना के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ और बचाए रखने के लिए पौधरोपण कर वन महोत्सव मनाया जा रहा है। इस मुहिम को प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने लोगो से आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने अपने नाम का एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल भी जरूर करे।

### केंद्रीय विवि की छात्रा रोजी बनी हिंदी प्रवक्ता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से चल रहे डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र के सत्र 2023-24 की छात्रा 'रोजी' का अंतिम चयन हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग, शिमला द्वारा आयोजित परीक्षा प्रवक्ता (स्कूल न्यू) हिंदी के पद पर हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल और केंद्र के समन्वयक व अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने रोजी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रदान की। ध्यातव्य है कि इस केंद्र में कुल 73 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन छात्रों को 4000 रुपए प्रति माह छात्रवृत्ति भी सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जाती है।

### डाइट में दी स्विफ्ट चैट ऐप की जानकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (डाइट) की ओर से शुक्रवार को धर्मशाला में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) के तहत लांच स्विफ्ट चैट ऐप की जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपनिदेशक उच्च शिक्षा कंचन ज्योति, कार्यकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अश्वनी भटट, परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नीना पुन, वीएसके शिमला के अभय और मेघना सहित जिला के 23 शिक्षा खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी व प्रोजेक्ट ऑफिसर मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि स्विफ्ट ऐप के माध्यम से ही अब स्कूल स्टूडेंटस व टीचर्स की हाजिरी लगेगी, जिस तरह से ऐप के आपरेट किया जाना है, इसकी जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल स्टूडेंट्स के अंक भी इसी ऐप के माध्यम से अपलोड किए जाएंगे। वीएसके शिमला से आए अभय और मेघना ने बताया कि स्विफ्ट चैट ऐप के तहत विभिन्न चैट बोट का इस्तेमाल स्टूडेंटस और टीचर्स की हाजिरी के लिए किया जाना है। इसी ऐप के माध्यम से स्टूडेंटस का मूल्यांकन भी किया जा सकता है।

### धर्मशाला बस स्टैंड के नामकरण पर ऐतराज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने प्रदेश सरकार द्वारा स्व. जीएस बाली के नाम पर धर्मशाला बस स्टैंड का नामकरण करने की घोषणा पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि स्व. जीएस बाली कभी भी धर्मशाला के हितेषी नहीं रहे। धर्मशाला में चलने वाले टांडा मेडीकल कॉलेज को स्थानांतरित करके धर्मशाला की जनता के हितों पर कुठारघात किया था। धर्मशाला की जनता के हितों पर हमेशा चोट करते रहे ऐसे व्यक्ति के नाम से धर्मशाला बस स्टैंड का नामकरण करना जले पर नमक छिड़कने जैसा है। अतुल भारद्वाज ने वर्तमान सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि अब धर्मशाला अड्डे के निर्माण से पूर्व ही इसका नामकरण जीएस बाली के साथ जोड़ दिया है। यह धर्मशाला के कैप्टन रामसिंह, दल बहादुर, मेजर जनरल थापा, मास्टर मितरसेन समेत कई शहीदों, प्रबुद्ध लोगों का अपमान है। वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार धर्मशाला के महान सपूतों का अपमान कर रही है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। अतुल भारद्वाज ने बताया कि इससे पूर्व सरकार ने टांडा मेडीकल कॉलेज में, पॉलिटेक्निकल कॉलेज कांगड़ा व निर्माण से पूर्व धर्मशाला बस स्टैंड का नाम स्व. जीएस बाली के नाम रख दिया।

### स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** एसडीएम कार्यालय बैजनाथ में आयोजित एक बैठक में एसडीएम देवी चंद ठाकुर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त को एसडीएम कार्यलय के प्रांगण में मनाया जाएगा। इसमें ध्वजारोहण व मार्च पास्ट सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर सुबह 9:55 बजे मुख्यातिथि का आगमन होगा और उसके बाद राष्ट्रगान की धुन के साथ मुख्यातिथि ध्वजारोहण करेंगे। मुख्यातिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी जाएगी। उन्होंने सभी से अनुरोध किया की सब इस समारोह मे हिस्सा लें।

# ईडी की जांच में दिया पूरा सहयोग : आरएस बाली

## विधायक बोले, आयुष्मान भारत घोटाला बहुत गंभीर मामला, जांच एजेंसियां कर रहीं अपना काम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली।

कांग्रेस पार्टी के विधायक आरएस बाली ने धर्मशाला में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि बुधवार को उनके घर तथा अस्पताल समेत प्रदेश में कई अस्पतालों तथा आवासीय परिसरों पर ईडी की रेड हुई।

उन्होंने बताया कि इस दौरान वह अपने बेटे और पत्नी के साथ मैक्लोडगंज मौजूद थे, जबकि चर्चा यह थी कि वह दिल्ली है और दिल्ली से लौट रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि वह जांच की बात पता चलने के बाद वापस लौटे तथा उन्होंने जांच एजेंसी को हर वांछित सहयोग किया। उन्होंने कहा कि यह जांच आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाले को लेकर थी तथा ईडी अपनी जांच की कारवाई कर रही है।

कार्रवाई की राजनीतिक होने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कि यह एक बहुत बड़े घोटाले का हिस्सा है। उन्होंने इस मामले के राजनीतिक होने को लेकर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक तथा जनप्रतिनिधि होने के नाते जांच एजेंसियों के काम में उनका सहयोग करना उनका दायित्व था, जो उन्होंने निभाया। उन्होंने कहा कि उनके निवास मजदूर कुटिया के दरवाजे दिन-रात खुले रहते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड घोटाला एक बहुत बड़ा घोटाला है तथा गरीब लोगों के हक को मारने वालों का इस घोटाले का पर्दाफाश होना बहुत जरूरी है। इस योजना के तहत फोर्टिस में 22 लोगों का करीब साढ़े 4 लाख रुपए का उपचार हुआ है। ईडी की टीम मरीज से संबंधित रिकॉर्ड लेने के लिए यहां आई थी. मरीजों के फोन नंबर, आधार कार्ड, पैन नंबर समेत जो-जो जानकारी ईडी के अधिकारियों ने मांगी थी, वह प्रत्येक जानकारी उन्हें उपलब्ध करवाई गई है। बाली ने कहा कि इसके अलावा जांच एजेंसियों को कुछ भी बरामद नहीं हुआ। मुझे न तो ईडी के किसी अधिकारी का फोन आया और न ही किसी अन्य तरह कोई दबाव था। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



नौहली उपरली की मिहिका को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।


## बिजली सुधार पर खर्च किए जाएंगे 29 करोड़ : किशोरी लाल

# मझैरना में विद्युत शिकायत कक्ष और जेई ऑफिस का लोकार्पण

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



मझैरना में विद्युत शिकायत कक्ष का लोकार्पण करते सीपीएस किशोरी लाल।

मुख्य संसदीय सचिव पशुपालन, ग्रामीण विभाग एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने शुक्रवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मझैरना में 21 लाख की लागत से विद्युत बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय एवं शिकायत कक्ष भवन को लोगों को समर्पित किया। सीपीएस ने कहा कि बैजनाथ में विद्युत आपूर्ति की उपलब्धता को निर्बाधित एवं गुणवत्ता को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि विद्युत पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) में बैजनाथ डिवीजन को 29 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसमें क्षेत्र में तीन नए 33 केवी सब-स्टेशन, 8 ट्रांसफार्मर, 11 के वी के फीडरों की रिकंडक्टरिंग के अतिरिक्त अन्य कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यापक सुधार से लोगों को लाभ होगा।

सीपीएस किशोरी लाल लोगों को आश्वस्त किया कि कि बैजनाथ हलके में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और इलाके की जरूरत के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा जनसेवक के रूप में बैजनाथ में अच्छा प्रशासन एवं पारदर्शी व्यवस्था को स्थापित कर सभी के सहयोग से बैजनाथ को आदर्श विधान सभा क्षेत्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के साथ विद्युत शिकायत कक्ष मझैरना वासियों की बहुत पुरानी मांग थी, जिसे आज पूरा किया गया है। उन्होंने कहा इस कार्यालय के आरंभ होने से बिजली की आपूर्ति इत्यादि की शिकायत यहीं दर्ज होने से इसका समाधान भी शीघ्र हो पाएगा। उन्होंने कहा कि भवन के प्रथम तल पर कनिष्ठ अभियंता के साथ अन्य दो कर्मियों के लिये आवास भी बनाए जाएंगे, ताकि स्टाफ के यहां रहने से स्थानीय लोगों को 24 घंटे सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने स्थानीय सभी मांगों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर एसई पुनीत सौंधी, अधिशाषी अभियंता मनोज मन्हास, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष जमुना गोयल, एसडीओ मोहित ठाकुर, दान सिंह वर्मा, प्रीतम चंद, ओम प्रकाश, रवि धीमान, प्रधान मझैरना मंजीत कटोच, उप प्रधान अमृत कटोच, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, मुनीश घाबरू, प्रल्हाद कटोच, जगत राम, लाल मन, अशोक अवस्थी, सुरिंद्र शर्मा, कमला देवी, पुनीत, नरेंद्र कटोच, ज्ञानचंद, रमन कटोच, सुनील सहित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी व अन्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थियों को बताया क्या होती है सीपीआर तकनीक



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा की ओर से पंडित सतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में शुक्रवार को आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों की स्थापना के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने की।

डीडीएमआरसी कांगड़ा की तरफ से हरजीत भुल्लर, कार्यक्रम समन्वयक, गुलशन मनहास, लाइजन और प्रशिक्षण सहायक, अभिषेक तथा नितिका, आपदा मित्र और प्रशिक्षण सहायक शामिल थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज और व्यापक समुदाय में आपदा संबंधित तैयारी और सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना था तथा कॉलेज और स्थानीय क्षेत्रों में आसपास के समुदायों में जोखिमों और खतरों की पहचान और न्यूनीकरण में सहायता करना भी था। प्रशिक्षण सहायकों ने छात्रों को भूकंप व अन्य आपदाओं से बचने हेतु जागरूक किया। इसके अलावा उन्होंने हृदयघात जैसी अवस्था में सीपीआर तकनीक का महत्व भी बताया। यह प्रशिक्षण का पहला दिन था, जिसमें 120 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जो कि राजकीय महाविद्यालय मटौर कांगड़ा में अपना आगे का प्रशिक्षण लेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. स्वाति महाजन, डॉ. पवन कुमार, डॉ. दीप्ति और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम में लगभग 300 कॉलेज छात्रों ने हिसा लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ने प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को प्रशिक्षकों द्वारा दी गई सीख का अनुपालन करने के लिए प्रेरित किया।

# भाषण में सकोह की दलजीत और निबंध में खनियारा की असीमा अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भाषा संस्कृति विभाग के सौजन्य से धर्मशाला के प्रयास भवन में डॉ. यशवंत परमार की जयंती पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकोह की दलजीत ने पहला, सकोह के मृदुल ने दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनियारा की असीमा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

इसी तरह से निबंध लेखन प्रतियोगिता में पलक चौधरी ने पहला, सानिया ने दूसरा तथा हीना ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि एडीसी सौरभ जस्सल ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि डॉ. यशवंत परमार का हिमाचल निर्माण में अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने हिमाचल की संस्कृति तथा कलाओं के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वंशिका कला युवा मंच ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि एडीसी सौरभ जस्सल ने कहानी तथा निबंध लेखन के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पहले जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरी ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया।

# पेयजल गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : डीसी

## उपायुक्त बोले, जल शक्ति विभाग नियमित तौर पर करे पानी की गुणवत्ता की जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में साफ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और पानी की गुणवत्ता की समय-समय पर जांच करने का निर्देश दिए हैं ताकि जल जनित रोगों से लोगों को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जल जनित बीमारियों की संभावना बनी रहती है। उन्होंने सभी एसडीएम को जल शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, डीआरडीए, नगर निगम, नगर परिषदों और अन्य विभागों द्वारा जल जनित रोगों से बचाव के लिए किए जा रहे उपायों की निगरानी करने के कहा गया है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि बारिश के कारण प्रभावित पेयजल योजनाओं की मरम्मत करने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी स्तर पर लोगों को पेयजल की दिक्कत नहीं हो और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को कांगड़ा जिला में मलेरिया, डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव एवम जागरूकता के लिए ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि सभी सरकारी व निजी स्कूलों में पानी की टंकियों की सफाई सुनिश्चित करें और स्कूली बच्चों को जलजनित बीमारियों और निवारक उपायों के बारे में जागरूकता प्रदान करें।

उन्होंने कहा कि परियोजना अधिकारी डीआरडीए को सभी स्थानीय जल निकायों और खुले जल स्त्रोतों को साफ करने के लिए एक अभियान का नेतृत्व करने और पंचायतों और पीआरआई के सहयोग से जल जनित बीमारियों और उनकी रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सभी बीडीओ के साथ समन्वय करने का निर्देश दिये। उन्होंने आयुक्त, नगर निगम और सचिव नगर पंचायतों को अपने शहरी स्थानीय निकायों के पेयजल स्त्रोतों की नियमित तौर पर सफाई के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

## लद्दी में चलती बाइक पर पेड़ गिरने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, लंबागांव।** उपमंडल के लद्दी गांव में चीड़ का पेड़ चलती मोटरसाइकिल पर गिरने से मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अनिल राणा पालमपुर में एक्साइज विभाग में काम करता था। शाम को छुट्टी के बाद वह घर लौट रहा था तो 6.30 बजे के करीब घर से कुछ दूरी पर एक चीड़ का पेड़ चलती बाइक पर गिर गया और संतुलन बिगड़ने से बाइक गिर गई। हादसे में बाइक पर सवार अनिल भी सड़क पर गिर कर बुरी तरह से घायल हो गए। आसपास के लोग उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन उनकी मौत हो गई। शनिवार को पालमपुर अस्पताल में मृतक अनिल का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# बेसहारा पशुओं से 15 दिन में दिलाएं निजात

## विभागीय लापरवाही पर एसडीएम जवाली ने जारी किया नोटिस

**अनंत ज्ञान, जवाली**

उपमंडलाधिकारी जवाली ने मिनी सचिवालय जवाली, कोर्ट कॉम्प्लेक्स जवाली सहित नगर पंचायत जवाली के वार्डों में बेसहारा पशुओं, आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या से जनता को हो रही परेशानी के चलते नगर पंचायत जवाली, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी जवाली व लोक निर्माण विभाग जवाली के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है तथा नगर पंचायत सचिव व पशु चिकित्साधिकारी व लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को बीएनएसएस की धारा 152 (ए) के तहत नोटिस जारी करके कोर्ट परिसर व जवाली शहर के आसपास के क्षेत्रों में आवारा पशुओं व आवारा कुत्तों से 15 दिनों के भीतर मुक्ति दिलाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने कहा कि पिछले कुछ समय से कोर्ट व मिनी सचिवालय परिसर सहित जवाली इलाके की सड़कों पर बेसहारा पशुओं व आवारा कुत्तों की संख्या काफी बढ़ गई है, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने नगर पंचायत सचिव को निर्देश दिए हैं कि पशुपालन विभाग व लोक निर्माण विभाग की मदद से बेसहारा पशुओं व कुत्तों की नसबंदी, बेसहारा पशुओं को गोसदन या किसी उचित स्थान पर छोड़ा जाए, जहां पर चारे व पानी की व्यवस्था हो।

## प्रिंसिपल ने पीटा सातवीं कक्षा का छात्र, मामला दर्ज

**धर्मशाला।** धर्मशाला के एक निजी स्कूल में सातवीं के छात्र की पिटाई का मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल की आरंभिक रिपोर्ट में चोटों की पुष्टि हुई है। उधर, योल पुलिस ने आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बच्चे के परिजनों को पता चलने के बाद उनकी शिकायत के आधार पर आरोपी अध्यापक के खिलाफ जुवेनाइल एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 13 वर्षीय सातवीं में पढ़ने वाले छात्र की स्कूल के प्रिंसिपल ने किसी कारण से पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित छात्र के मेडिकल के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करें शुरू कर दी है। प्रिंसिपल के खिलाफ जुवेनाइल एक्ट की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# देहरा अस्पताल में नियुक्त हों विशेषज्ञ डॉक्टर और रेडियोलॉजिस्ट : कमलेश

## विधायक ने मुख्यमंत्री से किया आग्रह, डॉक्टरों की कमी का मुद्दा उठाया

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों, रेडियोलॉजिस्ट व सफाई कर्मियों की नियुक्ति जल्द होने की उम्मीद बंध गई है। स्थानीय विधायक कमलेश ठाकुर ने अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर व रेडियोलॉजिस्ट न होने का मामला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जल्दी इनकी नियुक्ति होनी चाहिए, ताकि मरीजों को उचित इलाज मिल सके और इधर-उधर न जाना पड़े। विधायक ने अस्पताल को साफ-सुथरा रखने के लिए सफाई कर्मी नियुक्त करने की भी मांग की है।

**सफाई कर्मचारी नियुक्त करने की भी रखी मांग**

देहरा अस्पताल काफी पुराना है और इसमें दूर-दराज से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं। हर महीने हजारों की संख्या में मरीजों की जांच इस अस्पताल में होती है। अभी यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है, जिससे मरीजों को इलाज करवाने के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज या फिर निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। विधायक के ध्यान में विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने यह समस्या लाई है। कमलेश ने उपचुनाव के समय अस्पताल का दौरा कर स्वयं भी समस्याओं को जाना है। लोगों की दिक्कतों को समझते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष डॉक्टरों, रेडियोलॉजिस्ट व सफाई कर्मियों की नियुक्ति का मुद्दा उठाया है। विधायक ने कहा कि स्थानीय अस्पताल काफी दशक पुराना है। जसवां-परागपुर, टैरेस, ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र व देहरा विधानसभा क्षेत्र के लोग इस अस्पताल में इलाज करवाते हैं।

**रोजगार**

## उप मुख्य सचेतक और शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया की मुहिम ने दिखाया रंग

# सुजुकी मोटर कंपनी अहमदाबाद में 50 युवाओं को मिला रोजगार

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**



युवाओं को बस में अहमदाबाद रवाना करते आईएमसी अध्यक्ष सुरजीत राणा।

शाहपुर के विधायक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा में उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया द्वारा शाहपुर की आईटीआई व अन्य शिक्षण संस्थानों को सदृढ़ व उत्कृष्ट बनाने तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्लेसमेंट सेल को मजबूती प्रदान करने को छेड़ी मुहिम ने रंग दिखाना शुरू कर दिया है।

शाहपुर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 24 जुलाई को सुजुकी मोटर कंपनी द्वारा लिए इंटरव्यू में कांगड़ा व हमीरपुर जिला के करीब 50 युवाओं को रोजगार मिला है। यह युवा सुजुकी मोटर कंपनी अहमदाबाद गुजरात के लिए रवाना भी हो गए। अहम बात यह है कि कंपनी ने इन युवाओं को ले जाने के लिए आईटीआई शाहपुर में बस भी भेजी थी। शुक्रवार को आईएमसी अध्यक्ष सुरजीत राणा व सदस्यों ने बस को हरि झंडी देकर सभी प्रशिक्षुओं को अहमदाबाद के लिए रवाना किया। इस दौरान आईटीआई के प्रिंसिपल चैन सिंह राणा, आईएमसी के सदस्य व उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के सलाहकार विनय ठाकुर, प्रदीप बलौरिया, अश्वनी चौधरी, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज प्रदीप चौधरी सहित अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे। प्रिंसिपल चैन सिंह राणा ने चयनित प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि शाहपुर आईटीआई के लिए यह बहुत बड़ी बात है कि नामी कंपनी सुजुकी मोटर ने एक साथ 50 युवाओं को रोजगार के लिए चुना है। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को सैलरी सीटीसी 23,300 रुपए तथा इन हैंड 17,100 महीना वजीफा मिलेगा। इसके अलावा भी कंपनी कई सुविधाएं देगी। विनय ठाकुर ने भी युवाओं को बधाई देते हुए विधायक केवल सिंह पठानिया का आभार जताया।उन्होंने कहा नामी कंपनी में रोजगार मिलना बड़ी बात है।सुरजीत सिंह राणा ने कहा कि विधायक केवल सिंह पठानिया ने विधायक बनते ही सबसे पहले आईटीआई शाहपुर को सदृढ़ व उत्कृष्ट बनाने के लिए मुहिम शुरू कर दी थी तथा आज उस मुहिम के परिणाम भी दिखने शुरू हो गए है। उन्होंने कहा कि विधायक का शुरू से ही मकसद रहा है कि आईटीआई शाहपुर में बेहतर प्रशिक्षण दिलाने संग प्रशिक्षुओं को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। विधायक ने न सिर्फ नए ट्रेड शुरू करवाए बल्कि करोड़ों रुपए की मशीनरी व उपकरण भी आईटीआई को दिलाए,ताकि युवाओं को नामी कंपनियों को रोजगार उपलब्ध करवाया सके। आज विधायक का मकसद पूरा होता दिख रहा है। (अनंत ज्ञान)

# अणू में न कोई सार्वजनिक शौचालय और न ही पीने के पानी की उचित व्यवस्था

## एक टैंक बना है लेकिन खाली, उस पर भारी अफसरशाही, दो अहम चौक आवाजाही से रहते हैं भरे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अणू क्षेत्र में पीने के पानी की दिक्कत का तो लोगों को सामना पिछले लंबे समय से करना ही पड़ रहा है, लेकिन यही हालत सार्वजनिक शौचालयों की कमी की भी उन्हें भुगतनी पड़ रही है।

नगर परिषद के वार्ड नंबर-11 के तहत आने वाले इस क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है, जबकि इसके दो अहम चौक आवाजाही से भरे रहते हैं। हमीरपुर के राजकीय डिग्री कॉलेज के बाहर जिस महत्वपूर्ण जगह पर स्टूडेंट्स और अन्य लोगों का जमघट लगा रहता है। वहां पर एक भी शौचालय नहीं है। यही नहीं, यहां से सूजानपुर रोड पर भी आधा किलोमीटर दूर तक यहां सड़क सार्वजनिक व्यापारिक प्रतिष्ठानों


ओवरहेड वॉटर टैंक।

और अन्य गतिविधियों से भरी पड़ी है। वहां भी शौचालय नहीं है। इसके अलावा हीरानगर की तरफ आने वाले इसके दूसरे चौक, जहां पर बिजली बोर्ड के तमाम बड़े अधिकारियों के कार्यालय हैं। उस चौक के आसपास भी कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं है। बिजली बोर्ड के इन बड़े दफ्तरों के साथ हीरानगर तक किसी भी जगह पर कोई भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। यानी तकरीबन


अणू चौक का दृश्य।

डेढ़ किलोमीटर के हिसाब आने-जाने वाले सफर में सभी तरह के लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है, लेकिन आज तक किसी ने इसकी जहमत नहीं उठाई।अणू चौक पर तो वर्षा शालिका भी है वहीं पर इसका निर्माण भी हो सकता है। इसके आगे भी पोस्ट ऑफिस के पास नगर परिषद का एक जांच घर है, वहां भी जगह है, लेकिन सार्वजनिक शौचालय बनाने की सोच कोई क्यों नहीं बढ़ा रहा, यही यक्ष प्रश्न है। (अनंत ज्ञान)

### वाटर टैंक का उपयोग नहीं किया जा रहा

**इस** क्षेत्र में पीने के पानी की भी दिक्कत रहती है एक ओवरहेड वाटर टैंक बरसों पहले बनाया गया था लेकिन उसका उपयोग जल शक्ति विभाग आज तक नहीं कर पाया। ऐसा क्यों हुआ है। इसका कोई भी अधिकारी सीधा और स्पष्ट जवाब नहीं देता। सरकार के नुमाइंदों को भी चाहिए कि वह इसकी जवाब दे ही सुनिश्चित करें क्योंकि यदि लाखों रुपए की लागत से वॉटर टैंक पानी के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए बनाया गया है, तो फिर इसका उपयोग क्यों नहीं हो रहा।

### काम बहुत जल्द होगा मुकम्मल

उधर, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर का कहना है कि निश्चित रूप में यहां सार्वजनिक शौचालय की जरूरत है। अब नगर परिषद इसका निर्माण करेगी। एक सार्वजनिक शौचालय नगर परिषद के जंज घर के पास बनाया जाएगा और दूसरा फॉरेस्ट पार्क के पास बना दिया जाएगा, ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके। यह काम बहुत जल्द मुकम्मल होगा।

## बारी मंदिर के पास फिर लुढ़का टिप्पर



**टौणी देवी।** अणु से पाड़छू तक वाया टौणी देवी अवाहदेवी बनने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में शुक्रवार को लगभग 10 बजे बारीं मंदिर चढ़ाई पर एनएच निर्माण कंपनी का टिप्पर पलट गया, गनीमत रही कि उस समय कोई राहगीर वहां से गुजर नहीं रहा था, नहीं तो किसी कि जान भी जा सकती थी। इससे पहले भी इस जगह कई हादसे हो चुके हैं और कंपनी के एक टिप्पर हादसे में ड्राइवर कि मौत भी हो चुकी है। ये मोड़ शुरू से ही बेहद तीखा है और यहां अक्सर लोड गाड़ियां फंस जाती हैं। इस जगह पर कंपनी को प्रमुखता से कार्य करना चाहिए था, लेकिन कंपनी यहां कार्य नहीं कर रही है और आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। इस चढ़ाई में दुपहिया वाहन चालकों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है और पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। ग्रामीण देश राज चौहान, हरबंश सिंह, रोशन लाल, पूर्व प्रधान बबिता चौहान सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि यहां पर प्राथमिकता पर कार्य किया जाएं, नहीं तो ग्रामीण कंपनी के खिलाफ आंदोलन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिकायतकर्ता को लौटाए 5.34 लाख रुपए

**हमीरपुर।** हमीरपुर कार्यालय में बाल चंद राजपुत निवासी गांव झरमानी तहसील गलोड़ ने शिकायत करवाई कि 23 जुलाई को एक अज्ञात मोबाइल नंबर 9180027806 1 से कॉल आई कि वह फेडेक्स कूरियर सेवा का कर्मचारी बोल रहा है। ताइवान के लिए एक अवैध पार्सल भेजा जा रहा था, जिसे कस्टम विभाग ने पकड़ लिया है और 15,250 रुपए अदायगी हुए हैं तथा संबंधित खाता में शिकायतकर्ता का आधार कार्ड इस्तेमाल हुआ है। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने कोई कूरियर नहीं भेजा है तथा वह तो हिमाचल में रह रहा है। जालसाज ने शिकायतकर्ता को कहा कि ठीक है आप साइबर क्राइम में तुरंत अपनी शिकायत दर्ज करवाओ तथा मैं हॉटलाइन के माध्यम से आपकी कॉल साइबर क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर देता हूं आप अपनी शिकायत तुरंत दर्ज करवा दो। कुछ समय के उपरांत शिकायतकर्ता को दूसरे अज्ञात फोन 9676108336 से व्हाट्सऐप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने बोला कि वह डीसीपी क्राइम ब्रांच बाल सिंह राजपुत बोल रहा है। उसने शिकायतकर्ता को डराया व धमकाया व बताया कि आपका आधार कार्ड अलग-अलग 18 बैंक के खातों में प्रयोग हुआ है, जिनका संबंध अंडरवर्ल्ड व हवाला कारोबार से है। शिकायतकर्ता ने डर से आरटीजीएस के माध्यम से 5 लाख 34 हजार की राशि फॉड्स्टर (जालसाज) के खाते में ट्रांसफर कर दी, जिसके पश्चात जालसाज से शिकायतकर्ता का कोई संपर्क नहीं हो सका। इस शिकायत के आधार पर एसपी हमीरपुर ने साइबर सेल हमीरपुर को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए, जिस पर कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता की राशि को साइबर पोर्टल के माध्यम से होल्ड करवा लिया तथा कहा कि अपने वकील के माध्यम से अपने नजदीकी न्यायालय से अपनी धनराशि को रिलीज करने के लिए आवेदन करें। इस पर शिकायतकर्ता ने स्थानीय न्यायालय बड़सर में अपनी 5 लाख 34 हजार की धन राशि को रिलिज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया तथा शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि वापस प्राप्त हो गई।

### स्काउटिंग कर रही मानव भलाई के लिए कार्य



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी की भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई के स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा निरंतर स्काउटिंग के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने के लिए प्रयासरत रहते हैं और आज इसी कड़ी में उन्होंने स्काउट्स एवं गाइड्स और सभी दानी सज्जनों तथा ठुनिया राम के सहयोग से उनके सहयोगी सदस्यों सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक बलबीर सिंह राणा, रतन रांगड़ा, कृष्ण चंद, अश्विनी चौहान ने लड़की को शादी के लिए एक धाम का राशन दिया। सतीश का कहना है कि मानवता के लिए सेवा करने से बढ़कर और कोई भी पुण्य कार्य नहीं है।

### दूसरे दिन बीटेक की 46 सीटें आवंटित



**हमीरपुर।** यहां स्थित हिमाचल तकनीकी यूनिवर्सिटी परिसर में शुक्रवार को जेईई मेन की मेरिट के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) की दूसरे चरण की काउंसलिंग हुई। दूसरे चरण की काउंसलिंग के दूसरे दिन जेईई मेन के आधार पर ओबीसी, एससी, एसटी इन्हीं वर्गों की उपश्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग हुई, जिसमें 46 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गईं, जिन अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं, उन्हें पांच अगस्त तक संबंधित शिक्षण संस्थान में रिपोर्ट करना होगा। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि तीन और चार अगस्त को एचपीसीईटी की मेरिट के आधार पर बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) पर दूसरे चरण की काउंसलिंग होगी। तीन अगस्त को सामान्य श्रेणी सहित ऑल इंडिया कोटा, बेटी है अनमोल, ईडब्ल्यूएस कश्मीरी विस्थापित व टीएफडब्ल्यू कोटे से जिन अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग होगी, जबकि चार अगस्त को ओबीसी, एससी, एसटी और इन्हीं वर्गों की उपश्रेणियों के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग होगी।

### प्रकाश ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष में दिए 51 हजार



**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की बलडूहक पंचायत के गांव चठियार के समाजसेवी प्रकाश चंद डोगरा ने अपनी नेक कमाई से मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष में 51 हजार का दान दिया। इस राशि का चेक उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेंट किया। प्रकाश चंद डोगरा ने बताया कि अनाथ, असहाय, बेसहारा व समाज से शोषित बच्चों तथा बूढ़ों के लिए मुख्यमंत्री ने इस सुखाश्रय कोष की स्थापना की है। उससे प्रभावित होकर उन्होंने इस कोष में यह राशि दान की है। मुख्यमंत्री की ओर से शुरू किया गया यह सुखाश्रय कोष संवारने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने इस सराहनी कार्य के लिए मुख्यमंत्री का अभार जताया है।

### शिशु के लिए अमृत है मां का दूध : अनिल



**हमीरपुर।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग ने झनियारी और बड़सर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इनकी अध्यक्षता करते हुए विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन्म के बाद बच्चों के लिए मां का पहला गाढ़ा दूध अमृत के समान होता है। यह दूध बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता और सही अनुपात में सही पोषक तत्व प्रदान करता है। अनिल ने बताया कि इस दूध में मां के एंटीबॉडीज होते हैं, जो शिशुओं को मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित करने और बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। स्तनपान करने वाले शिशुओं को कई अल्पकालिक और दीर्घकालिक बीमारियों और रोगों का खतरा कम होता है।

### विभिन्न प्रजातियों के लगाए 50 पौधे



**अर्की।** अर्की उपमंडल के अंतर्गत मांजू-पलोग-राहु जन कल्याण समिति की ओर से वन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधान जियालाल शर्मा के नेतृत्व में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस महोत्सव के दौरान समिति के सदस्यों ने बतिंवां के पास स्थित जंगल में पौधरोपण किया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे लगाए गए। इनमें बेहड़ा, आंवला, उमरो, चढीनु जैसी प्रजातियां शामिल थीं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र की हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना था।

### झनिकर में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ



**टौणी देवी।** आंगनबाड़ी केंद्र झनिकर में एक अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ वार्ड सदस्य पूनम कुमारी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित माताओं व धातृशक्ति को मां के दूध का महत्व समझाया गया और बताया कि बच्चे को पहला दूध मां का ही पिलाना चाहिए, जो बच्चे की इम्युनिटी को बढ़ाता है। ये भी बताया कि बच्चे को कम से कम 6 महीने दूध पिलाना आवश्यक है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुमलता, सहायिका रजनी कुमारी, आशा वर्कर्स पूनम कुमारी सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बिजली विभाग ने जाहू में बिना भूमि मालिक की अनुमति से लगा दिया ट्रांसफार्मर

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के जाहू में निजी भूमि पर बिजली का ट्रांसफॉर्मर बिना अनुमति के लगाए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने बिजली विभाग को दी है। ग्रामीणों का कहना है कि निजी भूमि खसरा नं. 306, जो कि पटवार वृत्त जाहू कला सुलगवान में पटवार खाने के ऊपर की तरफ एक कनाल सात मरले के लगभग है उसे बिना उनकी अनुमति के खोद दिया गया और उन्हें कोई भी जानकारी नहीं दी।

मैना देवी आयु 85 वर्ष पत्नी स्व. संत राम ने बताया कि वह चलने-फिरने में असमर्थ है और अपनी जमीन की देख-रेख नहीं कर सकती। उनके दोनों बेटे अपनी अजीविका के लिए घर से बाहर रहते हैं और



एक बेटा घर में रहता है और वह ही जमीन की देख-रेख करता है। महिला ने शिकायत में कहा कि उसकी निजी भूमि पर अवैध तरीके से लग रहे ट्रांसफॉर्मर की जानकारी न तो उसे दी थी और न ही उसके बेटों को। अचानक उसका बड़ा बेटा कश्मीर चंद खेत में गया, तो उसे पता चला और उसने बिजली विभाग अधिकारियों से बात की और मौके पर बिजली विभाग के जेई 30 को मौके पर आए और काम बंद करवाया और आगे काम न करने का आश्वासन उसके बेटे को दिया, लेकिन इस बात को हुए चार दिन हो गए हैं और कोई कार्रवाई विभाग द्वारा अमल में नहीं लाई गई। महिला ने मांग की है कि बिजली विभाग ने जमीन पर जो पोल लगाए गए हैं, उनको जल्द उखाड़ दें और वहां से हटा दें। (अनंत ज्ञान)

> शिकायत आई है और मौके पर जाकर देखा जाएगा कि भूमि के मालिकों से मिल कर समस्या का समाधान किया जाएगा, जो पोल लगाए हैं उनको थोड़ा आगे पीछे कर समस्या का समाधान किया जाएगा।
>
> **भरेड़ी संजय कुमार, एसडीओ**

## प्रदेश की पहली ऐसी सरकार, जो ऋण लेकर बढ़ रही आगे : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पार्टी विरोधी कार्य करने वालों एवं पार्टी के घोषित उम्मीदवारों के सामने कांग्रेस का उम्मीदवार बनने वाले तमाम लोगों पर करवाई होगी। सबकी सहमति के साथ ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।



इसको लेकर प्रस्ताव भी डाल दिया गया है। यह जानकारी सुजानपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता राजेंद्र राणा ने सुजानपुर में आयोजित मंडल की बैठक में भाग लेने के बाद कही। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में भाजपा मजबूत एवं संगठित है, जिसका परिणाम नगर परिषद में भाजपा समर्थित अध्यक्ष का कब्जा होना है। यहां भाजपा बहुमत में नहीं थी, उसके बावजूद भाजपा जीत दर्ज करने में कामयाब हुई और दूसरी तरफ कांग्रेस बहुमत में होने के बावजूद और उसके साथ-साथ विधायक का मत होने के बावजूद चुनाव हार गई। पूर्व विधायक ने कहा कि सुजानपुर में आने वाले दिनों में पार्टी द्वारा जो भी घोषित कार्यक्रम दिए गए हैं सभी आयोजित होंगे। इस दौरान पूर्व विधायक ने प्रदेश मुख्यमंत्री पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले के मुख्यमंत्रियों की जुबान से निकली हर बात पत्थर पर लकीर होती थी, लेकिन यहां पर सब कुछ उल्टा है। सुजानपुर में कुछ नया करने की बजाए मुख्यमंत्री पुराने कार्यों को ही धरातल उतार दें, यही सबसे बड़ा विकास होगा। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा खोले गए दोनों डिवीजन कार्यालय बंद हैं। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में दोनों डिवीजन कार्यालय खुलने चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि यह प्रदेश की पहली ऐसी सरकार है, जो लगातार ऋण लेकर आगे बढ़ रही है।

## विजय वल्लभ कॉलेज का बीएड का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से घोषित विजय वल्लभ शिक्षा महाविद्यालय नादौन का बीएड प्रथम एवं तृतीय सत्र का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। तृतीय सत्र की छात्रा आकांक्षा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकित कुमार भारद्वाज ने 90.5 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा दो छात्राओं आंचल, धवन व प्रतिभा ने 89.7 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं पर प्रथम सत्र का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा, जिसमें छात्रा प्रतिभा शर्मा ने 83.7 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अल्का अत्री 82.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा श्वेता डोगरा ने 82.5 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के अध्यक्ष अजय जैन तथा वाइस चेयरमैन निर्मल जैन ने स्टाफ व छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्रिंसीपल डॉक्टर अनामिका शर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## उचित मूल्य की सात दुकानों के लिए आवेदन 12 तक

**हमीरपुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हमीरपुर के विभिन्न क्षेत्रों में खुलने वाली उचित मूल्य की सात दुकानों के लिए 12 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि पंचायत चलोह के गांव थैल, पंचायत क्याराबाग के गांव सुनवीं ब्राह्मणा, पंचायत जनैहण के गांव जनैहण, पंचायत दैण के गांव दैण, पंचायत करंडोला प्लासी के गांव जटुआ, पंचायत धमरोल के गांव यानवीं और पंचायत हणोह के गांव जड़ोह में उचित मूल्य की एक-एक दुकान खोली जाएगी। इन दुकानों के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं वेबसाइट एमर्जिंगहिमाचल.एचपी.जीओवी. इन (सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम पर 12 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। उचित मूल्य की दुकानों के आवंटन के लिए पहली प्राथमिकता सार्वजनिक संस्थाएं जैसे- स्थानीय पंचायत या शहरी निकाय, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा, महिलाओं तथा उनके समूह को दी जाएगी, अगर एक वार्ड में एक से अधिक संस्थाएं आवेदन करती हैं, तो पंजीकृत संस्था को अधिमान दिया जाएगा। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक पास रखी गई है। आवेदन के साथ मैट्रिक का प्रमाण पत्र, उच्च शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र, वित्तीय स्थिति, दुकान की उपलब्धता और भंडारण क्षमता से संबंधित सत्यापित दस्तावेज अपलोड किए जाने चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222335 पर संपर्क किया जा सकता है।

## 25 करोड़ से बनेगी जलाड़ी बिझड़ी दियोटसिद्ध सड़क

**एस के ठाकुर, बिझड़ी**

बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को सड़क डबल लेन बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग बड़सर ने टेंडर खोल दिया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सड़क को डबल लेन करने की घोषणा की थी, जब वह बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में पहली बार पंहुचे थे। उन्होंने सड़क को डबल लेन बनाने के निर्देश दिए थे। स्टेट हेड से इसके लिए बजट का प्रावधान किया गया है। इंजनियर राजेश बंयाल ने बताया कि इस सड़क का टेंडर पिछले कल खोल दिया है। बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध मंदिर को आने वाले श्रद्धालुओं को इस सड़क के चौड़ा होने से काफी लाभ मिलेगा। क्षेत्र



वासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष इस मांग को रखा था। उस दौरे में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी भी उपस्थित थी तथा बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के न्यासी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सुक्खू का इस सड़क को डबल लेन करवाने के लिए बड़सर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं इंजीनियर राजेश वनयाल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाएगी एक पेड़ मां के नाम अभियान

## प्रत्येक बूथ पर 50 पौधे लगाए जाएं : सुमीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

भाजपा प्रदेश मंत्री व अभियान के प्रदेश सहसंयोजक सुमीत शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रही है। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा भी इस अभियान को आगे बढ़ाएगी।

सुजानपुर मंडल की बैठक में अध्यक्ष बिक्रम राणा ने आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए बताया कि देश के पर्यावरण एवं भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी द्वारा चलाए गए इस अभियान में हिमाचल प्रदेश भाजपा 15 तक एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान से चलाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी राजिंद्र राणा और जिला भाजपा अध्यक्ष देसराज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुमीत शर्मा ने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 50 पौधे लगाए जाएं।



इस प्रकार 8000 स्थानों पर चार लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर इस अभियान के संयोजक प्रतिदिन इस अभियान की रिपोर्टिंग अपनी टीम सहित एकत्रित कर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल को करेंगे।

यह अभियान सिर्फ भाजपा का नहीं, बल्कि प्रदेशवासियों के सहयोग से जन जागरण अभियान बनेगा, तो पारिस्थितिक विज्ञान ठीक होने की ओर एक पहल का मुख्य कारण भी बनेगा।

## कल इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिझड़ी।** बिझड़ी-कोटला के अंतर्गत-33 केवी बड़सर बिझड़ी बिजली लाइन की आवश्यक मरम्मत रखरखाव एवं बिजली लाइन के नजदीक पेड़ों की टहनियों की काट-छांट कार्य के चलते बिजली उपमंडल बिझड़ी कोटला के अंतर्गत समस्त क्षेत्रों में चार अगस्त सुबह नौ से लेकर शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। इसकी जानकारी सहायक अभियंता बिजली ई. रामेश कुमार बर्धन ने दी।

## कृमिनाशक दवाई से न छूटे कोई भी बच्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

डीसी अमरजीत सिंह ने बच्चों से संबंधित स्वास्थ्य विभाग के तीन महत्वपूर्ण अभियानों एवं कार्यक्रमों की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता कर इनकी प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक के दौरान डायरिया रोको अभियान, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम पर व्यापक चर्चा की गई।

इन तीनों अभियानों के क्रियान्वयन में स्वास्थ्य विभाग के अलावा महिला एवं बाल विकास



बैठक के बाद डीसी अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ।

विभाग, शिक्षा, आयुष, जल शक्ति, पंचायतीराज और अन्य विभागों की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। अमरजीत सिंह ने कहा कि एक जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे डायरिया नियंत्रण अभियान जिले के 28,955 बच्चों को कवर किया गया तथा ओआरएस के 45,423 पैकेट वितरित किए गए। इस दौरान आशा वर्कर्स ने बच्चों के माता-पिता को ओआरएस का घोल तैयार करने की विधि भी समझाई। डायरिया के लक्षण पाए जाने पर 38 बच्चों को अस्पताल भेजा गया। डीसी ने कहा कि नौ अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत पांच वर्ष तक के 29,831 शिशुओं को कृमिनाशक दवाई पिलाई जाएगी और छह से 19 वर्ष तक के कुल 1,05,500 बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि इस दवाई से कोई भी बच्चा नहीं छूटना चाहिए। इस दिन सभी बच्चे सुबह का खाना खाकर ही स्कूल आएं, ताकि उन्हें मौके पर ही दवाई खिलाई जा सके। डीसी ने कहा कि किन्हीं कारणों से छूटे बच्चों को 16 अगस्त को यह दवा दी जाएगी।

## आरसेटी में ब्यूटी पार्लर के कोर्स के लिए जल्द करें आवेदन

**हमीरपुर।** मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में जल्द ही 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण बिलकुल निशुल्क होगा और प्रशिक्षण के दौरान खाना, कॉपी और पैन आदि भी संस्थान की ओर से उपलब्ध करवाया जाएंगे। प्रशिक्षण के इच्छुक उम्मीदवार की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। निदेशक अजय कतना ने बताया कि ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन पत्र संस्थान की ओर से जारी क्यूआर कोड के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है। इस आवेदन पत्र को भरकर व्हॉट्सऐप नंबर-9459650899 पर भेज सकते हैं। इसके अलावा चार पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की फोटो साथ लाएं या व्हॉट्सऐप पर भेजें। एससी-एसटी वर्ग के उम्मीदवार एससी या एसटी का प्रमाणपत्र भी भेजें।

**तैयारी** आपदा से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग तैयार, कर्मचारी सड़क की नालियां आदि खोलने के लिए रहेंगे तैनात

## एक दर्जन जेसीबी बरसात की आपदा से निपटने को तैयार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर में बरसात और बरसात से आने वाली आपदा से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग ने एक दर्जन के करीब जेसीबी तैयार की हैं, ताकि बरसात होने के कारण सड़क मार्ग बाधित होने की सूरत में तुरंत खोलने का कार्य आरंभ किया जा सके।

हमीरपुर में वर्तमान में करीब 810 सड़क मार्ग हैं, जो कि लोकनिर्माण विभाग के अधीन आते हैं। बरसात की आपदा में सड़क मार्गों के बाधित होने के चलते लोकनिर्माण विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जेई स्तर से रोजाना सड़क मार्गों की स्थिति की रिपोर्ट एसडीओ


बरसात में लोक निर्माण विभाग की जेसीबी सड़क पर पड़े मलबे को उठाती हुई।

स्तर पर देनी होगी। एसडीओ को नोडल अधिकारी लगाया गया है। दिन में दो बार रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। सुबह आठ तथा शाम तीन बजे सड़क मार्गों के संदर्भ में स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। दिन में दो समय की रिपोर्टिंग से सुनिश्चित किया जा रहा है कि सड़क मार्गों की स्थिति का सही पता आलाधिकारियों को भी होना चाहिए।

फील्ड में किस तरह से कार्य किया जा रहा है इस पर आलाधिकारियों की भी पूरी नजर रहेगी। बारिश की तबाही में कई बार सड़क मार्ग बाधित हो जाते हैं और भूस्खलन के कारण बाधित होने वाले मार्गों को खोलने के लिए लोकनिर्माण विभाग ने स्टीक इंतजाम किए हैं, ताकि ऐसी स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए 15 कर्मचारियों का दल भी तैनात रहेगा। सड़क की नालियां आदि खोलने का काम इस दल के माध्यम से किया जाएगा। वहीं, जरूरत पड़ने पर ज्यादा जेसीबी को हायर करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशाषी अभियंता से अनुमति लेने के बाद अतिरिक्त जेसीबी को हायर किया जा सकता है। हमीरपुर लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों के माध्यम से रिपोर्ट को ईएनसी कार्यालय तक पहुंचाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पुख्ता इंतजाम कर रखे



वहीं, लोक निर्माण विभाग के एससी विजय चौधरी का कहना है कि बरसात में आने वाली आपदा से निपटने के लिए लोकनिर्माण विभाग ने पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। सब डिवीजन स्तर पर जेसीबी उपलब्ध करवाई गई है। रोजाना सड़क मार्गों की स्थिति की रिपोर्ट दिन में दो बार उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जेसीबी को हायर किया जाएगा। एसडीओ को नोडल ऑफिसर बनाया गया है।

## खाई में गिरी कार दो की मौत

**सुजानपुर।** हमीरपुर के सुजानपुर में एक कार गहरी खाई में गिर गई, जिसके चलते कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में दो ही युवक सवार थे।

महेश क्वाल निवासी प्रशांत और लोहिया थाथी निवासी गौरव कक्कड़ की तरफ से महेशकवाल की तरफ आ रहे थे कि रास्ते में उतराई पर उनका कार से संतुलन बिगड़ गया तथा कार गहरी खाई में गिर गई। पंचायत जंगल की प्रधान शकुंतला देवी ने बताया कि जब उन्हें इस दुर्घटना की सूचना मिली, तब वह सुजानपुर आई हुई थी तथा सूचना मिलते ही पंचायत को वापस पहुंची। एसपी हमीरपुर ने बताया कि घटना स्थल पर डीएसपी हमीरपुर को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### ललडी में 4350 लीटर शराब सहित व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान, हरोली।** पुलिस ने देर शाम ललडी में एक खोखे में रेड कर एक व्यक्ति के पास से 4350 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस थाना हरोली की एक टीम थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में जब पेट्रोलिंग पर थी तो मुखबर से सूचना मिली कि कमल देव निवासी ललडी अपने खोखेनुमा दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा कर रहा है तथा पेग सेल कर रहा है। इस पर पुलिस ने अवैध शराब के साथ पकड़ कर केस दर्ज करके आगामी जांच शुरू कर दी है।

### बंगाणा महाविद्यालय में लगाया स्वच्छता शिविर




**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एनएसएस इकाई द्वारा एकदिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने बताया कि आज महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा एनएसएस स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर का कूड़ा-कचरा और घास को उठाया, जिसे बाद में उचित स्थान पर निपटाया गया। स्वच्छता अभियान का उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना है। प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने एनएसएस स्वयंसेवियों के प्रयासों की सराहना की। (अनंत ज्ञान)

### बालीवाल में 74 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, मनीष, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में गांव और पंचायत बालीवाल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 75 लोगों की स्वास्थ जांच की गई। 24 लोगों के ब्लड टेस्ट किए गए, जिसमें उच्च रक्तचाप के 12, शुगर के 5, जोड़ों के दर्द के 25 लोग पाए गए व 31 लोग अन्य बीमारियों से ग्रसित पाए गए। स्वास्थ्य शिविर के दौरान बजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। इस मौके पर आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और गांववासी मौजूद रहे।

### अवैध रूप से शराब बेचने का आरोपी धरा

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली पुलिस ने शुक्रवार सुबह ही एक गुप्त सूचना पर हरोली के भदसाली हार में एक घर पर रेड करके एक व्यक्ति के पास से 6 अलग-अलग ब्रांड की देसी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस थाना हरोली की एक टीम थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में जब सुबह पेट्रोलिंग पर थी तो सूचना मिली कि सौरव निवासी भदसाली हार ने अपने घर में अवैध रूप से शराब की एक बड़ी खेप छुपाई है। इस पर पुलिस ने छापामारी कर आरोपी को 1,85,035 मिली लीटर शराब के साथ पकड़ लिया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके आगामी जांच शुरू की गई है।

# अवैध खनन पर सख्ती से निपटें अधिकारी : हर्षवर्धन चौहान

## कहा-प्रदेश सरकार अवैध खनन को किसी भी हाल में नहीं करेगी बर्दाश्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अधिकारियों को अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठाने के निर्देश हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अवैध खनन को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी। इसमें शामिल लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे प्रदेश में अवैध खनन पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

उद्योग मंत्री ऊना जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने की रणनीति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, खनन विभाग समेत सभी संबंधित विभागों को अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सभी अधिकारी इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित उपायों और दीर्घकालिक योजनाओं पर भी चर्चा की गई। चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू भी बैठक में उपस्थित थे। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए हर जिले में निगरानी बढ़ाई गई है और विशेषकर सीमांत जिलों में अवैध खनन गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए विशेष फोकस के साथ काम किया जाएगा।



ऊना में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान।

**रॉयल्टी एकत्रण मॉडल के अध्ययन के लिए बनाई कमेटी**

उन्होंने कहा कि ऊना में अवैध खनन गतिविधियों की जांच और रोकथाम के लिए समर्पित पुलिस रिजर्व बल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस महानिदेशक से बात करेंगे। उन्होंने खनन विभाग के अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्रवार जेसीबी मशीनों और उनके ऑपरेटरों की संख्या का ब्योरा जुटाने के निर्देश दिए और फर्जी एम-फॉर्म के मामलों में उचित जांच पर भी जोर दिया।

उद्योग मंत्री ने खनन पट्टों और सरकारी रॉयल्टी में विसंगतियों को दूर करने के लिए खुली बोली के माध्यम से निजी एजेंसी को वैध खनन के लिए रॉयल्टी एकत्रण सुनिश्चित बनाने का जिम्मा सौंपने के मॉडल का अध्ययन करने के लिए ऊना में एक समिति के गठन का निर्देश दिया। इस समिति में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम और खनन विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। समिति निजी एजेंसी को वैध खनन के लिए रॉयल्टी एकत्रण सुनिश्चित करने का जिम्मा सौंपने के मॉडल की व्यवहार्यता का अध्ययन करेगी। यह उन राज्यों का गहन अध्ययन करेगी जहां ऐसी प्रणाली मौजूद है और एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट उद्योग मंत्री को सौंपेगी।

**डीसी हर तीन महीने में करेंगे अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक**

**चौहान** ने खनन विभाग को मांग और डीसी के परामर्श के अनुसार चेक पोस्ट स्थापित करने के भी निर्देश दिए। डीसी हर तीन महीने में खनन पर एक अंतर-विभागीय समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिया कि वे अगली बैठक में जिले के सभी खनन पट्टाधारकों और क्रशर मालिकों को बुलाएं और उन्हें अवैध खनन से दूर रहने की सख्त चेतावनी दें। बैठक में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू ने अवैध खनन रोकने को लेकर बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने खनन माल की ओवरलोडिंग के कारण सड़कों को होने वाले नुकसान को रेखांकित किया और अधिकारियों से ओवरलोडिंग के मामलों में किए गए चालानों का ब्योरा मांगा। उन्होंने क्रशरों पर डंप माल की फिजिकल वेरिफिकेशन करने तथा खनन की पाबंदी अवधि में भी खनन होने के मामलों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया। उपायुक्त जतिन लाल ने आश्वासन दिया कि मंत्री के सभी निर्देशों का पूर्णतः क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने ऊना जिले को अवैध खनन से मुक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने अवैध खनन रोकने में पुलिस द्वारा उठाए कदमों का विस्तृत ब्योरा दिया। माइनिंग अधिकारी नीरज कांत ने खनन की वस्तु स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने जिले में 72 माइनिंग लीज प्रदान की हैं और पिछले वित्त वर्ष में माइनिंग से करीब 50 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित हुआ है। उन्होंने अवैध खनन रोकने के लिए विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से भी अवगत कराया। बैठक में राज्य जियोलॉजिस्ट संजीव शर्मा, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम अंब विवेक महाजन, एसडीपीओ डॉ. वसुदा सूद, एसडीपीओ हरोली मोहन रावत, डीएसपी ऊना अजय ठाकुर, आरटीओ ऊना अशोक कुमार, जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा, श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा, श्रम अधिकारी रणबीर सिंह, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग ऊना नरेश धीमान, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर ऊना राहुल ठाकुर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पिरथीपुर स्कूल में स्वयंसेवियों ने फूलों की क्यारियों को संवारा



स्कूल परिसर में साफ सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवी।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में शुक्रवार को उपप्रधानाचार्य पूनम देवी की अध्यक्षता में एकदिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 65 स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में फूलों की क्यारियों को संवारा तथा एनएसएस वाटिका में उगी भांग बूटी व कांटेदार झाड़ियों की कांट-छांट की। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सतीश सिंह मिन्हास ने स्वयंसेवियों को एनएसएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस मौके पर अजय कुमार, हरविंद्र सिंह, प्रोमिला कुमारी, अमित कुमार, अभिनव पराशर, रेणु कुमारी, अंजना कुमारी, विनीत कुमार, श्वेता शर्मा, सुशील पठानिया, भारती शर्मा, हरमेश सिंह, मनजीत कौर, पूर्णा देवी, सुनंदा आदि उपस्थित रहे।

## उद्योगमंत्री से मिला ट्रक यूनियन अंब का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, अंब।** स्थानीय अंब ट्रक यूनियन के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री से मिला। इस मुलाकात में उन्होंने यूनियन की समस्याओं को हिमाचल के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के समक्ष रखा। इस मौके पर उद्योग मंत्री ने यह आश्वासन दिया कि ट्रक यूनियन अंब की समस्याओं का अति शीघ्र समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक सुदर्शन बबलू भी मौजूद रहे।



उद्योग मंत्री से मुलाकात करते अंब ट्रक यूनियन के सदस्य।

## दीपक सोनी को विधायक ने किया सम्मानित



दीपक सोनी को सम्मानित करते विधायक सुदर्शन सिंह बबलू।

**विवेक शर्मा, अंब**

दिल्ली में किस्मत का अड्डा गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करके लौटे दीपक सोनी को विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने सम्मानित किया है।

शुक्रवार को पंजोआ में एक भेंट के दौरान विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने दीपक सोनी को माता की चुनरी से सम्मानित किया। साथ ही उन्हें भविष्य में और भी बढ़िया प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपक सोनी की यह जीत न केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। बड़ी बात है कि उपमंडल अंब के गांव पंजोआ के रहने वाले दीपक सोनी ने हाल ही में शानदार प्रदर्शन करके प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। दीपक ने दिल्ली में हीरांत स्टूडियो में आयोजित प्रतियोगिता में अपनी उम्दा गायकी से जजों व दर्शकों का दिल जीतकर प्रतियोगिता का विजेता बने हैं। इस मौके पर डॉ. नरेश कुमार शर्मा, मास्टर ब्रहमदास, सुरिंद्र बैंस व कपूरदीन मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### ट्रेन के नीचे आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय के साथ लगते मलाहत में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रात्रि के समय मलाहत में नांदेड साहिब ट्रेन की चपेट में एक व्यक्ति आ गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि व्यक्ति के शरीर के कई हिस्सें हो गए। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। रेलवे चौकी ऊना इंचार्ज एसआई अजय ऐरी ने बताया कि रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बम बम भोले



ऊना। कांवड़ियों का लगातार आगमन होने लगा है। कुछ गंगोत्री से, जबकि कई हरिद्वार से गंगाजल लेकर पहुंच रहे हैं। शिवालयों और अन्य धार्मिक स्थलों पर उनके ठहरने की व्यवस्था की गई है। लोगों द्वारा कांवड़ियों का भव्य स्वागत किया जा रहा है। कांवड़ियों का एक दल हमीरपुर की ओर जाता हुआ।

## सिविल अस्पताल गगरेट में गर्भवती महिलाओं के बुधवार व शुक्रवार को होंगे अल्ट्रासाउंड

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

सिविल अस्पताल गगरेट में अरसे से ठप पड़ी अल्ट्रासाउंड सेवाएं एक बार फिर से चालू होंगी। यहां गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड सप्ताह में दो बार हो सकेंगी। यहां तैनात मेडिकल अफसर इंचार्ज डॉ. शिवा लखनपाल हर सप्ताह के बुधवार व शुक्रवार सुबह दस बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक गर्भवती महिलाओं की निशुल्क अल्ट्रासाउंड करेंगे। इससे न सिर्फ गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर के चक्कर काटने से निजात मिलेगी, बल्कि उनके पैसे की भी बचत होगी।

सिविल अस्पताल गगरेट में अरसे से अल्ट्रासाउंड मशीन तो पड़ी थी, लेकिन रेडियोलोजिस्ट की सुविधा न होने के चलते यह मशीन धूल फांक रही थी। हालांकि, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर चौक में तैनात डॉ. सुखविंद्र सिंह को यहां अल्ट्रासाउंड मशीन को संचालित करने का जिम्मा दिया गया था, लेकिन वह भी सप्ताह में एक दिन ही इस अस्पताल को दे पाते थे। कार्य की व्यस्तता के कारण कई बार तो वह सप्ताह में एक बार भी नहीं आ पाते थे। इसी बीच प्रदेश सरकार ने डॉ. शिवा लखनपाल का यहां तबादला किया, जो अस्पताल के मेडिकल अफसर इंचार्ज भी हैं और उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन करने में भी महारत हासिल की है।

हालांकि, पीसीएनडीपीटी एक्ट के तहत गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करना जिम्मेदारी का काम है, क्योंकि इसमें लिंग निर्धारण करना गैर जमानती अपराध है। ऐसे में अब डॉ. शिवा लखनपाल का अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन करने के लिए पंजीकरण किया जा चुका है। इससे पहले अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। गर्भवती महिलाएं निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर मंहगे दाम पर अल्ट्रासाउंड करवाने को विवश थीं। अब सिविल अस्पताल गगरेट में ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलने से इसका सीधा लाभ गर्भवती महिलाओं को होगा। शुक्रवार को डॉ. लखनपाल ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा का विधिवत शुभारंभ भी कर दिया। पहले ही दिन उन्होंने कई गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड किए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने बताया कि सिविल अस्पताल गगरेट में डा. शिवा लखनपाल की सेवाओं का लाभ गर्भवती महिलाओं को मिलेगा।



अस्पताल में अल्ट्रासाउंड यूनिट के साथ तकनीकी स्टाफ।

## अनिल कुमार नीलू ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

**सन्नी पुरी, गगरेट**

नगर पंचायत गगरेट के वार्ड नंबर चार से पार्षद अनिल कुमार नीलू अब विधिवत रूप से नगर पंचायत गगरेट के अध्यक्ष बन गए हैं। नगर पंचायत के पार्षद सुरेंद्र सिंह तोतू द्वारा निजी कारणों से अपने पद से त्याग-पत्र देने पर अनिल कुमार नीलू को सर्वसम्मति से नगर पंचायत गगरेट का अध्यक्ष चुन लिया गया था, लेकिन भी तक उनकी आधिकारिक तौर पर शपथ नहीं हुई थी।

अनिल ने आधिकारिक रूप से शपथ ग्रहण कर अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। अनिल कुमार नीलू ने अध्यक्ष बनते ही नगर पंचायत गगरेट में विकास कार्यों को गति देने का ऐलान भी किया है। तोतू ने गगरेट में हुए विधानसभा उपचुनाव से पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था,लेकिन आदर्श चुनाव आचार संहिता लगी होने के कारण अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं हो सका था। उपचुनाव के बाद अध्यक्ष पद के लिए चुनाव तो हुआ, लेकिन नए अध्यक्ष के लिए शहरी विकास विभाग से अधिसूचना जारी न होने के कारण आधिकारिक रूप से अनिल अपना पदभार ग्रहण नहीं कर पाए थे। इसके चलते कई महीनों से नगर पंचायत गगरेट का विकास थम-सा गया था।

वीरवार को एसडीएम सौमिल गौतम ने विधिवत रूप से अनिल को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई। शपथ ग्रहण समारोह में पार्षद मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




कार्यभार संभालने के बाद अनिल कुमार नीलू समर्थकों के साथ।

### सूडोकु 0015

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0014 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

3 अगस्त, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** त्रयोदशीः (3:29) **: नक्षत्र :** आर्द्रा (10:59), **पक्षः** कृष्ण, **योगः** हर्षण (11:44) **शुभ मुहूर्तः** अभीजित (12:00 - 12:54), **राहुकाल** (10:46 -12:27)।

**विशेष दिन**

- 3 अगस्त 2024 : दक्षिण भारत में आज मनाई जाएगी आदि अमावस्या।
- 4 अगस्त : हरियाली अमावस्या कल।

**मेषः** आज पूरा दिन मन अशांत हो सकता है। मानसिक उलझनों के कारण किसी कार्य में मन नहीं लगेगा। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

**वृषभः** आपका प्रयास आज रंग लाएगा। किसी तरह का शुभ समाचार मिलेगा। नए अवसर जीवन में परिवर्तन लाने का काम करेंगे।

**मिथुनः** आपको धन लाभ होने की संभावना है। मनोकामना की पूर्ति का दिन है। आज दिन शुभ रहेगा। आज का दिन मंगलमय रहेगा।

**कर्कः** भागीदारी में लाभ न के बराबर होगा। आपके अपने परायों सा व्यवहार कर सकते हैं। शारीरिक अस्वस्थता हो सकती है।

**सिंहः**आज दिन मिश्रित रहेगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता है। अशुभ समाचार मिलने से तनाव की स्थिति आ सकती है।

**कन्याः** आपको यात्रा से लाभ होगा। पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आज आशानुकूल लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः** रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। प्रयास से सभी कार्य बनने की संभावना बनेगी। जिससे आपको धन लाभ होगा।

**वृश्चिकः** कार्य बनने की खुशी होगी। बनाए गए नए संपर्कों से लाभ होने की संभावना है। सफलता प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**धनु :** कार्यों में बाधा का योग है। धैर्य से काम लें एवं कठिनाइयों का सामना करें। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**मकरः** आज की गई यात्रा सुखद रहेगी। किसी कार्य संबंधी मामले में उन्नति का समाचार मिलेगा। पुरस्कार अथवा भेंट मिलने की खुशी होगी।

**कुंभः** कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख-समृद्धि के साथ-साथ खर्च में भी वृद्धि होगी। गुप्त शत्रु तंग कर सकते हैं, सावधान रहें।

**मीनः** भाग्य आज सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे। यश-कीर्ति में वृद्धि होगी। शांत रहकर कार्य बना लें।

**निर्देश** — एसडीएम कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण कर विस्तृत डाटा करेंगे संकलित

# कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करें : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले में सभी कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों के कड़े पालन की दिशा में निर्णायक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित हर कोचिंग सेंटर का सघन निरीक्षण करने और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने को कहा है। इस संदर्भ में आदेश जारी करते हुए जिला दंडाधिकारी ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने उपमंडलों में कोचिंग सेंटरों का विस्तृत डाटा संकलित करें, जिसमें सेंटर का नाम, पता, स्वामित्व, पंजीकरण स्थिति, नामांकित छात्रों की संख्या और यदि सेंटर बेसमेंट में संचालित हो तो उसकी स्थिति का विशेष विवरण शामिल हो।

बता दें, हाल ही में दिल्ली के ओल्ड राजिंद्र नगर में एक कोचिंग सेंटर में बाढ़ और जलभराव की त्रासदी ने सुरक्षा मानकों की गंभीर कमी को उजागर हुई थी। इस दुर्घटना में सिविल सेवा के तीन अभ्यर्थियों की दुखद मृत्यु हो गई थी। इस दुर्घटना को देखते हुए उपायुक्त ने बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी कोचिंग सेंटर सुरक्षा नियमों का पूरा पालन करें।

उन्होंने कहा कि एसडीएम अपने निरीक्षण में सुनिश्चित करें कि कोचिंग सेंटरों में अग्नि सुरक्षा नियमों का अनुपालन हो। वहां कार्यात्मक अग्निशामक यंत्र, अलार्म और स्पष्ट आपातकालीन निकासी हो। वे परिसर की संरचनात्मक अखंडता का मूल्यांकन करें और यह भी देखें कि वहां उचित वेंटिलेशन हो। इसके अलावा कोचिंग सेंटर परिसर के भीतर और आसपास की जल निकासी प्रणाली का निरीक्षण करें, ताकि जलभराव को रोका जा सके, विशेषकर बेसमेंट को लेकर जल निकासी प्रणाली का गहन निरीक्षण करें।



उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटरों पर विशेष ध्यान दें। शैक्षणिक संस्थानों के संचालन से संबंधित सभी नियमों का अनुपालन सत्यापित करें, जिसमें पर्याप्त प्रकाश, वेंटिलेशन और आपातकालीन निकास शामिल हों। जो कोचिंग सेंटर आवश्यक सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें इन खामियों का निवारण करने तक अस्थायी रूप से बंद करने के लिए कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एसडीएम आवश्यक सुधारात्मक उपायों के क्रियान्वयन जांचने के लिए पुनः उन सेंटरों का निरीक्षण करेंगे। जिन मामलों में कोचिंग सेंटर अनुवर्ती निरीक्षणों के बाद भी सुरक्षा और संरचनात्मक मानदंडों का पालन करने में विफल रहते हैं, उनके खिलाफ संबंधित कानूनों और विनियमों के अनुसार उपयुक्त कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी एसडीएम को कोचिंग सेंटरों के निरीक्षणों को लेकर अपने निष्कर्षों पर दो दिन के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रिपोर्ट में उन कोचिंग सेंटरों के विशेष जिक्र को भी को भी कहा है जो निर्धारित मानदंडों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उल्लंघनकर्ता के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 से 60 और अन्य कानूनी प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 60 के तहत कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार रहेगा।

किसी को सिर्फ अपने धर्म का सम्मान और दूसरे के धर्म की निंदा नहीं करनी चाहिए। -अशोक

## संपादकीय

# आरक्षण पर राजनीति

देशभर में एक बार फिर आरक्षण को लेकर खासी चर्चा हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी आरक्षण में कोटे में कोटा देने की व्यवस्था कर नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। न्यायालय ने वर्ष 2004 के अपने ही फैसले को पलटते हुए कहा है कि राज्यों को एससी/एसटी कैटेगरी में सब-क्लासिफिकेशन का अधिकार है। इसके लिए राज्य को डाटा से यह दिखाना होगा कि उस वर्ग का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व है। कांग्रेस और भाजपा समेत किसी भी पार्टी ने इस फैसले पर अभी तक मुंह नहीं खोला है। उन्हें इस बात का इंतजार है कि दलित सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कैसी प्रतिक्रिया देते हैं। कुल मिलाकर अब इस फैसले पर खूब राजनीति होने वाली है, क्योंकि जब देश में ओबीसी आरक्षण लागू हुआ था तो उसके बाद सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाली कई पार्टियां उठ खड़ी हुई थीं। यह पिछड़े वर्ग की जातियों की पार्टियां थीं समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड, इंडियन नेशनल लोकदल और जनता दल (सेक्युलर) जैसी पार्टियां उसी के बाद पैदा हुई थीं, लेकिन बाद के वर्षों में पिछड़ी जातियों में से कुछ अति पिछड़ी जातियों को लगा कि सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाले ये दल उनके साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। इसी आधार पर कुछ जाति आधारित पार्टियों का उदय हुआ था। उत्तर प्रदेश में अपना दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, निषाद पार्टी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) जैसी पार्टियां आज भी जाति आधारित राजनीति करती हैं। कुछ लोग इस फैसले को समानता के मौलिक अधिकार के खिलाफ बता रहे हैं। वो सवाल उठा रहे हैं कि पिछड़ेपन का निर्णय किस आधार पर किया जाएगा? दरअसल, आरक्षण समाज में वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय प्रदान करता है। आरक्षण वंचितों को शैक्षिक और रोजगार के अवसर देता है। यही नहीं, राजनीतिक प्रतिनिधित्व भी प्रदान करता है। आरक्षण के जहां कई फायदे हैं तो वहीं, नुकसान भी हैं।

आरक्षण प्रतिभा की अनदेखी कर सकता है। अन्य वर्गों का विरोध कर सकता है। इसका दुरुपयोग हो सकता है। इससे आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। या यूं कहें कि आरक्षण एक जटिल मुद्दा है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। आरक्षण को खत्म करने से पहले, हमें इसके विकल्पों पर विचार करना चाहिए, जैसे कि आर्थिक आधार पर आरक्षण देना चाहिए, ताकि वास्तव में वंचित वर्गों को लाभ मिल सके। आरक्षण को मेरिट आधार पर देना चाहिए, ताकि प्रतिभा की अनदेखी न हो। आरक्षण की समीक्षा भी होती रहनी चाहिए, ताकि इसके फायदे और नुकसान का मूल्यांकन किया जा सके। एससी/एसटी आरक्षण के वर्गीकरण का राजनीतिक दल दुरुपयोग कर सकते हैं। राजनीतिक दल एससी/एसटी आरक्षण को वोट बैंक की राजनीति के लिए उपयोग कर सकते हैं, जिसमें वे वंचित वर्गों को आरक्षण के मुद्दे पर आकर्षित करने का प्रयास करते हैं। राजनीतिक दल अपने हितों को विस्तारित कर सकते हैं तथा एससी/एसटी आरक्षण की समीक्षा में भी देरी कर सकते हैं, क्योंकि उनकी मंशा अपने राजनीतिक हितों को सुरक्षित रखने की होती है। राजनीतिक दल एससी/एसटी आरक्षण के नाम पर भ्रम फैला सकते हैं, जैसे कि आरक्षण के बारे में गलत जानकारी फैलाना या आरक्षण के मुद्दे को संवेदनशील बनाना। राजनीतिक दल एससी/एसटी आरक्षण का दुरुपयोग कर सकते हैं, जैसे कि आरक्षण के नाम पर अपने समर्थकों को लाभ पहुंचाना। एससी/एसटी वर्ग में विभिन्न जातियां शामिल हैं, जिनकी अलग-अलग जरूरतें और समस्याएं हैं। यह बात तय है कि बंटवारे से आरक्षण का समान वितरण सुनिश्चित होता है, ताकि कोई एक जाति आरक्षण का अधिक लाभ न उठा सके। यह भी सच है कि इससे न्याय और समानता की भावना को बढ़ावा मिलता है, क्योंकि हर जाति को उसकी जरूरत के अनुसार आरक्षण मिलता है। भारतीय संविधान में एससी/एसटी वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिसमें बंटवारे की जरूरत पड़ती है। सही मायने में आरक्षण आर्थिक, शैक्षिक, मैरिट, सामाजिक, सक्षम और स्थानीय आधार पर मिलना चाहिए, ताकि वास्तव में वंचित वर्गों को लाभ मिल सके। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने एससी/एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बताया है इसलिए हम सबको सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का सम्मान करना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि

**मैथिलीशरण** गुप्त खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से आपने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया। इस तरह ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नए कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिंदी कविता के इतिहास में गुप्त जी का यह सबसे बड़ा योगदान है। गुप्त जी को कवित्व प्रतिभा और राम भक्ति पैतृक देन में मिली थी। वे बाल्यकाल में ही काव्य रचना करने लगे। पिता ने इनके एक छंद को पढ़कर आशीर्वाद दिया कि 'तू आगे चलकर हमसे हजार गुनी अच्छी कविता करेगा' और यह आशीर्वाद अक्षरशः सत्य हुआ। मुंशी अजमेरी के साहचर्य ने उनके काव्य-संस्कारों को विकसित किया। उनके व्यक्तित्व में प्राचीन संस्कारों तथा आधुनिक विचारधारा दोनों का समन्वय था। मैथिलीशरण गुप्त जी को साहित्य जगत् में 'दद्दा' नाम से संबोधित किया जाता था। शिक्षाद्ध काव्य भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नए कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिंदी कविता के इतिहास में गुप्त जी का यह सबसे बड़ा योगदान है।



**मैथिलीशरण गुप्त**
**जन्म :** 3 अगस्त, 1886
**मृत्यु :** 12 दिसंबर, 1964

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन प्रमुख कारकों पर निर्भर करती है और वो हैं पनबिजली, पर्यटन और कृषि। हिमाचल प्रदेश की सेब की खेती एक प्रमुख उद्योग है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। हिमाचल देश का सबसे बड़ा सेब उत्पादक राज्य है, जो देश की कुल सेब पैदावार का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा पैदा करता है। हिमाचल में कई प्रकार की सेब की किस्में उगाई जाती हैं, जिनमें रॉयल डिलीशियस, रेड गोल्ड, गोल्डन, सुपर चीफ, रेड कार्न, ग्रेनी स्मिथ, स्कारलेट स्पर, स्कारलेट स्पर दो, जीरोमाइल, बांस डिलीशियस, रेड चीफ, स्कारलेट गाला, गिब्सन गोल्डन, गोल्ड स्पर और आर्गन स्पर सहित कई विदेशी किस्में शामिल हैं। प्रदेश में सेब की खेती लगभग 100,000 हेक्टेयर क्षेत्र में की जाती है, जो राज्य के कुल कृषि क्षेत्र का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। प्रदेश में सेब की पैदावार लगभग 7-8 लाख टन प्रति वर्ष होती है। सेब की खेती हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करती है, जो राज्य के किसानों को रोजगार और आय प्रदान करती है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# कौन 'लिख' रहा है केशव के लिए 'स्क्रिप्ट'

उत्तर प्रदेश की राजनीति भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आजकल सबके आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। पिछड़े समाज से आने वाले केशव प्रसाद मौर्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक पुराने और समर्पित कार्यकर्ता हैं। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव के समय केशव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे और बीजेपी की जीत के बाद उनके सीएम बनने की चर्चा काफी जोरों से चली थीं, लेकिन ऐन मौके पर वह सीएम की रेस से बाहर कर दिए गए, जो कारण सामने आए, उसमें उनके ऊपर चल रहे आपराधिक मुकदमें अहम थे।

मोदी और शाह की जोड़ी नहीं चाहती थी कि केशव प्रसाद को सीएम बनाकर वह विपक्ष को हमलावर होने का मौका दें, इसके बाद बीजेपी आलाकमान की पोटली से अप्रत्याशित रूप से योगी आदित्यनाथ का नाम सामने आया और उन्हें सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया गया। उस समय तक योगी की पहचान एक कट्टर हिंदूवादी नेता की होती थी और हिंदू वाहिनी नाम से वह एक संगठन भी चलाते थे,जो काफी एग्रेसिव होकर हिंदुत्व को प्रखरता प्रदान करता था। केशव प्रसाद मौर्य के नीचे से सीएम की कुर्सी खिसक गई, इसका उनमें गुस्सा था, केशव की इसी गुस्से को शांत करने और पिछड़ा समाज की नाराजगी को दूर करने के लिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें समझा बुझा कर डिप्टी सीएम बना दिया। ओहदे के अनुसार उन्हें कुछ प्रमुख विभाग भी दिए गए। इसके साथ-साथ लखनऊ में केशव प्रसाद मौर्य और योगी आदित्यनाथ पड़ोसी भी बन गए। पांच कालीदास मार्ग योगी का पता था, तो 7 कालीदास मार्ग में केशव रहते थे।

दोनों के आवास के बीच में बस एक बंगला आता था, लेकिन योगी और केशव का एक-दूसरे के घर जाना नहीं होता था, यहां तक कि केशव प्रसाद मौर्य के पिता की मौत के बाद योगी ने केशव के आवास पर जाकर संवेदना जताने में भी काफी समय लगा दिया। वह तब संवेदना व्यक्त करने पहुंचे जब आलाकमान ने उन्हें इसके लिए 'मजबूर' किया। यह और बात थी कि इतना सब होने के बाद भी केशव ने कभी अपनी नाराजगी को सार्वजनिक नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद वे खुलकर सामने आ गए हैं। वह मुख्यमंत्री से दूरी बनाकर चलने लगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकसभा चुनाव के बाद हुई, किसी भी कैबिनेट बैठक में केशव शामिल नहीं हुए। चुनाव परिणाम आने के बाद से केशव मुख्यमंत्री की मौजूदगी में होने वाली किसी बैठक में नहीं जा रहे हैं। वह कैबिनेट बैठकों से भी दूरी बनाए हैं। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। योगी ने जब मंगलवार अपने सांसदों और विधायकों से हार के लिए फीडबैक लिया, तो 25 जुलाई को प्रयागराज मंडल के सांसदों और विधायकों के साथ हुई बैठक में भी केशव मौजूद नहीं रहे। जबकि वह सीएम आवास के बगल में स्थित अपने सरकारी आवास पर मौजूद थे और कई पूर्व व वर्तमान मंत्रियों से मुलाकात कर रहे थे।



लेखक : संजय सक्सेना
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उनके बैठक में नहीं पहुंचने पर प्रदेश की सियासत गरमा गई। प्रयागराज मंडल की बैठक में भाजपा के साथ अपना दल (एस) के विधायक भी पहुंचे थे। बैठक में पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता समेत सभी विधायक थे। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से विधानसभावार चर्चा की। इसी प्रकार केशव सीएम की बैठक में भले ही नहीं गए, पर पूरा दिन अपने आवास पर जनप्रतिनिधियों से मिलते रहे। केशव से पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी और राज्यमंत्री दिनेश खटीक समेत कई लोगों ने मुलाकात की। इसकी जानकारी खुद केशव ने अपने एक्स हैंडल से देते हुए फोटो भी शेयर किया है। अखिलेश से नाराज चल रहीं सपा विधायक पल्लवी पटेल ने जरूर उसी समय सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रदेश की सियासी माहौल को गरमा दिया। सूत्रों के मुताबिक पल्लवी सीएम आवास पर करीब 25-30 मिनट रही। सीएम से हुई बात को लेकर पल्लवी कुछ बताने को तैयार नहीं दिखी। हां, उनके करीबी सूत्रों का जरूर कहना था कि वह अपने क्षेत्र के विकास के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलने गई थीं।

बता दें कि पल्लवी ने पिछले विधानसभा चुनाव के केशव प्रसाद को शिकस्त दी थी। वहीं, भाजपा की सहयोगी अपना दल (एस) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री को ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर पत्र लिखा था, जिसे लेकर सियासी तूफान उठा था। एक बात और केशव प्रसाद मौर्य पार्टी के भीतर तो विरोध की चिंगारी भड़काए हुए हैं, लेकिन विपक्ष के हाथ का खिलौना वह नहीं बनना चाहते हैं, इसीलिए जैसे ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव नाराज केशव प्रसाद मौर्य को कोई ऑफर देते हैं, तो केशव उनको करारा जवाब देकर चुप करा देते हैं। केशव की बातें योगी खेमें को काफी चुभती हैं, जब केशव संगठन को सरकार से बड़ा बताते हैं अब तक केशव कम से कम दो बार कह चुके हैं कि संगठन सरकार से भी बड़ा है। केशव इस समय किस-किस से मिल रहे हैं, इसको लेकर सभी में जिज्ञासा बनी रहती है। दिल्ली में पार्टी के बड़े नेताओं से उनकी मुलाकात और बातचीत को लेकर भी सुर्खियां बनी रहती है। वहीं केशव से मिलने वालों में भाजपा की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रमुख ओमप्रकाश राजभर भी शामिल हैं। मौर्य के एक अन्य ओबीसी नेता, निषाद पार्टी के संजय निषाद से भी मुलाकात की चर्चा गरम है। केशव के राजभर और निषाद से मुलाकात के कई मायने हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद संजय निषाद ने ही पहला बयान दिया था कि बुलडोजर के दुरुपयोग ने हमें हरा दिया। इन्हीं लाइनों पर ओमप्रकाश राजभर ने भी बुलडोजर राजनीति की आलोचना की थी।

दोनों ओबीसी नेताओं के बयान साफ तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ है, जो खुद को बुलडोजर बाबा कहलवाना पसंद करते हैं। विपक्ष का आरोप है कि योगी ने ही सबसे पहले बुलडोजर से मुस्लिमों के घर-दुकान आदि गिराने की शुरुआत की थी। ओमप्रकाश राजभर तो अब योगी कैबिनेट में मंत्री भी हैं। लेकिन वो मुखर योगी विरोधी हैं। ऐसे में केशव प्रसाद मौर्य का योगी के दो कट्टर विरोधियों से मिलने का मतलब आसानी से निकाला जा सकता है। यह मुद्दा इसलिए गंभीर है, क्योंकि एक अन्य ओबीसी नेता और अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल भी योगी के खिलाफ मुखर नजर आ रही हैं। केशव और अनुप्रिया के सुर भी मिल रहे हैं। बहरहाल,इस बात की संभावना नहीं है कि केशव पार्टी के खिलाफ बगावत भी कर सकते हैं। डिप्टी सीएम केशव लंबे समय से भाजपा के वफादार हैं। 2017 में जब भाजपा को सत्ता मिली तो वो प्रदेश भाजपा अध्यक्ष थे। केशव प्रसाद मौर्य इतने गुस्से में क्यों हैं,यह तो समझ में आता है, लेकिन केशव के गुस्से को आलाकमान शांत क्यों नहीं करा रहा ,यह समझ से परे बात है।
**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# विपत्ति में एक-दूसरे का सहयोग करना ही मानवता

पिछले साल की खतरनाक बरसात के जख्म से हिमाचल अभी पूरी तरह उभरा भी नहीं था कि इस साल फिर से बरसात का कहर बरप पड़ा है हमारी देवभूमि पर। कई स्थानों पर बादल फटने से भयंकर तबाही मची हुई है। नदी नाले उफान पर हैं और जगह-जगह भू-स्खलन हो रहा है। ऐसे में लोगों में खौफ पैदा हो गया है, क्योंकि अभी अगस्त का पूरा महीना बाकी है। बरसात का रौद्र रूप देखकर लोगों की रूह कांपने लगी है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से डराने वाली खबरें सामने आ रही हैं। हमें अपनी और अपनों की सुरक्षा का ख्याल खुद रखना पड़ेगा। बहुत तेज बारिश में घर से बाहर न निकलें, नदी-नालों के आसपास न जाएं। समय-समय पर अपने घर के आसपास चेक करते रहें, कोई खतरा महसूस हो रहा हो जैसे कि लैंडस्लाइड होने का या किसी विशालकाय वृक्ष के टूटने का तो तुरंत किसी सुरक्षित जगह पर चले जाएं, ताकि कोई अनहोनी होने से बचा जा सके। कुदरत को हम रोक नहीं सकते। यह देती है तो छप्पर फाड़कर और लेती है तो पाई-पाई का हिसाब करती है। यह किसी के साथ भेदभाव नहीं करती। हमसे हजारों गलतियां हुई हैं, उसका खामियाजा तो चुकाना ही पड़ेगा। प्रगति के नाम पर प्रकृति को चोट पहुंचाएंगे तो कुछ तो कीमत हमको भी चुकानी पड़ेगी।



लेखिका :बिषणा गाजटा
स्वतंत्र लेखक, चौपाल

वैसे भी मनुष्य कभी संतुष्ट नहीं हो सकता। कभी गर्मी और सूखे से परेशान होता है, तब भी रोता रहता है, कभी बारिश से बेहाल हो जाता है तब भी रोता है और आने वाले कुछ दिनों के बाद ठंड से हताश होगा, तब फिर से रोएगा और इसी तरह पूरे साल यह चक्र चलता ही रहेगा। ऐसे में प्रकृति को भी समझ नहीं आता होगा, आखिर इस कंफ्यूज इंसान को चाहिए क्या? आज हमारा बिलकुल भी प्रकृति के साथ तालमेल नहीं है तभी ऐसे प्रकोपों का सामना करना पड़ रहा है। हमारे बुजुर्गों का प्रकृति के साथ तालमेल था, वो प्रकृति को समझते थे और प्रकृति भी उसी हिसाब से चलती थी। वे बादल, हवा, पक्षियों की चहचहाहट आदि से अनुमान लगाया करते थे कि आने वाले दिनों में मौसम का कैसा मिजाज रहने वाला है, क्योंकि भगवान ने प्रकृति का निर्माण मनुष्य की सहूलियत के हिसाब से किया है, मगर आज हम प्रकृति को अपना दुश्मन मान बैठे हैं। तभी ऐसे मंजर सामने आते हैं। आज हम सिर्फ अपने फायदे के लिए इसका उपयोग करते हैं, जबकि इसकी देखभाल करने का जिम्मा भी हमारा ही है। जितनी हम इसकी देखभाल करेंगे उतना ही हमें भी फायदा पहुंचाएगी। रही बात सरकार की तो सरकार के लिए हम और आप सिर्फ एक आंकड़ा है। कहीं बढ़ रहा है तो कहीं घट रहा है। सरकार को या किसी को भी कोसने से या ब्लेम करने से कुछ नहीं होगा। ऐसे विपत्ति के समय में एक-दूसरे का यथासंभव सहयोग करके अपनी मानवता दर्शाएं, ताकि ऐसा करने से प्रकृति भी हम पर कुछ रहम करेगी। **( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## कविता



### दया धर्म को पालिए

शिव सन्याल

*दया धर्म को पालिए, करो क्षमा का दान।*
*त्रास निवारो प्रेम से, करो पतित का मान।।*
*जीवन यह अनमोल है, चलो धर्म अनुसार।*
*मानवता सब से भली, करो सभी से प्यार।।*
*सत्य वचन का मोल है, नहीं झूठ के पैर।*
*कड़वा बोल न बोलिए, पालो मत न बैर।।*
*कर्म तुम्हारा धर्म है, इससे मत मोड़।*
*करो लगन से काम को, फल की इच्छा छोड़।।*
*समता का अधिकार दो, करो पतित उत्थान।*
*जीवों का उद्धार हो, यही धर्म है मान।।*
*निंदा चुगली त्यागिए, करो नहीं प्रतिकार।*
*सब्र करो जो है मिला, करो इसे स्वीकार।।*

# हिमाचल में आफत की बरसात, फिर ताजा हुए पिछले साल के घाव

हिमाचल में एक बार फिर बेरहम बरसात ने दरवाजे पर दस्तक दे दी है। अभी हिमाचल के लोगों को पिछली बरसात में मिले घाव भरे भी नहीं थे कि एक बार फिर से बरसात ने वो जख्म ताजा कर दिए हैं। बुधवार मध्यरात्रि को भारी बारिश के कारण छह जगह बादल फटने से भारी जान माल का नुकसान हुआ है। कुल्लू जिले के नैन सरोवर, भीमडवारी, मलाना, मंडी के राजबन, चंबा के राजनगर और लाहौल के जाहलमा में बादल फटे हैं। रामपुर उपमंडल के समेज गांव में बुधवार बादल फटने की घटना ने पूरे प्रदेश के लोगों को झकझोर दिया है। यहां पहले घाटी में बसा सुंदर गांव दिखाई देता था अब चारों तरफ केवल मलबा और पत्थर ही दिखाई दे रहे हैं।

प्रदेशभर में बुधवार रात आए जलप्रलय में पांच लोगों की मौत हुई हैं, जबकि 48 लोग अभी भी लापता हैं, 47 घर, 10 दुकानें, 14 पुल, एक डिस्पेंसरी, एक बस अड्डा, 30 वाहन, दो बिजली प्रोजेक्ट और एक बांध बह गए हैं। पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें लापता लोगों की तलाश में दिन-रात जुटी हैं। स्थानीय लोग भी आफत की घड़ी में एक दूसरे का सहारा बन रहे हैं। भारी बारिश एवं व्यास नदी में जलस्तर बढ़ने से कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग एक बार फिर से क्षतिग्रस्त हुआ है। जिससे पर्यटन पर काफी प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि अधिकतर पर्यटक लाहौल और मनाली इसी राजमार्ग से होकर जाते हैं। प्रदेश में इस समय कुल 455 सड़कें बंद हैं, जिससे कुल 495 बस रूट प्रभावित हैं। 983 पेयजल योजनाएं तथा 178 ट्रांसफार्मर बंद हैं। प्रशासन द्वारा यातायात को बहाल करने के प्रयास जारी हैं। अभी तक के सरकारी अनुमान के अनुसार विभिन्न विभागों को 215 करोड़ का नुकसान को चुका है। पिछले साल की बरसात से हुए नुकसान के कारण यह आंकड़ा 1000 करोड़ से अधिक था। व्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से पंडोह बांध के गेट खोल दिए गए हैं, जिससे व्यास में जलस्तर बढ़ गया है ।



लेखक : ऋषि कुमार भारद्वाज
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रशासन द्वारा लोगों से नदी-नालों के करीब न जाने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने खराब मौसम को देखते हुए मंगलवार रात को रेड अलर्ट भी जारी किया था। बादल फटने की घटनाओं के बाद प्रदेश सरकार भी हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों के साथ शिमला में एक आपात बैठक कर अलर्ट रहने को कहा है। जल शक्ति विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार की तरफ से भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी खुद स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं । गृह मंत्रालय लगातार प्रदेश सरकार के संपर्क में है। उधर सड़क परिवहन मंत्री विक्रमादित्य सिंह चंबा दौरा बीच में ही स्थगित कर स्थिति का जायजा लेने रामपुर और कुल्लू के लिए निकल पड़े। सरकार की तरफ से राज्य एवं जिला स्तर पर आपातकालीन संचालन केंद्र स्थापित किए गए हैं और हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा प्रभावितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

भारी बारिश किसानों एवं बागवानों के लिए भी आफत बनकर आई। प्रदेश में सेब की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। मैदानी भागों में मक्की की फसल को नुकसान हुआ है। इससे किसानों की आर्थिकी पर प्रभाव पड़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने पांच अगस्त तक राज्य में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल एक पहाड़ी क्षेत्र है, इसलिए यहां पर मानसून में कहीं पर भी बादल फट सकते हैं। शिमला, रामपुर, कुल्लू, मंडी, बंजार का क्षेत्र बादल फटने को लेकर अधिक संवेदनशील हैं, क्योंकि यहां घाटियां ज्यादा हैं। जहां बादल पहाड़ों का सहारा लेकर एक जगह बरसते हैं। ऐसे में इन क्षेत्रों में बरसात के समय अधिक नुकसान होता है। पिछले साल आई आपदा के एक वर्ष बीत जाने के बाद भी हमने सबक नहीं लिया। भविष्य के लिए नियम तो बना दिए, किंतु पहले से नदियों किनारे हुए अवैध निर्माण के बारे में किसी ने नहीं सोचा। बरसात हर साल आती है, नुकसान भी होता है, किंतु सबक नहीं लिया जाता। प्रदेश में आपदा आने के अनेक कारण हैं। मसलन पहाड़ों की सीधी कटाई, अवैज्ञानिक व अंधाधुंध निर्माण, पेड़ों का कटान, नदियों में मलबा, सड़क निर्माण के समय भयंकर ब्लास्ट, ड्रेनेज सिस्टम का नहीं होना और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से असंतुलित वर्षा हो रही है । नदियों किनारे हो रहे अवैध निर्माण को रोका जाना चाहिए । इसके लिए कड़े नियम बनाने के साथ उन्हें सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। सामाजिक संस्थाओं को भी इसके लिए आगे आने की जरूरत है। ताकि प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखा जा सके।
**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कुदरत से लगातार हो रही छेड़छाड़ तबाही की वजह

दिन-प्रतिदिन प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पर्यावरण संतुलन बुरी तरह गड़बड़ा गया है। आए दिन मौसम से संबंधित नई-नई घटनाएं हो रही हैं। यह लोगों के लिए भविष्य की बहुत बड़ी तबाही के संकेत दे रही है। हर वर्ष बरसात के दिनों में प्रकृति का स्वरूप भयंकर हो रहा है। इसकी मार अब जन-जीवन पर पड़ना स्वभाविक ही है। आए दिन होने वाली घटनाओं में जान-माल का हर साल बहुत अधिक नुकसान हो रहा है। पहाड़ों के दरकने से कई जिंदगियां हमेशा के लिए दफन हो गई है। बड़ी संख्या में बेजुबान जानवर भी भू-स्खलन की चपेट में आकर काल के ग्रास बन गए । साल दर साल करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान हो रहा है। उसकी भरपाई नहीं हो रही है। पिछली बरसात ने जो जख्म दिए थे, वे अभी भरे नहीं, जबकि वीरवार को फिर बहुत बड़ी तबाही का मंजर देखने को मिला। बादल फटने की घटनाएं अक्सर ऐसे समय में होती है। जब लोगों को संभलने का मौका नहीं मिलता।

ऐसी स्थिति में कोई भी अपने आप को सुरक्षित नहीं समझ रहा है। हाल ही में भारी बारिश तथा भू-स्खलन से पूरे हिमाचल प्रदेश को झझकोर कर रख दिया है। विशेषकर मंडी, कुल्लू व शिमला, जिलों में बादल फटने से बड़ी संख्या में हर प्रकार की क्षति हुई है। पिछली बरसात में भी बहुत अधिक मानवीय क्षति हुई थी। इसके बावजूद मनुष्य प्रकृति से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहा है। मनुष्य अपने भौतिक सुख के लिए पृथ्वी को छलनी कर रहा है। वातावरण में तापमान बढ़ जाने से हिमालय पर स्थित हजारों वर्ष पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। छोटे-बड़े कारखानों व अन्य माध्यमों से निकलने वाले जहरीले धुएं व उनसे निकलने वाले कैमिकल युक्त पानी से बढ़ रहा प्रदूषण जीवधारियों के लिए भयंकर खतरा बना हुआ है। सारा वातावरण धुंधला हो गया है। वाहनों से निकलने वाला धुआं व धूल आदि से वातावरण और अधिक प्रदूषित हो रहा है। पर्यावरण संतुलन न होने से बादल फटने जैसी प्राकृतिक घटनाएं होने लगी हैं।



लेखक : रामलाल पाठक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भू-स्खलन होने से पहाड़ दरकने लगे हैं। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी है। भारी बारिश होने से एकाएक बाढ़ आ जाती है। उससे बहुत कुछ तबाह होने लगा है । जंगल उजड़ने लगे हैं। धरती पर रहने वाले जीवधारियों पर हर समय प्राकृतिक आपदा का खतरा मंडराने लगा है। मौसम में अब पहले की तरह स्थिरता नहीं रही है। पहाड़ों, नदियों, खड्डों व चो-नालों में पत्थरों के साथ ही रेत-बजरी का अंधाधुंध बेतरतीब खनन होने से जहां भूमि में पानी का स्तर काफी नीचे उतर गया है, वहीं दिन-प्रतिदिन भूस्खलन का खतरा और अधिक बढ़ रहा है। भले ही मानव के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सड़कों, भवनों व बिजली परियोजनाओं का निर्माण समय की आवश्यक्ता है। ऐसे निर्माण विकास की इबारत लिखते हैं तथा इससे लोगों को अनेक मूलभूत सुविधाएं मिलती हैं। उनकी आज के समय में नितांत आवश्यकता है, लेकिन यह कार्य बेतरतीब ढंग से होने से नुकसान अधिक हो रहा है तथा सुविधाएं कम मिल रही है।

पहाड़ों का सीना छलनी हो रहा है। पानी के प्राकृतिक स्रोत लुप्त होने लगे है। खड्डों में पानी नाम मात्र का रह गया है। भू-स्खलन से बड़ी-बड़ी विशालकाय चट्टाने गिरने लगी हैं। जिन से भू-स्खलन का कुछ हद तक बचाव हो रहा था। पहाड़ खंडहरों की तरह दिखने लगे हैं। तापमान में वृद्धि होने से भूकंप का खतरा बढ़ रहा है। आए दिन पत्थर गिरने का खतरा बढ़ गया है तथा बड़े-बड़े ल्हासे गिर रहे हैं। सड़कें धंस रही हैं। बड़े-बड़े भवन ताश के पतों की तरह पलभर में बिखर रहे हैं। हालांकि खनन एवं निर्माण कार्य से संबंधित सरकार ने कई तरह के नियम निर्धारित किए हैं, मगर उन्हें धता बताकर मनुष्य अपनी स्वार्थपूर्ति पर अधिक ध्यान देने लगा है। कुछ मामलों में तो संबंधित अधिकारी कोताही बरतते हैं। इसका खामियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ रहा है। यही विनाश का कारण बन रहा है। विकास की इस आंधी दौड़ में मनुष्य वर्तमान के प्रति ही चिंतित है ।

गांव शहरों में तब्दील होने लगे हैं। कच्चे मकानों की जगह अब बड़े बड़े पक्के मकान बन रहे हैं। हर स्थान पर कंक्रीट के जंगल खड़े हो गए हैं। सड़के रास्ते सब पक्के होने लगे हैं। नदियों पर बिजली परियोजनाएं लग रही हैं। बड़े-बड़े बांध बन रहे हैं। कई पहाड़ों पर पत्थरों की खानें लगी हैं। इससे भी भू-स्खलन का खतरा बढ़ा है। व्यावसायिक लोग निर्माण कार्य में इतने व्यस्त है कि वे पहाड़ के दरकने या नदियों में आने वाली भयंकर बाढ़ के बारे में सोचते हैं। पता नहीं उन्हें कौन इस तरह के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करता है। इससे अनहोनी घटनाएं हो रही है। समय रहते यदि सरकार इस ओर गंभीरता से सोचें तो नुकसान को कम किया जा सकता है। पर्यटन उद्योग की इस प्रदेश की आय का स्रोत है। प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थल में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। 'अतिथि देवो भव'के सिद्धांत पर उनकी खूब आहोभक्त होती है। उक्त पर्यटक स्थलों में यदि अचानक मौसम खराब हो जाए या नदी नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाए। कोई नहीं जानता। प्रदेश में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है। मौसम विभाग समय-समय पर मौसम से सम्बंधित पूर्वानुमान की जानकारी भी देता रहता है ।
**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी जालंधर वाया कोटली मार्ग का शीघ्र हो निर्माण

**अनंत ज्ञान, मंडी/कोटली।** मंडी-जालंधर एनएच 003 वाया कोटली धर्मपुर की गुणवत्ता तथा निर्माण कार्य में हो रही देरी का मुद्दा अब भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के दरबार में जा पहुंचा है। पीएनआर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कपूर ने गडकरी से मुलाकात कर इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने मंत्री को बताया है कि उक्त राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कर रही कंपनी इतनी धीमी गति से काम कर रही है कि कार्य शुरू होने के वर्षों बाद भी अभी तक कहीं से मुकम्मल होता नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने बताया कि समूचे राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंपनी की ओर से की गई खुदाई तथा अवैध डंपिंग स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

### राजबन में प्रभावित परिवारों को मिले उचित मुआवजा



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री ठाकुर गुलाब सिंह ने मंडी जिले के दरंग विधानसभा क्षेत्र के धमचयाण पंचायत के राजवन गांव में आधी रात को बादल फटने से हुई तबाही तथा 8 लोगों के लापता और तीन लोगों के निधन होने पर दुख जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री तथा प्रशासन से राहत कार्यों में तेजी लाने की अपील की है।

### आपदा के समय कांग्रेस प्रभावितों के साथ : राकेश



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने मंडी सांसद कंगना रनौत के हिमाचल में आई आपदा पर दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कंगना रनौत ने कहा था कि उनकी मंडी संसदीय क्षेत्र के विधायक और अधिकारियों से बात हुई है और उन्हें अभी रेड अलर्ट होने की वजह से यहां आने से मना किया गया है। डॉ. राकेश ने कहा कि रेड अलर्ट आम जनता को सावधान रहने के लिए दिया जाता है ताकि कोई अनहोनी न हो जाए। कंगना एक जनप्रतिनिधि हैं और उनका ये फर्ज है कि मुसीबत की घड़ी में वो अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हों। डॉ. राकेश ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में कांग्रेस सरकार प्रभावितों को हर संभव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### महिला पतंजलि योग समिति ने लगाए 100 पौधे



**अनंत ज्ञान, मंडी।** महिला पतंजलि योग समिति उपमंडल सदर जिला मंडी में तहसील प्रभारी निशा राणा की अध्यक्षता में समिति और योग की बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुनीता भी शामिल रही। जिला प्रभारी के सौजन्य से बरगद का पौधा भी उपलब्ध करवाया गया है। जड़ी बूटी दिवस के अवसर पर पहला कार्यक्रम गांव नेला वार्ड नंबर 4 देव बाला कामेश्वर के मंदिर के आसपास पौधारोपण किया गया।

### लिंक सड़कों को दुरुस्त करने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बालीचौकी उपमंडलाधिकारी ना. की अध्यक्षता में सराज फल एवं सब्जी उत्पादक संघ व ट्रक यूनियन तथा अन्य संगठनों व प्रशासन की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए माल भाड़े की दरें तय करने व सेब सीजन को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की तमाम लिंक सड़कों को ठीक करने बारे विस्तार से चर्चा की गई। सड़कों को गाड़ियों की आवाजाही के लिए ठीक करने की मांग रखी गई ताकि सेब सीजन में गाड़ियों की आवाजाही में कोई रुकावट न हो। बैठक में छोटी गाड़ियों के माल भाड़े के दरें भी तय करने बारे चर्चा हुई और तय किया गया कि 5 अगस्त को इस बारे अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में प्रवेश आवेदन 16 तक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला में किसी भी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर सरकारी स्कूल में वर्ष 2024-25 में पांचवी कक्षा में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2025-26 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्राचार्य एसडी शर्मा ने पांचवी कक्षा में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के अभिभावकों व संबंधित पाठशालाओं के मुख्याध्यापकों से आग्रह किया कि वे इच्छुक विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रेरित करें। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2024 है।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत पंचायत बग्गी में शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक के रख रखाव और उसका प्रबंधन करने के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी रमेश कुमार ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अब समस्त गांव शहर की तर्ज पर कूड़ा-कचरा से मुक्त होंगे। जागरूकता अभियान के दौरान एसईबीपीओ धनोटू मनोज कौशल ने स्वच्छता बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस मौके पर पंचायत बग्गी के उपप्रधान दया राम ने पंचायत में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर एसवीपीओ मनोज कौशल, पंचायत सचिव श्रुतिका, बार्ड पंच लक्ष्मी दत शर्मा, कमला देवी, तीखू राम अन्य उपस्थित रहे।

### केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की परीक्षा कल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने 4 अगस्त को वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जा रही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल परीक्षा के सभी अभ्यार्थियों से निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र में पहुंचने को कहा है। यह परीक्षा दो सत्र में होगी। पहला सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। इन परीक्षाओं में कुल 462 परीक्षार्थी भाग लेने जा रहे हैं।

---

तेरंग में दूसरे दिन भी जारी रही हादसे में लापता लोगों की खोज

# दो मासूमों के शव बरामद, 5 लापता

**पुष्पराज, मंडी/पधर**

जहां बीते वर्ष 9 और 10 जुलाई मंडी जिला पर कहर बनकर बरपा था वहीं इस वर्ष अगस्त माह के शुरू होते ही फिर आपदा ने मंडी जिला में दस्तक दे दी।

31 जुलाई को रात हो हुई भारी बारिश ने कई लोगों की जिंदगियां और कुछ की जमीन तो कुछ लोगों के आशियाने छीन लिए द्रंग विधानसभा क्षेत्र के राजबन तेरंग में हुए हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। जहां गांव के कुछ परिवार नींद फरमा रहे थे वो कहां जानते थे कि दूसरा दिन उनके जीवन में कभी आएगा ही नहीं शुक्रवार को तेरंग में खोज अभियान के दौरान दो मासूम बच्चे अमन जिसकी उम्र 9 और आर्यन उम्र 8 वर्ष के शव बरामद हुए हैं।

जहां मंडी जिला प्रशासन भी इस हादसे में लापता लोगों को ढूंढने में दिन रात एक कर रहा है और लोगों को राहत एवं बचाव के लिए हर संभव सहायता पहुंचा रहा है।

वहीं शुक्रवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि तेरंग गांव में खोज अभियान युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि अभी तक रेस्क्यू टीमें 5 शवों को बरामद कर चुकी हैं। हादसे के बाद अभी भी 5 लोग लापता हैं जिनकी तलाश अभी तक जारी है। हादसे में 10 लोग लापता हुए थे, इनमें से पहले दिन तीन के शव बरामद कर लिए थे। उपायुक्त ने बताया कि हादसे के बाद से कार्यवाहक एसडीएम पधर डॉ. भावना वर्मा लगातार वहां मौजूद हैं और उनकी देखरेख में ही खोज अभियान चलाया हुआ है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर और होमगार्ड के जवान लापता लोगों के ढूंढने का कार्य कर रहे हैं।



रेस्क्यू ऑपरेशन में सहायता करते ग्रामीण।

### लापता की ड्रोन से की जा रही है तलाश

**उपायुक्त** ने बताया कि लापता लोगों की तलाश के लिए ड्रोन की भी सहायता ली जा रही है। हादसे वाले स्थान से नीचे की ओर खड्ड बहती है जिसमें पानी का बहाव बहुत तेज है। वहां पर एनडीआरएफ और पुलिस की एक-एक टीम वहां पर ड्रोन की सहायता से लापता लोगों की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान जारी रहेगा।

### मृतकों के परिजनों को बांटी राहत राशि

**नायब** तहसीलदार टिक्कन जोगिन्द्र सिंह ने प्रशासन की ओर से हादसे में मारे गए, तीन लोगों के परिजनों को फौरी राहत के तौर पर 25-25 हजार रुपये की कुल 75,000 रुपए की राहत राशि प्रदान की।

उन्होंने इस दौरान 25 प्रभावितों को जिनके घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं उन्हें राशन किट, मेडिकल किट और तिरपाल भी वितरित किये। इनके ठहरने की व्यवस्था गांव में ही खाली घर पर की गई है।

# पंडोह के कैंची मोड़ पर सड़क में आई दरारें

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



सड़क में आई दरारें।

भारी बरसात से चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर डैम के पास नवनिर्मित कैंची मोड़ पर दरारें अब फिर से दिखाई देने लगी है। अब ये ज्यादा भयंकर नजर आने लगी हैं।

जुलाई के शुरू में ही पहली बरसात में इन दरारों ने एनएचएआई के साथ जिला प्रशासन को भी परेशान किया था। कंपनी के वरिष्ठ इंजिनियर ने कहा था कि कैंची मोड़ का निर्माण बहुत ही हाई टेक्निक से किया गया है। ऐसी दरारों से डरने जैसी कोई बात नहीं है। उन्होंने तो यहां तक कहा था कि एक मीटर गहरी दरारें आने से भी इस निर्माण को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अगले ही दिन आनन-फानन में इन दरारों को सीमेंट से लीपापोती कर दी थी।

प्रशासनिक अमला व एनएचएआई के आला अधिकारियों ने मुआयना किया था। इस बुधवार को हुई भारी बरसात ने लीपापोती का भंडाफोड़ कर दिया। करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित कैंची मोड़ पर डंगे के गिरने से मंडी-कुल्लू का लिंक टूट सकता है।

# भारी बारिश के कारण पेयजल योजनाएं बाधित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता प्रकाश चंद ने कहा कि भारी बारिश के चलते पेयजल योजना बाधित हो गई है जिस कारण जोगिन्द्रनगर नगर परिषद, मसौली, निचला गरोड़ू, दारट बगला, नेरघरवासडा, गांव आरठी व शानन द्राहल पेयजल योजना के तहत आने वाली तीन पंचायतें द्राहल, कुठेड़ा व बुहला भडयाडा की पेयजल योजना प्रभावित हुई है। जिन्हें बहाल करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की व्यवस्था के लिए जल शक्ति सब डिविजन जोगिन्द्रनगर द्वारा प्रयास किये जा रहे है। जिन्हें बहाल करने के लिए 2 से 3 दिन का समय लग सकता है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि पानी के उपयोग में संयम बरते इस संकट की घड़ी में पेयजल सिर्फ अति आवश्यक कार्य में ही प्रयोग में लाएं।

# टिहरी पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



उपायुक्त को ज्ञापन प्रेषित करते हुए।

ग्राम पंचायत टिहरी का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी मंडी से मिला और उन्हें मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में मनरेगा हाजरी और अनावश्यक लोगों को घर मंजूरी के संदर्भ में उचित कार्रवाई की मांग उठाई है। दरअसल प्रतिनिधिमंडल ने गाम पंचायत प्रधान की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

ग्रामीण व्यक्ति का कहना है कि पंचायत में अनावश्यक रूप से लोगों को घर बनाने की मंजूरी दी है और मनरेगा में गैर हाजिर व्यक्ति की हाजिरी लगाई गई है।

ग्रामीणों ने डीसी को मांगपत्र सौंपते हुए मांग की है कि उक्त विषयों पर कारवाई की जाए जिससे पंचायत में हो रही धांधली का पर्दाफाश हो सके साथ ही 15वें वित्त आयोग से मिली राशि का लाभ भी लोगों को दिया जाए।

### 13 वर्षीय नाबालिगा से दुष्कर्म, आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर क्षेत्र के तहत एक 35 वर्षीय व्यक्ति द्वारा 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता 5 माह की गर्भवती है और पुलिस ने पीड़िता के ब्यान के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता मूल रूप से जोगिंद्रनगर क्षेत्र की रहने रहने वाली बताई जा रही है। जिसे आरोपी ने अपने घर में रखा हुआ था। आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# डॉ. सीमा भारतीय खाद्य निगम सलाहकार समिति की सदस्य नामित

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

हिमाचल के लिए करेंगी काम

दो साल का रहेगा कार्यकाल



हिमाचल प्रदेश की डॉक्टर सीमा ठाकुर को उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग नई दिल्ली ने हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए भारतीय खाद्य निगम की सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में 2 वर्ष के लिए नामित किया है।

बता दें कि वर्तमान में डॉक्टर सीमा ठाकुर भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष व बिलासपुर जिला महिला मोर्चा प्रभारी के रूप में अपना दायित्व निर्वहन कर रही है। पूर्व की भाजपा सरकार में सीमा ठाकुर युवा बोर्ड की डायरेक्टर भी रह चुकी हैं। गौरतलब है कि सीमा ठाकुर ने आर्कोलॉजी में पीएचडी पढ़ाई की है। वह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से ही एमफिल में गोल्ड मेडलिस्ट रही है।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में इन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर से एससीए का चुनाव लड़ा और एबीवीपी की प्रदेश सह मंत्री और नेशनल एग्जीक्यूटिव मेंबर भी रही है। 2016 में वह भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता रहने के साथ ही शिमला और मंडी जिला प्रभारी भी रही है। तदोपरांत 2019 में वह भाजपा प्रदेश सचिव रही। उनकी नियुक्ति पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल मीडिया प्रभारी संजय ठाकुर, कमलेश गुलेरिया, पूर्व मंडल महामंत्री रामलाल, मंडल उपाध्यक्ष गोगी, पूर्व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्षा वर्षा ठाकुर, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर, जिला सचिव आरती ठाकुर, पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री आकाश रावत, पूर्व युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, दया ठाकुर, पूर्व उपप्रधान रतन, करम सिंह, अरुण गुप्ता, पूर्णिमा, सावित्री, बीडीसी चंद्रमणि आदि ने बधाई दी है।

### महाविद्यालय कैंटीन का करवाए ओपन टेंडर : रोहित

**मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी इकाई द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न मांगो को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें छात्रों को आ रही विभिन्न समस्याओं को महाविद्यालय प्रशासन के समक्ष ज्ञापन के माध्यम से रखा गया।

ज्ञापन में मुख्य मांग महाविद्यालय कैंटीन के वर्तमान टेंडर को रद्द कर ओपन टेंडर करवाया जाए। इकाई उपाध्यक्ष रोहित ने बताया कि प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय कैंटीन का टेंडर बिना कोई सूचना जारी किए ही करवाया गया।

# लापरवाही से गिरा सोझा लिंक रोड, दो घरों को खतरा

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

एनएचएआई और केएमसी कंपनी की लापरवाही से सैकडो लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। पंडोह मंडी फोरलेन के साथ लगती सोझा गांव की सड़क पर फोरलेन के लिए कटिंग होने के बाद आज तक कंपनी ने डंगा नहीं लगाया जिसके चलते यह सड़क आधे से अधिक गिर गई है। इस पर वाहनों का चलना जोखिम भरा हो गया है।

साथ ही एनएचएआई और केएमसी कंपनी की लापरवाही से दो घरों को भी खतरा बन गया है। ऐसे में इस मार्ग से जुड़ी करीब 300 लोगों की आबादी की दिक्कतें बढ़ गइ हैं। ग्रामीणों में जय सिंह, प्रदीप शर्मा, ओमी चंद, मोहन सिंह, ओम महंत, सियोग पंचायत प्रधान वीना महंत, बीडीसी मेंबर खेम चंद ने बताया कि उन्होंने कई बार केएमसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राज शेखर और एनएचएआई के अधिकारियों को पत्रों के माध्यम से सूचित किया पर इनके कान पर जू नहीं रेंगती।



गिरा हुआ सोझा लिंक रोड।

इससे पहले इस जगह पर पक्का रास्ता था और रास्ते के साथ सड़क पर पक्के डंगे भी लगे हुए थे। फोरलेन की कटिंग के बाद कंपनी ने न इस जगह कोई डंगा लगाया और न ही इस लिंक रोड को पक्का किया जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। इस बारे में केएमसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर राज शेखर का कहना है कि वह मौके पर अपने कर्मचारियों को भेजेंगे और हालात का जायजा लेंगे।

# सावन की आमद में लोक कलाकारों ने मचाई धूम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

कलाक्षेत्र युवा मंडल द्वारा आयोजित डीएवी पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में सावन की आमद की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने सबका मनमोह लिया। सावन की आमद की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में डॉ. सीपी कौशल व उनकी धर्मपत्नी राज रानी कौशल ने मुख्यातिथि के रूप में कलाकारों को आशीर्वाद दिया।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में प्रवीण अग्रवाल व अनु अग्रवाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन व नटराज पूजा से किया गया। कलाक्षेत्र युवा मंडल के प्रधान दिनेश गुप्ता ने गणमान्यों को सम्मानित किया।

# डेंटल कॉलेज में विश्व ओरल हाइजीन दिवस आयोजित

**उमेश भारद्वात, सुंदरनगर**



जागरूकता रैली के दौरान बीएसएल जलाशय के समीप सामूहिक चित्र में।

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के पीरियडोंटोलॉजी एवं ओरल इम्प्लांटोलॉजी विभाग ने विश्व ओरल हाइजीन दिवस मनाया। इसके अंतर्गत कॉलेज के सैकड़ों छात्रों व स्टाफ ने शहर में एक 'वाल्कथॉन' का आयोजन किया गया, इसमें बीएसएल जलाशय से डेंटल कॉलेज की ओर जागरूकता रैली निकालते हुए लोगों को स्लोगन्स व बैनर के माध्यम से ओरल हाइजीन तथा इस दिवस की विशेषता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल ने समस्त कॉलेज को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों व स्टाफ की पूरे साल ओरल हाइजीन के बारे में जागरूक करने के अथक प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने बताया कि इस दिवस को विशेष तौर पर डेंटिस्ट द्वारा मनाया जाता है। विश्व ओरल हाइजीन दिवस को सफल बनाने के लिए डॉ. साहिल, डॉ. शिवा, डॉ. अभिनव भास्कर, डॉ. मोनिका पठानिया, आरुषि गुप्ता, कमल लोचन व सुंदर का अहम योगदान रहा। वहीं कॉलेज व इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियडोनटोलॉजी की ओर से प्लास्टिक के ब्रश के बदले ईको फ्रेंडली बांस के टूथब्रश दिए जा रहे हैं।

# किसान फसलों पर करें ड्रोन से नैनो खाद का छिड़काव

**अनंत ज्ञान, करसोग**

करसोग की दुर्गा चुराग ग्राम सेवा सहकारी समिति में ड्रोन से नैनो खादो का छिड़काव किया गया जिसमें मुख्यातिथि भुवनेश पठानिया राज्य विपणन प्रबंधक शिमला, इफको के लेखा अधिकारी संदीप, कृषि विभाग से डॉक्टर प्रवीण गुप्ता, जिला मंडी के क्षेत्र अधिकारी रोहित गलोटिया ओर एक्का एग्री से पुनीत और मोहित ने भाग लिया।

राज्य विपणन प्रबंधक भुवनेश ने बताया कि किसानों को सभी प्रकार की फसलों की बुआई से पहले इफको नैनो डीएपी 5 से 10 एमएल एवं तरल कंसोर्टिया 5 एमएल प्रति किलो बीज की दर से बीजोपचार करने की सलाह दी। इससे उगाव जल्दी होता है, फुटान अच्छा होता है तथा पौधे की शुरुआती पैदावार अच्छी होती है। रोहित गलोटिया ने एप के माध्यम से इफको ड्रोन की बुकिंग कर खरीफ फसलों में नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी तथा सागरिका तरल का स्प्रे कराने के बारे में बताया।

### वेदांत कुटीर में खिलाई खीर

**मंडी।** वेदांत कुटीर में सावन मास के चलते खीर भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर भंडारे का भरपूर आनंद उठाया। आयोजन वेदांत कुटीर की अध्यक्षा साध्वी सेवानंद सरस्वती की देखरेख में हुआ। इस दौरान भगवान राम लिंगेश्वर का रुद्राभिषेक कर सुंदरकांड पाठ भक्तों के सहयोग से किया गया। (अनंत ज्ञान)



### ग्रामीण महिलाओं ने की बावड़ियों की सफाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ग्राम पंचायत भरौण में महिला मंडल चामुंडा और महिला मंडल दूदर द्वारा शील्ह जंगल में 'देव रा ढीभ' बावड़ी की सफाई की गई। साफ सुथरे पानी, पीलिया व डायरिया की दस्तक को मध्य नजर रखते हुए देहाती महिलाओं व बच्चों ने मिलजुलकर स्वच्छता की कमान संभाली और वहां पर मूल बावड़ी तथा साथ में सड़क किनारे बनाई गई टांकी को साफ किया।

आशा वर्कर सुनीता पटयाल और मंडल प्रधान पूनम रावत की अगुआई में गांव के बच्चों हेमंत, अभि और कपि के उल्लेखनीय श्रम ने दोनों जल स्त्रोतों की रंगत व स्वाद ही मीठा कर दिया। महिला मंडल की समस्याओं ने जल स्त्रोतों के आसपास की झाड़ियां व घास आदि भी साफ किया।

**गुस्सा** सेब उत्पादक संघ बाली चौकी लोकल कमेटी ने किया प्रदर्शन, कहा-

# सरकार की नीतियों से सेब की खेती पर संकट

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

सेब उत्पादक संघ बाली चौकी लोकल कमेटी ने बाली चौकी में सेब उत्पादक संघ अखिल भारतीय संयोजक राकेश सिंघा की अध्यक्षता में रैली निकाली और प्रदर्शन किया।

राकेश सिंघा ने बागवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सरकार की गलत नीतियों के चलते सेब की खेती के साथ-साथ पूरी कृषि संकट के दौर से गुजर रही है सरकार की खुला व्यापार खुला बाजार की नीति के चलते किसान कर्ज के बोझ तले दब गया है। क्योंकि सेब और कृषि में लागत इतनी ज्यादा हो गई है कि किसान सरकार से लिए गए ऋण को चुका नहीं पा रहा है जिसकी वजह से किसानों को आत्महत्या करनी पड़ रही है। अगर सेब की खेती को घाटे से बाहर निकलना है तो किसानों को संगठित होकर लड़ाई लड़नी होगी। अगर किसान मोदी जैसी तानाशाह सरकार को झुका सकता है तो किसी भी सरकार को झुका कर अपने हक की नीतियां बनवा सकता है। अभी भी सरकार स्वामीनाथन की सिफारिश को लागू नहीं कर रही है।

स्वामीनाथ के अनुसार फसल का लागत का डेढ़ गुना किसान को फसल का दाम मिलना चाहिए। परंतु केंद्र व प्रदेश सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू नहीं कर रही है। इसलिए आज बागवानों को संगठित होकर सरकार के साथ लड़ाई लड़नी होगी।



धरना-प्रदर्शन के दौरान सामूहिक चित्र में।

प्रदर्शन को सेब उत्पादक संघ राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा ने कहा की आज एसडीएम के साथ हुई बैठक में किराया प्रति किलोग्राम प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय किया गया और सब्जी मंडी अधिकारी को एपीएमसी एक्ट को लागू करने के निर्देश दिए गए हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग अधिकारी को सड़कों को दुरुस्त रखने के आदेश दिए गए। (अनंत ज्ञान)

### पीलिया के मामलों पर विभाग कोताही न बरते : राकेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव राकेश चौहान ने जारी बयान में कहा कि जोगिंद्रनगर उपमंडल में लगातार बढ़ते पीलिया के मरीजों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग को और सतर्क रहने की जरूरत है जिस तरह से क्षेत्र में पीलिया की चपेट में आकर तीन परिवारों को मानवीय नुकसान हुआ है यह दुखद और चिंता का विषय है।



चौहान ने कहा कि जोगिंद्रनगर क्षेत्र के सभी संबंधित विभागीय कर्मचारी और अधिकारियों को चाहिए कि इस समय के हालात को देखते हुए ऐसी परिस्थितियों को गंभीरता से लें इसमें किसी भी तरह की कोताही न हो।

# जल स्त्रोतों की जांच के लिए फील्ड में उतरें अधिकारी



विभाग के अधिकारी सार्वजनिक पेयजल स्थलों का दौरा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जल शक्ति विभाग के आला अधिकारी भी जोगिंद्रनगर व इसके आसपास के क्षेत्र में फैले पीलिया रोग को लेकर चिंतित दिखे। विभाग यहां के तमाम जल स्त्रोतों पर निरंतर नजर रखे हुए हैं। शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता वृत्त के अधीक्षण अभियंता अनिल, जल शक्ति मंडल चौतड़ा के अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर, उपमंडल जोगिंद्रनगर के सहायक अभियंता प्रकाश व कनिष्ठ अभियंता आराध्य ठाकुर ने अपनी टीम के साथ जोगिंद्रनगर के सार्वजनिक पेयजल स्थलों का दौरा कर हालात का जायजा लिया।

इस अवसर पर उन्होंने जोगिंद्रनगर बस स्टैंड पर पेयजल स्थल पर सैंपल भी लिए। अधीक्षण अभियंता अनिल ने बताया कि जोगिंद्रनगर में लगभग 11 सार्वजनिक स्थान पर लगे पेयजल वाटर कूलर को विभाग द्वारा सील कर दिया गया है। अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर ने बताया कि भराडू व गडूहीं में जाकर जल स्त्रोतों का जायजा लिया गया।

# पांचवीं संध्या में निकिता गांधी व अभिज्ञा बैंड ने मचाई धमाल

**ओपी शर्मा, चंबा**

मिंजर मेले की पांचवी सांस्कृतिक संध्या में अभिज्ञा बैंड एवं निकिता गांधी ने जबरदस्त एक के बाद एक अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम देख रहे सभी का मन मोह लिया।

बता दें कि इस आयोजन के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह थे जिन्होंने आपदा की खबरें सामने आते ही तुरंत जिला चंबा का दौरा रद्द कर वापस लौट गए। हालांकि इस आयोजन को जैसा रंग मिलना चाहिए था वैसा तो नहीं मिला किंतु कलाकारों ने मनोरंजन हेतु किसी तरह की कोई कसर नहीं छोड़ी।

इस आयोजन में मेला कमेटी के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव के इलावा कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




मिंजर मेले में स्थानिय कलाकार प्रस्तुति देते हुए।



पांचवी संध्या में प्रस्तुति पेश करती हुई कलाकार।



मिंजर मेले की पांचवी सांस्कृतिक संध्या के दौरान मौजू लोग।



मिंजर मेले के दौरान स्टेज पर प्रस्तुति देती हुई एक कलाकार।



मिंजर मेले में मौजूद स्थानिय लोग पारंपरिक वेशभूषा में ।

## न्यूज ब्रीफ

### 12 को होगी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण चंबा की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण चंबा की बैठक 12 अगस्त को 11.30 बजे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय चंबा में निर्धारित की गई है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण चंबा के सचिव राम प्रकाश ने दी है। उन्होंने कहा है कि सभी वाहन स्वामियों व सम्बन्धित व्यक्तियों/आवेदकों का जिनके आवेदन पर प्राधिकरण द्वारा विचार/निर्णय लिया जाना है, वे अपना आवेदन पत्र आवश्यक / आपेक्षित दस्तावेजों सहित कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण चंबा में दिनांक 5 अगस्त 2024 तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों अथवा अपूर्ण आवेदनों / दस्तावेजों को बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा। बस परमिट व अन्य परमिटों के ट्रांसफर से सम्बन्धित मामलों में दोनों पार्टियों (क्रेता/विक्रेता) का क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा अन्यथा मामले में कोई निर्णय नहीं लिया जाएगा।

### पुखरी में स्तनपान सप्ताह के तहत किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरी में स्वास्थ्य कार्यकर्ता की ओर सीएचओ के लिए गर्भवती व धात्री वार्ड में माताओं को स्तनपान के फायदे के बारे स्तनपान सप्ताह 2024 के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. नवदीप राठौर खंड चिकित्सा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस शिविर की जानकारी देते हुए एमईआईओ श्री छांगा राम ठाकुर ने बताया की इस शिविर में प्रतिभागियों को स्तन पान सप्ताह के अंतर्गत स्तन पान से जुड़ी जानकारी दी गईं।

### बटवाड़ा गांव में एनटीपीसी प्रायोजित प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान , मंडी।** भारत सरकार के उपक्रम एनटीपीसी कोलडैम और राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी) मंडी मिलकर ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में प्रयासरत हैं। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सामुदायिक विकास कार्यों के अंतर्गत एनएसआईसी मण्डी के माध्यम से बटवाड़ा गाँव में 25 महिलाओं को 'ड्रैस मैकिंग' का 6 माह के नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कोल डैम परियोजना सहायक महाप्रबंधक सुगाता दास और एनएसआईसी मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। एनएसआईसी मंडी द्वारा बटवाड़ा गांव में ही ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया गया है ताकि महिलाओं को प्रशिक्षण में आसानी हो। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण संबंधित सामान व सामग्री प्रशिक्षुओं को नि:शुल्क प्रदान की जाएगा। एनएसआईसी मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार ने लोगों से आग्रह किया कि वे इन प्रशिक्षणों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वरोजगार अपनाकर अपना व्यवसाय शुरू करें। कार्यक्रम के दौरान एनटीपीसी वरिष्ट प्रबंधक अंजुला अग्रवाल, सहायक प्रबंधक पुरन सिंह, एनएसआईसी प्रबंधक लोकेश भाटिया सहप्रबंधक मुकेश गर्ग एंव समन्वयक विनय कुमार, प्रशिक्षक प्रियंका शर्मा, प्रधान निशा शर्मा और अन्य उपस्थित रहे।



### पत्नी और उसके प्रेमी को कारावास

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंडी की अदालत ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के अपराध में पत्नी और प्रेमी दोनों को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा के साथ 25000 रुपए प्रत्येक को जुर्माने की सजा सुनाई। जिला न्यायवादी मंडी, विनोद भारद्वाज ने बताया कि पुलिस को जय राम पुत्र मदन लाल निवासी गांव ढाबन तहसील ने शिकायत पत्र दिया कि अपने भाई हरी सिह जो कि शिक्षा विभाग में ड्राइंग टीचर था, के घर की तरफ गया और देखा कि उसका भाई हरी सिंह घर की गैलरी में लेटा हुआ था। घटना स्थल पर मौजूद शिकायतकर्ता के मामा ने उसे बताया कि हरी सिंह गैलरी की छत में लगी कुंडी से रस्सी के साथ लटका हुआ था, तथा रस्सी काटकर उसे उतरा गया था। वहीं हरी सिंह की जेब से एक कागज निकला जिसमें एक तरफ काली स्याही से मुकेरियां होशियापुर मेरी मौत के जिम्मेदार आर्मी में है और हस्ताक्षर थे। वहीं हॉस्पिटल में डॉक्टर ने हरी सिंह को मृत घोषित कर दिया था।

इस घटना और ब्यान के आधार पर दोषी अंजू पत्नी हरी सिंह और गुरप्रीत सिंह पुत्र बक्शीश सिंह, गांव हयातपुर, जिला होशियरपुर के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। इस मामले में सरकार की तरफ से पैरवी जिला न्यायवादी मण्डी, विनोद भारद्वाज के द्वारा अमल में लाई गई थी।

## बारिश से राजनगर में हुए नुकसान के आकलन में जुटा प्रशासन

**ओपी शर्मा, चंबा**

गत दिवस जिला चंबा के साथ लगते राजनगर एवं भलेई में बारिश से भारी तबाही का आलम देखने को मिला था, जहां मकान, दुकान भारी मालवे की चपेट में आने से स्थानीय लोगों को भारी नुकसान एवं परेशानी का सामना करना पड़ा था, तो वहीं भारी मलवे के कारण चंबा-तीसा मुख्य मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया था।

जैसे ही प्रशासन को इस बात की जानकारी मिली प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग को भी उचित दिशा-निर्देश जारी कर युद्ध स्तर पर राहत कार्य प्रारंभ किया। शाम होते होते तक चंबा दिशा मार्ग को पूरी तरह से बहस कर दिया गया।



अवरुद्ध मार्ग को बहाल करने का चला हुआ कार्य।

वहीं इस बारे में जब उपमंडलाधिकारी नागरिक चंबा अरुण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारी बारिश से क्षेत्र में जो भी नुकसान हुआ है उसका प्रशासन आकलन कर रहा है लेकिन हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों की भांति यहां उतना नुकसान देखने को नहीं मिला है।

तो वहीं जिला के भलेई में भी भारी बारिश के कारण मुख्य मार्ग अवरुद्ध रहा तो वहीं मंदिर परिसर का एक हिस्सा भूस्खलन की चपेट में आया है, जहां दो पेड़ भी उसकी चपेट में आ गए जिससे भारी मलवा मंदिर रास्ते पर जमा हो गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमल ठाकुर ने जानकारी देते हो बताया कि मंदिर कमेटी द्वारा रास्ते को साफ कर दिया गया है और जल्द ही भूस्खलन का शिकार हुई जगह पर डंगा लगा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मां भद्रकाली की कृपा से किसी तरह का कोई जाने वाली नुकसान नहीं हुआ है।

आज सुबह से ही सलूणी मार्ग अवरुद्ध रहा कैला मोड के पास भारी भूस्खलन के चलते मार्ग दोपहर तक अवरुद्ध रहा, तो भलेई के साथ लगते तलेरू में भी भूस्खलन के चलते आवाजाही दोपहर तक ठप रही, लेकिन लोग निर्माण विभाग द्वारा जल्द ही मालवे को साफ कर मुख्य मार्ग को बहाल कर दिया गया किंतु यह मार्ग छोटे बानो के लिए ही बहाल किया जा सका क्योंकि कई जगह मुख्य मार्ग दशा हुआ है जहां बड़े वाहनों के लिए खतरनाक हो सकता है।( अनंत ज्ञान)

## दवाइयों की दुकान सील, कार जब्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एएनटीएफ दल कांगड़ा एवं स्टेट ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा संयुक्त जांच अभियान में जिला मुख्यालय के साथ लगते साहो में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया, जहां एक दवाइयों के विक्रेता अब्बास मेडिकल स्टोर साहो की दुकान से नारकोटिक्स और साइकोट्रोपिक दवाओं का भारी स्टॉक पाया गया।

मोहम्मद अब्बास ने कुछ दवाओं के खरीद बिल पेश कर दिए लेकिन ज्यादातर दवाइयों का उचित बिक्री रिकॉर्ड पेश करने में पूरी तरह से असमर्थ रहा, सभी 26 प्रकार की दवाओं को फॉर्म 15 पर जमा कर दुकान को सील कर दिया गया। चंबा में मोहम्मद अब्बास के वाहन एचपी 73ए-0244 की भी जांच की



दुकान सील करते अधिकारी।

गई तो उसे वाहन में से भी 8 बोतल कोडिंग कफ सिरप बरामद किया गया जिसका नमूना भी ले लिया गया और फॉर्म 16 पर कोडिंग युक्त कैफ सिर्फ जब्त कर लिया गया। तो वही अब्बास की कार को भी जब्त कर मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही को अमल में लाया जा रहा है। मुख्य अधिकारी प्रदेश ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन हिमाचल प्रदेश ने बताया कि भविष्य में भी यह जांच प्रक्रिया जारी रहेगी।

## नहीं हो पाया गलथन-मासू सड़क का निर्माण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कार्य आवंटन होने के 6 वर्ष भी जाने के बाद भी गलथन मासू सडक का निर्माण नहीं हो पाया है। जगह-जगह कच्चा रोड व तंग मोड यहां पर सड़क हादसे को न्योता दे रहे हैं। 4 किलोमीटर लंबी सडक पर अभी तक कच्ची नालियों का नमोनिशान नहीं है।

जानकारी के अनुसार यह सड़क वर्ष 2017 में बड़ी परियोजना के तहत स्वीकृत हुई थी। विभाग ने इस सड़क निर्माण की नई सीमा वर्ष 2019 रखी हुई थी। लेकिन 6 वर्ष की जाने के बाद भी अभी तक इस सड़क का निर्माण सही हो पाया है। जगह-जगह तंग मोड व कच्ची सड़क यहां पर आए दिन हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने के कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी मंहदो राम ने कहा है कि इतनी बरस बीत जाने के बाद भी इस सड़क का सही निर्माण न होने के कारण विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं रहे हैं। उन्होंने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस लड़की सुध ली जाए ताकि यहां आने जाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

वहीं अधिशासी अभियंता मंडल भरमौर मीत कुमार शर्मा ने कहा है कि मामला उनके ध्यान में आ गया है वह स्वयं साइट पर जाकर इस सड़क का निरीक्षण करेंगे वह उचित से उचित कदम इस सड़क के निर्माण के लिए उठाए जाएंगे

## विक्रमादित्य सिंह चंबा का शेष दौरा रद्द कर लौटे वापस, आपदा क्षेत्रों का करेंगे दौरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोक निर्माण तथा शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने चंबा जिले के तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन बीते कल अपना दौरा स्थगित कर दिया तथा सायंकाल शिमला के लिए रवाना हो गए।

बता दें गत दिवस जिला कुल्लू, मंडी तथा शिमला सहित हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हुई भारी बारिश तथा बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश में हुई भारी तबाही के वजह से उन्होंने 1 अगस्त की शाम को मिंजर मेले की सांस्कृतिक संध्या में शामिल होने तथा 2 अगस्त को जिला चंबा के सभी कार्यक्रम भी स्थगित कर दिए हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे के दौरान हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हुई भारी बारिश के कारण कुल्लू मंडी तथा शिमला सहित पूरे प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी तबाही के कारण जान माल को भारी नुकसान हुआ है। इसलिए ऐसे क्षेत्रों में तुरंत राहत पर बचाव कार्य को आरंभ किया जा रहा है।

## बारिश से धंसी सड़क दो मकानों को खतरा

**अनंत ज्ञान, बनीखेत।** ग्राम पंचायत ब्रंगाल के नालू गांव को जाने वाली सड़क धंस गई है। ऐसे में दो मकानों को खतरा पैदा हो गया है। हालांकि, पहले भी बारिश से यहां काफी नुकसान हो चुका है लेकिन, लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई उचित कदम नहीं उठाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क लगभग दो माह से बंद पड़ी है। प्रभावित याकूब मोहम्मद का कहना है कि बीते दिनों हुई बारिश से पहले ही घर और दुकानों को खतरा है।

**तैयारी** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर उपमंडल कार्यालय डलहौजी में बैठक

## 13 को विभिन्न स्कूलों के बच्चे निकालेंगे तिरंगा यात्रा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

उपमंडल डलहौजी में स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज उपमंडल अधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज की अगुवाई में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें तमाम विभागों के अधिकारी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, डलहौजी के तमाम स्कूलों के अधिकारी पुलिस प्रशासन, नगर परिषद डलहौजी के प्रतिनिधि के अलावा की गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस आयोजन में स्वतंत्रता दिवस के अयोजन को लेकर विचार विमर्श का रूपरेखा तैयार की गई। इस आयोजन को भव्य बनाने हेतु 12 अगस्त से ही शुरुआत कर दी जाएगी जिसमें 12 अगस्त को स्वच्छता अभियान को चलाया जाएगा, तो वहीं 13 अगस्त को तिरंगा रैली विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा निकाली जाएगी 14 अगस्त को पंचकूला में शहीद ए आजम भगत सिंह के चाचा अजीत सिंह की समाधि स्थल पर कार्यक्रम आयोजित होगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन सुभाष चौक डलहौजी में ध्वजारोहण तथा विभिन्न स्कूलों से आए हुए बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप मंडलाधिकारी अनिल भारद्वाज ने इस कार्यक्रम हेतु संबंधित विभागों को उचित निर्देश जारी कर दिए हैं। (अनंत ज्ञान)




बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व (दाएं) अजीत सिंह की प्रतिमा।

## डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी सोलन स्वरोजगार औद्यानिकी प्रौद्योगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 2024-25 ने हिमाचल प्रदेश के मूल निवासियों के लिए एक वर्षीय औद्यानिकी प्रौद्योगिक प्रशिक्षण पाठ्यकम (स्वरोजगार) के लिए साधारण कागज पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए है।

एक वर्षीय इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय औद्यानिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र मशोबरा (शिमला) में 16 सितम्बर से आरंभ होगा।

उन्होंने बताया प्रशिक्षणार्थियों की 20 सीटें निर्धारित की गई है। प्रवेश के लिए इच्छुक उमीदवार आवेदन पत्र साधारण कागज पर सम्बन्धित सह-निदेशक के कार्यालय में 20 अगस्त तक पहुंचना सुनिश्चित बनाएं।

साक्षात्कार 05 सितम्बर को प्रात: 10:30 बजे सह-निदेशक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण औद्यानिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र मशोबरा शिमला के कार्यालय में होंगे। उन्होंने बताया कि समस्त आरक्षित जातियों, अन्य जातियों एवं महिला उम्मीदवारों को नियमानुार आरक्षण दिया जाएगा। एडीएम ने बताया कि उम्मीदवार ने कम से कम दसवीं या समकक्ष स्तर की परीक्षा उतीर्ण की हो।

### मलाणा में फंसे सैलानियों को चंद्रखनी रास्ते से निकाला जाएगा बाहर : सुंदर ठाकुर

# रज्जू मार्ग से सैलानियों को पहुंचाई जाएगी खाद्य सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के मलाणा डैम में बादल फटने से मलाणा पंचायत का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। ऐसे में मलाणा घूमने आए कई सैलानी भी वहां फंस गए हैं। अब उन सैलानियों को चंद्रखनी के रास्ते से निकालकर कुल्लू लाया जाएगा।

ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुंदर ठाकुर ने कहा कि मलाणा इलाके में बिजली व्यवस्था ठप हो गई है और ऐसे में सबसे पहले बिजली व्यवस्था को सुचारु किया जाएगा। इसके अलावा गांव में खाने-पीने की फिलहाल पूरी व्यवस्था है, लेकिन यहां पर तीन रज्जू मार्ग लगाने के लिए मुख्यमंत्री के द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। जिन में एक रज्जू मार्ग मलाणा, दूसरा रज्जू मार्ग बलादी और तीसरा रज्जू मार्ग चौकी गांव में लगाया जाएगा, ताकि यहां पर लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने बताया कि मलाणा में बादल फटने से चौकी बलादी गांव को भी नुकसान हुआ है, लेकिन वहां पर सभी लोग सुरक्षित है। जिला प्रशासन के द्वारा सभी प्रभावित परिवारों की मदद की गई है और यहां पर सभी प्रभावित परिवारों को राहत भी दी गई है।


प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सीपीएस सुंदर ठाकुर।

#### कहा-बिजली व्यवस्था को भी जल्द किया जाएगा बहाल

उन्होंने बताया कि भुंतर से लेकर मणिकर्ण घाटी तक सड़क मार्ग बिलकुल सुरक्षित है और अब एक बार फिर से बड़े वाहनों की आवाजाही यहां से शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मलाणा गांव तक बिजली पहुंच जाएगी और मौसम साफ होने के बाद सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां पर तीन छोटे पुल भी बह गए हैं ऐसे में जब तक पुल की व्यवस्था नहीं होती है। तब तक लोगों को रज्जू मार्ग के माध्यम से सुविधा प्रदान की जाएगी।

## मलाणा प्रोजेक्ट में फंसे चार कामगारों को सुरक्षित बचाया

**जिला** कुल्लू की पार्वती घाटी के मलाणा-वन जल विद्युत परियोजना में बादल फटने के बाद यहां फंसे चार कामगारों को सुरक्षित बचाया गया है। शुक्रवार सुबह एनडीआरएफ की टीम के साथ होमगार्ड के बचाव दल और छापेराम नेगी की अगुवाई वाले एक निजी बचाव दल ने यहां पहुंचकर फंसे चारों लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा। चारों लोग 31 जुलाई रात 10 बजे से यहां फंसे हुए थे। हालांकि, एक अगस्त को एनडीआरएफ की टीम रवाना हुई थी, लेकिन घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई थी। मलाणा परियोजना-2 से इंजीनियर सौरव शर्मा एवं विशाल पांडे तथा ऑपरेटर डोला सिंह एवं वेंकटेश तथा सर्च शाफ्ट से ऑपरेटर टीकम राम एवं देव को रेस्क्यू किया गया। सुंदर सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को मणिकर्ण घाटी के मलाणा परियोजना-2 का दौरा कर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कहा प्रशासन और सरकार पूरी तरह सतर्क, मुस्तैद एवं क्रियाशील है। नुकसान का आकलन राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीआरआईएफ के अंतर्गत फ्लड मिटीगेशन के कार्य के चलते मणिकरण रोड में जो डंगे लगे हैं, सड़कों का डंगे लगने से बचाव हुआ है जिसके कारण सड़कों की स्थिति इतनी सही है कि तोष तक यातायात सुचारु रूप से चल रहा है, इस कार्य पर 38 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

# पार्वती नदी में आई बाढ़, आधी रात को भागे जिया के ग्रामीण

- रात को पार्वती नदी में जलस्तर बढ़ने के बाद के हालातों की कहानी ग्रामीणों की जुबानी
- डेंजर जोन में जियावासी आज तक नहीं लगी प्रोटेक्शन वॉल

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

पार्वती नदी में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। मलाणा नाले में बादल फटने से आई बाढ़ की चपेट में आने से जहां मलाणा सड़क मार्ग का नामोनिशान मिट गया। वहीं, मलाणा डैम फटने से भी भारी नुकसान हुआ। साथ ही बाढ़ से कई मकान व शाट सब्जी मंडी पार्वती में समा गई। वहीं, बाढ़ ने मलाणा से लेकर भुंतर के जिया तक कहर बरपाया। जिया निवासी संजू, मेंघ सिंह, अंजना सहित अन्य ने बताया कि मलाणा में बादल फटने से जिया तक कोहराम मचा दिया था।

उन्होंने बताया कि पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने से खतरे को भांपते हुए जिया के ग्रामीण आधी रात को अपनी जान बचाकर घर से भागे, चारों और भागो-भागो की आवाजें गूंज उठीं। जिया गुजर बस्ती में रहने वाले बसीर की दो बकरियां व दो गाय के बच्चे गौशाला के साथ पार्वती नदी में बह गई। गांव के लोग भारी बारिश के चलते रात तीन बजे उठ गए जैसे की पानी का बहाव बढ़ा तो लोग अपने घर छोड़ कर भाग गए। अंधेरे में नदी की भयंकर गर्जना बड़ी डरावनी थी लोग डर से अपना कीमती सामान छोड़कर तुरंत घर से भाग निकले। ऐसे हालातों में सभी को चिंता सताने लगी की पार्वती न जाने कब इनका सब कुछ उजाड़ देगी, दिनभर सभी डर के साए में रहे। लेकिन शाम के समय तक नदी के जलस्तर में कुछ कमी आई जिससे लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। लोगों के अनुसार प्रोटेक्शन वॉल न होने से भूमि कटाव हुआ जिससे लोअर जिया को जाने वाला रोड क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों ने मांग की है कि विभाग इस रोड में प्रोटेक्शन दीवार देकर सुरक्षित करे।


जिया में नदी किनारे प्रोटेक्शन वॉल न होने से खतरे के साये में जीने को मजबूर लोग।

# एनएचएआई की लापरवाही से पर्यटन हुआ तबाह: किमटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि एनएचएआई व केंद्र सरकार की लापरवाही से कुल्लू-मनाली व लेह का पर्यटन चौपट हो गया है। यही नहीं यहां की आर्थिकी भी प्रभावित हुई है।



उन्होंने कहा कि गत वर्ष आई भयंकर बाढ़ व आपदा के बाद केंद्र सरकार व एनएचएआई का रवैया यहां के विपरीत रहा। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे ऑथरिटी कुल्लू-मनाली के बीच हुए नुकसान के बाद अभी तक डीपीआर भी तैयार नहीं कर पाई है जिस कारण टेंडर नहीं हुए और सड़कों की हालत खराब है। यही नहीं अब एक बार फिर से गत वर्ष का क्षतिग्रस्त मार्ग फिर से कई जगह से नदी में बह गया है। यदि गत वर्ष हुए नुकसान की भरपाई एनएचएआई ने की होती तो आज कुल्लू-मनाली सड़क की यह दुर्दशा न होती। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ से मनाली-कुल्लू सड़क मार्ग के लिए 30 करोड़ आए हुए हैं, लेकिन एनएचएआई ने अभी तक इसकी डीपीआर तक नहीं बनाई सड़क का कार्य तो दूर।

उन्होंने कहा कि अभी तक एनएचएआई ने टेंडर तक नहीं लगाए। यदि यह कार्य हुआ होता तो आज इस मार्ग की यह दशा न होती और इस बरसात में इतना नुकसान न होता। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण जहां यहां से लेकर लेह तक का पर्यटन प्रभावित हुआ है, वहीं यहां की आर्थिकी भी कमजोर पड़ गई है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन के अलावा यहां का सेब व नाशपाती का सीजन भी प्रभावित हुआ है और बागबानों को अपने उत्पाद मार्केट तक पहुंचाने मुश्किल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि एनएचएआई ने पहले ही इस मार्ग का निर्माण अवैज्ञानिक तरीके से किया है जिस कारण गत वर्ष व इस वर्ष इस मार्ग पर इतना नुकसान हुआ है और आज कुल्लू-मनाली चंडीगढ़ मार्ग अवरुद्ध है और बाहरी दुनिया से यहां का संपर्क कटा हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

# कांग्रेस को बजौरा के आयुर्वेदिक अस्पताल को ब्यास में बहाकर ही मिलेगी शांति: शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

भारी बारिश के बाद से ही कुल्लू घाटी की ब्यास, पार्वती व तीर्थन नदियां पूरे उफान पर हैं। निजी भूमि सहित सरकारी संपत्तियों को बढ़े जलस्तर से काफी नुकसान पहुंचा है। पार्वती नदी में आई बाढ़ से वीरवार को शाट का सब्जी मंडी भवन पार्वती नदी में बह गया, जिससे सरकार की करोड़ों की चपत लग गई है। समय रहते सुरक्षा दीवार न लगाने के कारण इस बरसात यह नुकसान सरकार को उठाना पड़ा है।



इसी तरह बजौरा में ब्यास नदी के किनारे निर्माणाधीन आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन भी बहने की कगार पर है। बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने शुक्रवार को स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व लोगों के साथ बजौरा के जलमग्न हो चुके आयुर्वेदिक अस्पताल के हिस्से का मुआयना किया। विधायक शौरी ने सरकार व विभाग के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा है कि गत 20 माह से अस्पताल भवन को ब्यास नदी के कटाव से बचाने के लिए सुरक्षा दीवार लगाने की मांग उठाई जा रही है, परंतु सरकार व ठेकेदार ने जनहित के इस मामले पर आंखें मूद ली हैं। इस बार की बरसात के साथ ही अस्पताल भवन का एक हिस्सा आंशिक रूप से नदी की ओर झुक गया है व जलमग्न हो गया है। शौरी ने कहा है कि सरकार के इस रवैये के कारण इस निर्माणाधीन भवन का एक बड़ा हिस्सा नदी में बहने वाला है।

# बैंची-पनगां सड़क का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

एक वर्ष से बंद पड़ी बैंची-पनगां सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। कुछ समय पूर्व ही पंचायत ने विभाग को इस सड़क की दशा सुधारने को कहा था, क्योंकि इस सड़क से वाहनों की आवाजाही न होने के कारण रायसन, बंदरोल और बैंची के लोगों को कठिनाई हो रही थी। सड़क के बंद होने के चलते किसानों और बागवानों को कई किलोमीटर दूर से अपने उपज को ढुलाई कर सब्जी मंडियों तक पहुंचाना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत बैंची व रायसन के लोगों ने लंबे समय से बंद पड़ी सड़क को विभाग द्वारा समय रहते पूरा करने का आग्रह किया था और साथ में चेतावनी भी दी थी कि यदि शीघ्र सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया जाता तो पंचायत के लोग विभाग के कार्यालय का घेराव करेगा।



पंचायत के कड़े रुख और जनता को हो रही असुविधा के कारण लोक निर्माण विभाग ने लोकसभा चुनाव के पश्चात सड़क की मरम्मत करने का आश्वासन दिया था। अब इस विभाग ने इस सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

# मंडलगढ़ व दुआड़ा में 8 नए दिव्यांगजनों की हुई पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि रेडक्रॉस द्वारा आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से विकास खंड नगर की ग्राम पंचायत मंडलगढ़ व दुआड़ा में दिव्यांगता पुनर्वास, आकलन शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में कुल 33 व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें से 16 सामान्य तथा 17 दिव्यांगजनों का पंजीकरण हुआ। इन शिविरों में 9 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा उनकी दिव्यांगता को दृष्टिगत उनकी पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 3 व्यक्तियों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए मौके पर केस तैयार किए गए। 2 व्यक्तियों की ऑडियोमेट्री करके उनकी सुनने की क्षमता का आकलन किया गया।

उपरोक्त शिविरों में 8 नए दिव्यांगजनों की पहचान की गई तथा उन्हें जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें इस माह के पहले शनिवार को मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया।

# फसल को लेकर घाटी के बागवान चिंतित

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पिछले वर्ष जुलाई में आई बाढ़ से बागवानों को मिले जख्म अभी पूरी तरह से भरे भी नहीं थे कि फिर से ब्यास ने अपना रौद्र रूप दिखाकर उनके जख्मों को हरा कर दिया है। वीरवार को ब्यास में पानी के बढ़ने से कई स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग 3 को काफी अधिक नुक्सान पहुंचा है जिस कारण यातायात बाधित हो गया है।

फलों के वाहनों को जिला से बाहर जाने के लिए पतलीकूहल से नग्गर सड़क से होते हुए वापस रायसन पुल से होकर जाना पड़ रहा है। बागवान चमन लाल, अजय, करण आदि का कहना है कि यदि आगे भी बारिश के कारण ब्यास में पानी बढ़ेगा और सड़कों को पिछली बार की तरह नुकसान पहुंचता है तो वे कैसे अपने फल को प्रदेश से बाहर की मंडियों को भेजेंगे। सब्जी मंडी अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों के रख-रखाव के लिए उचित निर्देश लोक निर्माण विभाग को जारी करें। (अनंत ज्ञान)



# जनजातीय उत्सव लाहौल के लिए मांगे कलाकारों से आवेदन

**केलांग**। सहायक आयुक्त उपायुक्त लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनजातीय उत्सव 14 से 16 अगस्त का आयोजन किया जा रहा है। अतः सभी इच्छुक कलाकार व प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी प्रस्तुति हेतु आवेदन दिनांक 9 अगस्त सायं 5 बजे तक बाईहैंड या ई-मेल द्वारा अपने आवेदन भेज सकते हैं। यह जानकारी सहायक आयुक्त उपायुक्त लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम ने देते हुए कहा कि 9 अगस्त के उपरांत कोई भी आवेदन मान्य नहीं होगा।

# साहसिक खेलों का हब बनेगा लाहुल-स्पीति : अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला के पर्यटन स्थल जिस्पा में लाहौल ईको टूरिज्म सोसायटी द्वारा तीन दिवसीय ईको टूरिज्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनुराधा राणा मुख्यातिथि पहुंची। विधायक का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस मौके पर मंत्री अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल-स्पीति में साहसिक पर्यटन की बहुत संभावनाएं हैं और स्थानीय युवाओं इससे जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति को साहसिक खेलों का हब बनाया जाएगा। उन्होंने सोसायटी को एक लाख रुपए देने की घोषणा की।


कांग्रेस में शामिल हुए लोगों को पटका पहनाकर स्वागत करती हुई अनुराधा राणा।

## लाहुली व किन्नौरी गानों पर खूब नाचे दर्शक

ईको फेस्टिवल की तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या रमेश ठाकुर, रोजी शर्मा व रवि के नाम रही। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में इन कलाकारो ने लाहुली व किन्नौरी गाने गाकर धमाल मचाया व दर्शकों को खूब नचाया। रमेश ने 'मत कर सुमना इतना घुमान ए', 'तेरा रूमाल प्यारी निशानी', 'मेरा मनमोजी' जैसे गाने गाए। रोजी शर्मा ने 'अंगमो इकी रंगो सुटा' गीत गाकर धमाल मचाया। रवि ने मेरे माना चांबा आली ओ चांबा छोडु रे व मेटा हो सानते रामां हो जैसे गाने गाकर दर्शकों को नचाया।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## बेटियों को बनना होता है लाडली बिटिया से समझदार बहू

**यह** सच है कि बेटियों को एक न एक दिन किसी के घर बहु बन कर तो जाना ही होता है मगर ये गलत है बेटी सिर्फ पराया धन होती है। बेटियां जितनी ससुराल की होती है उससे ज्यादा अपनी मायके की होती है। ससुराल में रहते हुए भी अपने मायके की सुध लेती रहती हैं और अपने माता-पिता के हर सुख और दुख में हमेशा साथ खड़ी होती है। अक्सर ऐसा लगता है कि मां सिर्फ बेटों पर और पिता सिर्फ अपनी बेटियों पर मेहरबान होती है, मगर ऐसा भी नही है। फर्क बस इतना है बेटियां माता-पिता का दिल जीत ही लेती हैं क्योंकि बेटियां हर पहलू को ध्यान में रख कर ही आगे बढ़ती है और कार्य करती हैं। मुझे लगता है कि एक बहू के रूप में बेटियां जीवन के सबसे चुनौती पूर्ण पड़ाव को पार करके आगे बढ़ती हैं, जहां पर बेटियों को एक लाडली बिटिया से समझदार बहू होने तक का सफर तय करना होता है। इस दौरान बेटियों को बहुत बड़े बदलाव से गुजरना पड़ता है जोकि शुरुआत में काफी मुश्किल भरा हो सकता है।


पूनम, निवासी वशिष्ठ, मनाली जिला कुल्लू

# बेटियां ससुराल में रहते हुए भी मायके की लेती रहीं सुध

> लाडली बिटिया से लेकर समझदार बहू और पत्नी बनने का सफर है काफी चुनौतीपूर्ण

**समाज** में विभिन्न प्रकार के लोग हर तरफ होते हैं। मगर ये बातें आज भी हैरान करने वाली है की बदलते वक्त के साथ भी कुछ लोग पढ़े लिखे ओर सभ्य होने के बावजूद भी अपनी ही बेटियों को पराया धन कह कर संबोधित करते हैं और बेटों को सब कुछ मान कर कुल का दीपक मानते हैं। यह बात अलग है कि आगे चल कर वही बेटी अपने माता-पिता की सेवा करती है, जबकि कुल के दीपक बुजुर्ग माता-पिता से भी सेवा करवाते हैं। यह बात हर जगह पर लागू नहीं होती, मगर समाज में कुछ उदाहरण आज भी मौजूद हैं। इसके पीछे एक कारण यह भी है कि कुछ जगह पर एक मां अपने बेटे को बेटी से ज्यादा तवज्जो देती है, जबकि बेटियों पर पिता का विश्वास ज्यादा रहता है। यूं तो बेटियां अपने माता-पिता की बहुत लाडली होती हैं मगर एक पिता अपनी बेटी को ही अपना सब कुछ मान कर चलता है। वही बेटी जब अपने पिता के मान-सम्मान का प्रतीक बनकर किसी और के घर की शोभा बनती है तो ऐसे में बेटी से बहू बनने की प्रक्रिया में बहुत से समझौते करते हुए अपने फर्ज को अंजाम देती है। यह बदलाव एक बेटी के जीवन का सबसे बड़ा बदलाव है जहां पर उसके लिए सब कुछ बिलकुल नया होता है, ऐसे में अपनी पसंद नापसंद, अच्छा बुरा, सही-गलत सब चीजों से समझौता कर एक नया उदाहरण पेश करना होता है।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

## अपने मायके की जान होती हैं बेटियां

**मुझे** लगता है की आज के समय में बेटियों को पराया धन समझने वाले बहुत ही कम हैं और जो इस तरह की सोच रखते हैं उन्हें समाज में बेटियों की उपलब्धियों पर नजर रखने की जरूरत है, जो कि हर जगह अपने माता-पिता, सास-ससुर और बच्चों का नाम रोशन कर रही हैं। माता-पिता के लिए वैसे तो बेटा-बेटी दोनों ही बराबर हैं, लेकिन जब कभी भी माता-पिता के उम्मीदों की खरा उतरने की बात होती है तो ऐसे में बेटियों की समझदारी काबिलेतारीफ होती है, जिस कारण पिता का विश्वास बेटियों पर ज्यादा बना रहता है। बेटियां जब तक अपने मायके में रहती हैं तो सभी की जान होती हैं, मगर जब बहू बनकर अपने ससुराल जाती हैं तो अपने मायके का मान-सम्मान बनकर किसी पराए घर को अपनाकर अपने कुल का नाम रोशन करती हैं। साथ ही अपने ससुराल के मान-सम्मान को भी चार चांद लगाती हैं और इस कार्य में न जाने कितने ही समझौते करने पड़ते हैं जो कि एक बेटी कभी भी किसी से साझा नहीं करती।


राज नेगी, निवासी गांव चौखंग, जिला लाहौल-स्पीति

## बेटी से बहू होना जैसे एक जीवन में दो बार जन्म लेना

**मैं** मानती हूं कि बेटियों को पराया धन मानना गलत है और अगर कोई ऐसी सोच रखता है तो वह बेटियों की काबिलियत को कम आंकने की भूल कर रहे हैं क्योंकि बेटियों की क्षमता असीमित है। वैसे तो यह फर्क पैदा ही नहीं करना चाहिए कि बेटा कुल का दीपक है और बेटियां पराया धन। बेटा हो या बेटी दोनों की ही अपनी एहमियत है, मगर किसी एक को बड़ा बनाकर किसी एक को छोटा बनाना गलत है। समाज में सदियों से चली आ रही इस तरह की सोच आज भी चली आ रही है, यह हैरान करने वाली बात है। मां का अपने बेटे के लिए लगाव को गलत कहना सही नहीं, मगर बेटी के साथ ही वैसा ही बर्ताव होना चाहिए क्योंकि दोनों ने ही एक ही कोख से जन्म लिया है। ऐसे में किसी एक प्रति ज्यादा लाड़-प्यार जताना गलत है। बेटी होना और फिर बेटी से बहू बनना कुछ ऐसा है, जैसे एक ही जीवन में दो बार जन्म मिलना। मायके का माहौल बेटियों में आत्मविश्वास का संचार करता है, मगर ससुराल का माहौल बेटियों में विश्वास और कुछ होने का एहसास जगाता है और ससुराल से ही एक बहू पत्नी और फिर जननी का सफर तय करती है।


नितिका ठाकुर, निवासी गांव गोंदला, जिला लाहौल-स्पीति

## बेटियों के लिए बहू का फर्ज निभाना कठिन होता है

**बेटियां** लक्ष्मी का रूप होती हैं और बेटियों के कदम पड़ते ही घर परिवार खुशहाल हो जाता है, इसलिए मैं मानती हूं कि बेटा और बेटी में फर्क करना ही गलत है। आजकल समाज में बेटियों से ज्यादा बेटों को तवज्जो देने वाले भी मौजूद हैं, मगर बेटियों के बिना किसी भी समाज की कल्पना करना ही बेकार है। मैं यह नहीं कहती कि बेटे को एहमियत मत दो, बेटे भी काबिल होते हैं मगर अपने ही बच्चों को लिंग के आधार पर फर्क करना बहुत ही गलत है। जिस तरह से बेटे अपनी मां के लाडले होते हैं, ठीक वैसे ही बेटियां भी अपने पिता की लाडली होती हैं। वैसे तो बदलते समाज में अब इस तरह से फर्क करने की बात सुनना ही अजीब लगता है क्योंकि आज बेटियों ने खुद को हर क्षेत्र में साबित करके दिखा दिया है। मुझे लगता है कि जब तक बेटी मायके में रहती हैं, तब तक बिलकुल आजाद चिड़िया के जैसी होती है और जैसे ही बेटी से बहु बनकर अपने पति के घर जाती हैं तो सब कुछ बदल जाता है। ससुराल में बेटियों की पहचान बहु और पत्नी के रूप में होती है और इस दौरान मायके में सीखी हुई हर सीख को ससुराल में अपनाते हुए अपनी गृहस्थी की नाव की बागडोर अपने हाथ में लिए आगे बढ़ती है। इसलिए बेटियों के लिए बहु के रूप में अपने फर्ज को निभाना सबसे कठिन कार्य साबित होता है।


जेचुन डोलमा, निवासी गांव गोंदला, जिला लाहौल-स्पीति

## न्यूज ब्रीफ

### मौसम की मार: बागवान बोरी में सेब बचने को मजबूर

**सोलन।** मौसम की बेरुखी से इस बार बागवानों के लिए फसल बेचना घाटे का सौदा साबित हो रहा है। पहले सूखे की मार और अब बारिश की अतिवृष्टि ने बागवानों के जख्म हरे करने का काम किया है। सूखे के कारण पहले सेब साइज नहीं बन पाया और अब बारिश के चलते सेब की फसल ड्रॉप हो रही है। ऐसे में बागवानों को बोरियों में भरकर सेब बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभी भी सब की फसल तैयार नहीं हुई है, लेकिन बारिश के चलते कच्चा फल पकने से पहले ही गिर रहा है। प्रकृति की मार से बागवानों को खासा नुकसान झेलना पड़ रहा है। सोलन सब्जी मंडी में जिला मंडी की उपतहसील से आए बागवान पन्ना लाल का कहना है कि सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन यानी किलो के हिसाब से सेब बेचने की व्यवस्था तो की, जो कि अच्छी पहल है पर इस बार सूखा पड़ने के चलते सब की फसल पकने से पहले ही गिर रही है। इससे उन्हें मजबूरी में कच्चा माल मंडियों में पहुंचाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि इसमें प्राकृति के आपदा के सामने कुछ नहीं किया जा सकता है। वहीं, बागवानों का कहना है कि सरकार से नुकसान का मुआवजा मिलना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े।

### शिकायत निवारण समिति की बैठक 9 को

**सोलन।** जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक नौ अगस्त को डीसी कार्यालय सोलन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं जिला शिकायत समिति के सदस्य सचिव अजय कुमार यादव ने दी। अजय ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी पांच अगस्त तक संबंधित कार्यसूची मुद्दों पर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 10 पद भरे जाएंगे

**राजगढ़।** राजगढ़ बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के तहत 10 पद आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा 19 पद सहायिकाओं के भरे जाएंगे। इन पदों की भर्ती के लिए 20 अगस्त को एसडीएम कार्यालय राजगढ़ में साक्षात्कार लिए जाएंगे। पात्र प्रार्थी 12 अगस्त तक अपना आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय राजगढ़ में जमा करवा सकते हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजगढ़ पवन कुमार ने यह बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र धार पुजैरा, बखोग, कड़ोली, घोटाड़ी, लाना मियूं, उलख कतोगा, नाणू बगोड़िया, सैर मनोन आंगनबाड़ी केंद्र तथा राजगढ़ नगर पंचायत वार्ड न. सात व वार्ड न. चार आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 10 रिक्त पद भरे जाने हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए प्रार्थी की योग्यता दस जमा दो या समकक्ष, प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष, परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मासिक मानदेय 10 हजार रुपए तथा

### आपदा के दौरान नुकसान को कम किया जा सकेगा



**सोलन।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन तथा पंजाब इंजीनियरिंग महाविद्यालय चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 'रेट्रोफिटिंग तकनीक से सुरक्षित निर्माण पद्धतियां और भूकंपरोधी भवनों का मूल्यांकन' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने की। अजय ने कहा कि रेट्रोफिटिंग तकनीक से पुराने भवनों में नई तकनीक या सुविधाओं को जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक से सोलन में विभिन्न विभागों के 20-25 वर्ष पुराने भवनों को दुरुस्त करने के लिए पहले से चयनित स्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। इस पद्धति से जहां भवनों का जीर्णोद्धार होगा। वहीं, किसी भी प्राकृतिक आपदा के दौरान नुकसान को न्यून किया जा सकेगा।

### घर में डेंगू का लारवा पाए जाने पर कटेगा चालान

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में लगातार बढ़ते डेंगू के मामलों को लेकर अब चालान काटने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, अगर किसी के घर में डेंगू का लारवा पाया जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग चालान काटेगा। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग नाहन में बढ़ते लगातार डेंगू के मामलों को लेकर चिंतित है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए 20 टीमों का गठन किया है, जो लोगों को घर-घर जाकर डेंगू से बचाव को लेकर जागरूक करते हुए घरों में इधर-उधर जमा पानी को साफ करने का काम करेगी। इसके पश्चात स्वास्थ्य विभाग की टीमें अगर किसी के घर में डेंगू का लारवा पाया जाता है, तो चालान काटने की कार्रवाई भी अमल में लाएगी। स्वास्थ्य खंड धगेड़ा की बीएमओ डॉक्टर मोनिशा अग्रवाल ने बताया कि नाहन में लगातार बढ़ते डेंगू के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। लोगों के घरों में आकर डेंगू से बचाव के लिए जहां जागरूक किया जाएगा, तो वहीं इधर-उधर एकत्रित हुए पानी को नष्ट किया जाएगा, अगर फिर भी किसी घर में डेंगू का लारवा पाया जाता है, तो स्वास्थ्य विभाग अब चालान काटने की कार्रवाई अमल में लाएगा। नाहन में डेंगू के 350 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। अधिकतर मामले नाहन के अमरपुर मोहल्ला से सामने आ रहे हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हुआ है। लगातार बढ़ते डेंगू के मामलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 20 टीमें का गठन किया और लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।

### 19.116 किलो भुक्की के साथ दो युवक गिरफ्तार



**नाहन।** सिरमौर के कालाअंब इलाके में पुलिस ने दो युवकों को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 19.116 किलोग्राम भुक्की (चूरा पोस्त) कब्जे में लेकर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने अदालत के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना कालाअंब की एक टीम टोका साहिब गुरुद्वारा मीरपुर कोटला के समीप गश्त पर मौजूद थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल नंबर-71-3933 पर दो लोग भुक्की/चूरा पोस्त लेकर पहुंच रहे हैं। लिहाजा, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर सवार इलसाद खान निवासी गांव व डाकघर त्रिलोकपुर (सिरमौर) और हैप्पी निवासी गावं पीर स्थान डाकघर नालागढ़, सोलन के कब्जे से 19.116 किग्रा चूरा पोस्त की खेप बरामद की। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना कालाअंब में नारकोटिक्स ड्रग्स, साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उधर, एसएसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस इस मामले में आगामी कार्रवाई में जुटी है।

### पुलिस ने 17 बोतलें देसी शराब की बरामद की

**दाड़लाघाट।** थाना दाड़लाघाट के तहत धुंदन में वाहनों की जांच के दौरान एक टाटा सूमो से पुलिस ने अवैध शराब बरामद की है। सूमो की पिछली सीट से पुलिस ने 17 बोतलें देसी शराब की बरामद की हैं। इसमें पुलिस ने गाड़ी चालक व मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जल्द बनेगा सीएमओ भवन : डॉ. गोपाल बैरी

**नाहन।** पिछले लंबे समय से असुरक्षित भवन में चल रहे मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सिरमौर के कार्यालय के नवनिर्माण का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। नए भवन निर्माण को लेकर सरकार की ओर से प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। शुक्रवार को पहली मर्तबा सिरमौर दौरे पर पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. गोपाल बैरी ने यह बात कही। स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बैरी ने माना कि सिरमौर के स्वास्थ्य विभाग में कई पद खाली चल रहे हैं। प्रदेश सरकार जिला सिरमौर की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर है।

### सुन्नम-हांगो सड़क का एडीएम ने किया उद्घाटन



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** सुन्नम-हांगो संपर्क मार्ग पर सुन्नम के गुरजेस गोंपा तक एंबुलेंस रवाना कर कार्यकारी एडीएम पूह विक्रमजीत सिंह ने संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया। उपमंडल पूह के अंतर्गत पंचायत सुन्नम से हांगो-चुलिंग तक निर्माणाधीन संपर्क मार्ग, जो छोटे वाहनों के लिए सात किलोमीटर तक बनकर तैयार हो चुका है उसका कार्यकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. विक्रम जीत सिंह तहसीलदार मूरंग ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता चमन लाल सुमन, खंड चिकित्सा अधिकारी पूह डॉ. विनोद नेगी व प्रभारी पुलिस थाना पूह की उपस्थिति में रोगी वाहन को हरी झंडी दिखाकर संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया।

# नेशनल हाईवे-पांच में दरकती पहाड़ियां बनीं खतरा

## मानसून सक्रिय होते ही लैंड-स्लाइड का दौर शुरू, बरसात तक सिंगल लेन से चलेंगे वाहन

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मानसून सक्रिय होते ही परवाणू-शिमला नेशनल हाईवे पर पहाड़ियों के दरकने का सिलसिला शुरू हो गया है।

पहाड़ियों से गिरते पत्थर वाहनों में यात्रा कर रहे लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। हाईवे में चक्की मोड़ से कैथलीघाट तक कई ऐसी जगहें हैं, जहां कभी भी लैंड स्लाइड हो सकता है। पिछले दिनों हुई बरसात के दौरान हाईवे के दत्यार में पहाड़ी से हुए भूस्खलन से एक यात्री को जान गवानी पड़ी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने फोरलेन निर्माण में लगी कंपनी को स्लाइडिंग जोन को सुरक्षित करने के निर्देश तो दिए पर एक वर्ष बीत जाने के बावजूद सड़क मार्ग पूरी तरह सुरक्षित नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)



सपरून में दरकती पहाड़ी से बना खतरा।

"दरकती पहाड़ियों से भूस्खलन रोकने का कार्य निजी कंपनी को सौंपा है। स्लोप प्रोटेक्शन का काम अभी आरंभिक दौर में है। बरसात के बाद कंपनी काम शुरू कर देगी। इस काम के लिए कंपनी को लगभग डेढ़ साल का समय दिया गया है। काम पूरा होने के बाद लैंड स्लाइडिंग पर काफी हद तक काबू पा लिया जाएगा। फिलहाल खतरे वाली जगहों में सिंगल लेन से ट्रैफिक चल रहा है।

**आनंद दहिया, प्रोजेक्ट मैनेजर, एनएचएआई।**

### यात्रा करना मुश्किलों भरा

हाईवे पर वाहन चालकों सहित आम लोगों में डर पैदा हो गया है। डर लाजमी भी है। अभी बरसात हल्की हो रही है। बावजूद इस तरह की घटनाएं शुरू हो गई हैं। यदि बरसात ने रफ्तार पकड़ी तो हाईवे पर यात्रा करना मुश्किलों भरा होगा। हालांकि नेशनल हाइवे सुरक्षा के दावे कर रहा है। लैंड स्लाइड कंट्रोल हो और दुर्घटनाओं से बचा जाए, इसके लिए योजनाएं तैयार की हैं, लेकिन दुर्घटना में हुई एक व्यक्ति की मौत ने एनएच को सोचने पर मजबूर कर दिया है। लैंड स्लाइड को रोकने के लिए हाईवे को निश्चित तौर पर विचार करना होगा, अन्यथा भारी बरसात होने पर हालत बिगड़ सकते हैं।

### हर संभव प्रयास किए जा रहे

हाईवे अथॉरिटी इन पहाड़ियों को दरकने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन हर बार बरसात एनएच की लाख कोशिशों पर पानी फेर देती है। चक्की मोड़, कोटी, जाबली और सोलन के सपरून में ऐसे ही हालात बने हैं। सपरून के दोहरी दीवाल में दरकती पहाड़ी कहर बनकर गिरने को तैयार है। लिहाजा, हाइवे पर लैंड स्लाइड कंट्रोल करना एनएच सहित हाइवे निर्माता कंपनी के लिए सिर दर्द बन गया है। एनएच की मुश्किल तब ज्यादा बढ़ जाती है, जब लैंडस्लाइड के दौरान जानमाल का नुकसान हो जाए।

### कई जगह अब भी सिंगल लेन पर ट्रैफिक

**हाइवे** पर अब भी कई जगह सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। पिछले साल कहीं सड़क धंसी, तो कहीं पहाड़ी से लैंड स्लाइड हुआ, जिसमें खासकर पट्टा मोड़, सनवारा और दत्यार के आसपास का एरिया है। कुमारहट्टी के समीप पट्टा मोड़ में सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। यहां दूसरी लेन बनाने की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इस कारण यहां ट्रैफिक वन-वे ही है, जिससे आए दिन जाम की समस्या होती है। बारिश के कारण यहां पानी जमा हो जाता है। पहाड़ी के ऊपर एमईएस के पानी के बड़े टैंक है। लैंड स्लाइड से यहां खतरा लगातार बना है। सनवारा के समीप भी स्थिति कुछ खास बेहतर नहीं हो पाई है। परवाणू की ओर टोल क्रॉस करते ही सिंगल लेन पर ट्रैफिक चल रहा है। यहां दूसरी ओर पिछली बरसात में जमीन धंस गई थी। हालत अब भी ठीक नहीं हैं।

### सात तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

**सोलन।** सोलन जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। यह जानकारी कार्यवाहक जिला कार्यक्रम अधिकारी सोलन कविता गौतम ने दी।

कविता ने कहा कि इस अवधिक के दौरान धातृ माताओं को स्तनपान की महत्वता के विषय में जागरूक किया जाएगा। इस अवधि में स्तनपान प्रथाओं में सुधार के लिए आवश्यक कार्यों को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाएगा। इस वर्ष स्तनपान सप्ताह का विषय 'अंतर को कम करना, सभी के लिए स्तनपान समर्थन' है। 7 अगस्त तक सोलन की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सामुदायिक आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि धातृ माताओं को स्तनपान के विषय में जागरूक किया जा सके। सामान्य व सिजेरियन प्रसवों के दौरान एक घंटे के भीतर नवजात शिशु को स्तनपान करवाना उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक होता है। छह माह तक शिशु को केवल स्तनपान ही करवाना चाहिए, ताकि शिशु का विकास हो सके।

# अवैध खनन माफिया पर कसा शिकंजा एक जेसीबी, दो टिप्पर व एक ट्रैक्टर जब्त

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में अवैध माइनिंग के खिलाफ माइनिंग विभाग ने भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जिला माइनिंग अधिकारी के दिशा-निर्देशों पर माइनिंग विभाग नालागढ़ की टीम ने देर रात अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर अवैध माइनिंग करने वाले माफिया को पकड़ा।

जानकारी के अनुसार वीरवार देर रात माइनिंग विभाग नालागढ़ के माइनिंग इंस्पेक्टर हेमराज की अगुवाई टीम सत्यदेव, जोगिंद्र सिंह व कैलाश ने रात्री गश्त पर गांव रेड़ू से दो टिप्परों को अवैध माइनिंग करते हुए पकड़ा, जिसके बाद टीम ने चिकनी खड्ड के साथ लगते एरिया में दबिश दी। टीम ने मौके पर एक जेसीबी मशीन व एक ट्रैक्टर पकड़ा। माइनिंग विभाग ने जेसीबी, टिप्पर व ट्रैक्टर को पकड़ कर पुलिस थाना में भिजवा दिया है और आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जिला माइनिंग अधिकारी हरविंदर सिंह ने बताया कि अवैध माइनिंग पर शिकंजा कसने में नालागढ़ माइनिंग विभाग लगातार जुटा हुआ है। टीम ने देर रात्री जगह-जगह छापेमारी करते हुए वाहनों को जब्त किया है, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



### तीन माह में 11 लाख जुर्माना वसूला

माइनिंग विभाग नालागढ़ द्वारा तीन माह में 55 चालान काट 11 लाख रुपए जुर्माना वसूला जा चुका है, जबकि कुल 92 चालान काटे जा चुके हैं, जिनसे जुर्माना वसूला जाना है। माइनिंग विभाग की कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मचा है।

### बरसात से 16.55 करोड़ का नुकसान

**नाहन।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने नाहन में वर्षा ऋतु के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ सड़क, पेयजल, बिजली व अन्य आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को आदेश दिए कि पिछले मौनसून के अनुभव को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग मुस्तैदी के साथ कार्य करना सुनिश्चित बनाएं।

डीसी ने सभी विभागों से बारिश से हुए नुकसान की रिपोर्ट नियमित रूप से जिला आपदा प्रबंधन शाखा को भेजने के निर्देश दिए। सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित संभावित आपदा और नुकसान पर नजर बनाए रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। डीसी ने बताया कि सिरमौर में वर्तमान बरसात के सीजन में अभी तक 16.55 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है, जिसमें जल शक्ति विभाग 3.87 करोड़, सड़कों को लगभग 10 करोड़, बिजली 2.38 करोड़ तथा निजी संपत्ति को 1.60 लाख का नुकसान शामिल है।

# प्रशासन अवैध खनन को रोकने के लिए नहीं गंभीर, दो साल से नहीं बुलाई बैठक : संस्था

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिम परिवेश संस्था की बैठक शुक्रवार को नालागढ़ में हुई, जिसमें बीबीएन में हो रही अवैध खनन पर चिंता जताई गई।

नालागढ़ में बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पिछले दो साल से एसडीएम के साथ संस्था के पदाधिकारी खनन रोकने को लेकर बैठक करवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन एसडीएम को ओर से समय नहीं दिया गया है, जिससे संस्था के पदाधिकारी में रोष व्याप्त है। वर्ष-2022 में हुई बैठक में जो फैसले हुए थे, उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अभी तक किसी खनन क्षेत्र की निशानदेही कर न बुर्जियां लगाई गईं न ही सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। संस्था इस बारे में सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखेगी। पलासड़ा में लग रहे कारखानों में पानी की आपूर्ति के लिए 800 फीट गहरे ट्यूबवैल खोद दिए हैं, जिससे नालागढ़ क्षेत्र की पेयजल योजनाओं को सूखने का खतरा पैदा हो गया है। बैठक में प्रस्ताव पारित कर बीड प्लासी में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा बीबीएन के क्रेशरों में कच्चा माल व तैयार माल को लेकर किसी उचित संस्था से जांच करने की मांग की है। नरेश घई ने कहा कि बरसात के समय में नदीं नालों में खनन पर सरकार ने रोक लगा रखी है, लेकिन बीबीएन में अंधाधुंध खनन हो रहा है। प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है। बीबीएन के भूमिगत पानी में नुकसानदायक रसायन पाए गए हैं। कैंसर व चर्म रोग लोगों में पाए जा रहे हैं। कई उद्योग बरसात के दौरान बिना ट्रीट किया हुआ पानी छोड़ रहे हैं, लेकिन प्रदूषण बोर्ड इनके खिलाफ कार्रवाई करने में नाकाम रहा है। सरकार से प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।



नालागढ़ में अवैध खनन की बैठक में हिस्सा लेते संस्था के पदाधिकारी।

# नेहरू मैदान में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस : राज कुमार

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इस वर्ष भी नेहरू मैदान में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। एसडीएम राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर उपमंडलाधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस आयोजन को नया रूप देने के लिए प्रात: छह बजे नशे से बचाव को लेकर युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कॉलेज, स्कूलों व लोगों के अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त लोगों को अपनी भूमि पर एक-एक पौधा लगाने को दिया जाएगा, जबकि 14 व 15 अगस्त को वॉलीबाल व रस्साकस्सी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।



# बस से टकराई बाइक, चालक जख्मी

## नाहन की यशवंत विहार कॉलोनी में बाइक चालक की लापरवाही से पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर के नाहन-कुमारहट्टी मार्ग पर एक सड़क हादसा पेश आया है, यहां एक तेज रफ्तार बाइक एचआरटीसी बस से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक बुरी तरह जख्मी हुआ है।

घायल को मेडिकल कॉलेज नाहन में दाखिल किया है। घायल युवक की पहचान 25 वर्षीय दीपक निवासी नावनी जमटा के तौर पर हुई है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, एचआरटीसी बस एचपी-18बी-1809) नाहन से श्री रेणुका जी-घाटी लोदिया जा रही थी। इस दौरान पीजी कॉलेज नाहन के समीप यशवंत विहार कॉलोनी में सामने से तेज रफ्तारी से आ रही बाइक बस से टकरा गई। बाइक को बचाते हुए बस सड़क किनारे एक पोल से जा टकराई, जिससे बस का अगला शीशा पूरी तरह टूट गया। चालक-परिचालक सहित बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। बाइक चालक के सिर पर गंभीर चोट आई हैं। घायल को स्थानीय लोगों द्वारा घटना के बाद मेडिकल कॉलेज नाहन भिजवाया गया। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने हादसे की पुष्टि की है।



### निर्वाचन नामावली की अधिसूचना जारी

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम-1994 के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन के विकास खंड नालागढ़ तथा कुनिहार में शुद्ध की गई निर्वाचन नामावली की अंतिम रूप से प्रकाशित संशोधित सूची की अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के अनुसार विकास खंड नालागढ़ की पंचायत बधोखरी तथा विकास खंड कुनिहार की पंचायत बनोह खरड़हट्टी की मतदाता सूची का प्रारूप अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया गया है।

# दीदग में आवारा पशुओं को उतारते पकड़े

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ क्षेत्र व इसके आसपास के बेसहारा गोवंश की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल होती जा रही है।

विशेष कर सड़क के किनारे बसे गांव को इस समस्या से परेशान होना पड़ रहा है, मगर अब यह अज्ञात लोग क्षेत्र में आकर बेसहारा गोवंश छोड़ रहे हैं अज्ञात लोग अन्य जिलों से पशु लाकर राजगढ़ क्षेत्र में छोड़ देते हैं, जिस कारण सड़कों में अनेक स्थानों पर सैकड़ों पशु आवारा घूमते देखे जा सकते हैं। इसके चलते किसानों की परेशानी पैदा हो गई है। आवारा पशु उनके खेतों में घुसकर फसलों तो तबाह कर देते है। ऐसा ही एक मामला यहां कल देर रात सामने आया, जब शिमला जिले से पांच पशु एक वाहन में लाकर शिलाई के दो व्यक्ति जब पंचायत क्षेत्र दीदग में उतार रहे थे, तो स्थानीय युवाओं ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। शिलाई तहसील के शिरीक्यारी निवासी लायक राम व उसके भतीजे राजू ने वीरवार रात शिमला के पालगी क्लां निवासी प्यारेलाल से एक बछड़ी व चार छोटे बछड़े अपने लिए टेंपू से लाए और रात करीब साढ़े ग्यारह बजे, जब वह इन पशुओं को दीदग पंचायत के मुश्तरका जंगल सनियों में उतार रहे थे, तो एक पिकअप चालक ओमसिंह ने उन्हें देखा। उसने इसकी सूचना दीदग निवासी सुरजीत को दी, उसने फोन पर पूर्व प्रधान रमेश कुमार, सुधीर व शीतल आदि युवाओं को दी। इन सभी ने इन दोनों को पकड़ा व पशुओं को वापिस टेंपू में चढ़वाया। पंचायत प्रधान कल्पना कश्यप, उपप्रधान नवीन शर्मा व अन्य ग्रामीणों के समक्ष इन दोनों लोगों ने लिखित में माफी मांगी और भविष्य ऐसी हरकत न करने का भरोसा दिलाया।



# एनजीटी के आदेश लागू नहीं होने पर जाएंगे सुप्रीम कोर्ट : नाथूराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश के पहले ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण कार्य में की जा रही अवैध डंपिंग, अवैज्ञानिक खनन और जल स्रोतों को नष्ट करने के खिलाफ एनजीटी के आदेशों की अगर डीसी सिरमौर और डीसी शिमला ने पालना नहीं की, तो डीसी सिरमौर और डीसी शिमला के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दर्ज किया जाएगा।

यह बात नाहन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिलाई के समाजसेवी नाथूराम चौहान ने कही। नाथूराम ने बताया कि हाल ही में एनजीटी में सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्माणाधीन हिमाचल के पहले ग्रीन कॉरिडोर पांवटा साहिब-शिलाई मिनस मार्ग के खिलाफ एनजीटी में सुनवाई हुई। एनजीटी के आदेशों में डीसी सिरमौर को अवैध डंपिंग रोकने तथा पानी के जो चश्में नष्ट हुए हैं, उन्हें दोबारा से रिकवर करने के निर्देश दिए गए हैं। डीसी सिरमौर को इसकी प्रतिलिपि एनजीटी की ओर से मिल चुकी है। हम अपनी ओर से भी प्रतिलिपि देने जा रहे हैं, अगर डीसी सिरमौर और डीसी शिमला ने एनजीटी के आदेशों की पालना न की, तो अब इनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। नाथूराम ने बताया कि एनजीटी की सुनवाई से पहले अवैध रूप से चल रहे क्रेशर बंद कर दिए। अवैध रूप से की जा रही डंपिंग कुछ समय के लिए बंद कर दी, तो यह तीन साल से क्यों नहीं हुई। नाथूराम ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने उनके खिलाफ 22 वकीलों की फौज खड़ी की है, जो एनजीटी में उनके खिलाफ केस लड़ रही है।



**आयोजन** जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# बैंकिंग सेक्टर अपना सामाजिक दायित्व निभाएं

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने जिले में कार्यरत बैंकिंग सेक्टर से सामाजिक दायित्व निभाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि यद्यपि बैंकिंग सेक्टर अपने संस्थानों के मूल सिद्धांत लाभ-हानि को ध्यान में रखकर कार्य करते हैं, लेकिन ऋण आवंटन करते समय बैंकिंग सेक्टर को सामाजिक दायित्व को भी ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने सरकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को उदारपूर्वक ऋण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। डीसी सुमित खिमटा ने नाहन में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



### बैंकों द्वारा 3,94,537 लाख का ऋण आवंटन

वित्तीय वर्ष 2023-24 के 31 मार्च को समाप्त तिमाही में बैंकों ने कुल 3,94,537 लाख रुपए ऋण वितरित किया है, जो कि निर्धारित लक्ष्य से ऊपर 106 प्रतिशत है। इस ऋण में से 2,77,607 लाख रुपए प्राथमिक क्षेत्र में आवंटित ऋण है।

### फसल बीमा पर दें विशेष ध्यान

कृषि विभाग, बैंकिंग और इंश्यूरेंस सैक्टर को जिले में मौसम आधारित बीमा योजना के तहत सभी किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर लगाने के लिए कहा। सनोज ने बैठक का संचालन करते हुए तिमाही की प्रगति की जानकारी प्रदान की। उन्होंने डीसी को आश्वस्त किया कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत जितने भी लक्ष्य बैंकों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 12 | 07 | 07 | 26 |
| 02. | अमेरिका | 09 | 17 | 14 | 40 |
| 03. | ग्रेट ब्रिटेन | 09 | 08 | 08 | 25 |
| 04. | फ्रांस | 08 | 11 | 10 | 29 |
| 05. | ऑस्ट्रेलिया | 08 | 05 | 05 | 19 |
| 06. | जापान | 08 | 03 | 06 | 17 |
| 07. | कोरिया | 06 | 03 | 03 | 12 |
| 08. | इटली | 05 | 08 | 04 | 17 |
| 09. | नीदरलैंड | 04 | 02 | 02 | 08 |
| 10. | कनाडा | 03 | 02 | 04 | 09 |
| 44. | भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |

## पेरिस ब्रीफ

### हार के बाद एंडी मर्रे ने लिया संन्यास



**पेरिस।** ओलंपिक के पुरुष युगल मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मर्रे का शानदार पेशेवर करियर खत्म हो गया। वह इस खेल को अलविदा कहने के लिए जब कोर्ट पर उतरे तो उनकी आंखें नम थी। इस 37 साल के खिलाड़ी ने पहले ही कहा था कि 2024 ग्रीष्मकालीन खेल उनके लिए आखिरी पेशेवर मुकाबला होगा। उन्हें और उनके साथी डैन इवांस को टेलर फिट्ज और टॉमी पॉल की अमेरिका की जोड़ी ने 6-2, 6-4 से हराया।

### पेरिस की मेयर ने नवाजे यूक्रेन के एथलीट



**पेरिस।** पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ने 2024 ओलंपिक के दौरान एकजुटता दिखाने के लिए यूक्रेन के खिलाड़ियों को फ्रांस की राजधानी के सर्वोच्च गौरव 'ग्रैंड वर्मील' पदक से सम्मानित किया। हिडाल्गो ने कहा, ''मैं आज आपके दुख और गर्व दोनों की कल्पना कर सकती हूं। यह जानकर दुख हुआ कि आपके देश पर अभी भी हमला हो रहा है और वह युद्ध में है। आपके कई दोस्त, आपके रिश्तेदार अग्रिम पंक्ति में हैं और लड़ रहे हैं।''

### पदक जीतकर बच्चों के साथ मनाया जश्न



**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में तीन माताओं के लिए नौकायन स्पर्धा में पदक जीतने के बाद अपने बच्चों के साथ जश्न मनाना बेहद खास रहा। ब्रिटेन की अनुभवी हेलेन ग्लोवर और न्यूजीलैंड की लुसी स्पूर्स तथा ब्रूक फ्रांसिस बच्चे को जन्म देने के दो साल से भी कम समय के अंदर ओलंपिक पदक जीतने में सफल रहीं। स्पूर्स तथा फ्रांसिस की जोड़ी ने महिला युगल स्कल्स में स्वर्ण पदक जीता, जबकि तीन बच्चों की मां ग्लोवर महिला फोर स्पर्धा में रजत पदक हासिल करने में सफल रही।

# भाकर 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**

मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत के लिए अभूतपूर्व तीसरे पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को यहां निशानेबाजी की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, लेकिन ईशा सिंह प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

मनु ने प्रिसिजन में 294 और रेपिड में 296 अंक के साथ कुल 590 अंक जुटाकर क्वालीफिकेशन में दूसरा स्थान हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

मनु ने प्रिसिजन दौर में 10-10 निशानों की तीन सीरीज में क्रमशः 97, 98 और 99 अंक जुटाए। रेपिड दौर में उन्होंने तीन सीरीज में 100, 98 और 98 अंक हासिल किए।

हंगरी की मेजर वेरोनिका ने 592 अंक के साथ ओलंपिक के क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया।




ईशा प्रिसिजन में 291 और रेपिड में 290 अंक के साथ कुल 581 अंक जुटाकर 18वें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना सकीं। उन्होंने प्रिसिजन की पहली दो सीरीज में 95 और 96 अंक जुटाने के बाद 100 अंक के साथ जोरदार वापसी की, लेकिन रेपिड दौर में 97, 96 और 97 अंक ही जुटा सकीं।

इस स्पर्धा का फाइनल तीन अगस्त को खेला जाएगा। क्वालीफिकेशन के प्रिसिजन दौर के बाद मनु और ईशा क्रमशः तीसरे और 10वें स्थान पर थे। प्रिसिजन दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहीं वेरोनिका और फ्रांस की कैमिली जेद्रेजेवस्की ने भी मनु के समान 294 अंक जुटाए, लेकिन दोनों ने 'एक्स' (लक्ष्य का केंद्र) पर अधिक निशाने लगाकर पहले दो स्थान पर कब्जा जमाया। मनु ने 'एक्स' पर सात निशाने साधे जबकि वेरोनिका और कैमिली ने क्रमशः 15 और 13 बार ऐसा किया।

## धीरज-अंकिता की जोड़ी सेमीफाइनल में हारी, कांस्य पदक के लिए भिड़ेगी





**भारत** के धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत की मिश्रित युगल तीरंदाजी जोड़ी को तीरंदाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहला सेट जीतने के बावजूद किम वूजिन और लिम सिहियोन की दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीय जोड़ी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। धीरज और अंकिता की पांचवीं वरीय जोड़ी को दक्षिण कोरियाई जोड़ी के खिलाफ 2-6 (38-36, 35-38, 36-38, 38-39 ) से हार झेलनी पड़ी। भारतीय जोड़ी अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेगी और भारत के तीरंदाजी में 36 साल में पहले ओलंपिक पदक का इंतजार खत्म करने की कोशिश करेगी।

## जूडो खिलाड़ी तूलिका मान पहले दौर में हार के साथ बाहर



**पेरिस ।** भारतीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान पेरिस ओलंपिक की महिलाओं की 78 किग्रा से अधिक स्पर्धा के पहले दौर में शुक्रवार को यहां लंदन ओलंपिक की चैंपियन क्यूबा की इडेलिस ओर्टिज के खिलाफ शिकस्त के साथ बाहर हो गईं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता दिल्ली की 22 साल की तूलिका को क्यूबा की खिलाड़ी के खिलाफ इप्पोन से 0-10 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। क्यूबा की खिलाड़ी के नाम चार ओलंपिक पदक हैं जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं।

ओर्टिज के खिलाफ तूलिका सिर्फ 28 सेकेंड की मुकाबले में टिक सकीं। तूलिका की हार के साथ जूडो में भारत का अभियान खत्म हो गया क्योंकि वह पेरिस खेलों में इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी थीं। इप्पोन दांव में जुडो खिलाड़ी अपने विरोधी को मैट पर काफी ताकत और गति से उसकी पीठ के बल गिराता है। इप्पोन तब दिया गया है जब कोई खिलाड़ी विरोधी को 20 सेकेंड तक अपनी गिरफ्त में रखता है या फिर विरोधी खिलाड़ी हार मान लेता है।

## नौकायन : बलराज पंवार 23वें स्थान पर रहे

**एजेंसी, पेरिस**



भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने शुक्रवार को यहां फाइनल डी में 5वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में अपने अभियान का अंत 23वें स्थान के साथ किया।

हरियाणा के 25 साल के बलराज ने फाइनल डी में सात मिनट 2.37 सेकेंड का समय लिया जो मौजूदा खेलों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह हालांकि पदक दौर नहीं था। पेरिस ओलंपिक की नौकायन स्पर्धा में भारत के एकमात्र प्रतिभागी बलराज क्वार्टर हीट रेस में पांचवें स्थान पर रहे थे। रविवार को रेपेचेज दौर की रेस में दूसरे स्थान पर रहते हुए बलराज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। शनिवार को पहले दौर ही हीट में चौथे स्थान पर रहते हुए वह रेपेचेज में पहुंचे थे। फाइनल ए में शीर्ष तीन पर रहने वाले खिलाड़ियों को पदक मिलता है।

## ओलंपिक के समापन समारोह का हिस्सा होंगे टॉम क्रूज



**लॉस एंजल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज के 11 अगस्त को पेरिस ओलंपिक के समारोपन समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है। मिशन इम्पॉसिबल सीरीज, टॉप गन और ऐज ऑफ टुमॉरो जैसी बेहद सफल फिल्मों में काम करने वाले एक्शन हीरो टॉम क्रूज के समापन समारोह में एक स्टंट करने की उम्मीद है जब ओलंपिक ध्वज 2028 ओलंपिक के मेजबान शहर लॉस एंजल्स को सौंपा जाएगा। 'डेडलाइन' प्रकाशन ने विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

कार्यक्रम की जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन इस दौरान पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो ओलंपिक ध्वज को लॉस एंजल्स की मेयर केरेन बास को सौंपेंगी। ओलंपिक 2028 का आयोजन लॉस एंजल्स में 14 से 30 जुलाई तक किया जाएगा।

## खेल जारी रखूंगी, लेकिन थोड़े समय के ब्रेक के बाद : सिंधू

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने शुक्रवार को कहा कि वह ओलंपिक खेलों से प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद संक्षिप्त ब्रेक लेंगी क्योंकि वह अपने करियर की 'सबसे कड़ी हार में से एक' से उबर रही हैं लेकिन उन्होंने अपने आगे के सफर का 'सावधानीपूर्वक' मूल्यांकन करने के बाद खेल जारी रखने का वादा किया।

रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू चीन की दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी ही बिंग जियाओ से सीधे गेम में हारने के बाद पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गईं।

सिंधू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अपने भविष्य के बारे में मैं स्पष्ट होना चाहती हूं- मैं खेलना जारी रखूंगी, हालांकि थोड़े समय के ब्रेक के बाद।''

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया

**पेरिस।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल और पी आर श्रीजेश की अद्भुत गोलकीपिंग के दम पर भारत ने पेरिस ओलंपिक के आखिरी पूल मैच में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हरा दिया। ओलंपिक पुरुष हॉकी में 1972 म्युनिख खेलों के बाद भारत की ऑस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है।

आखिरी बार भारत ने सिडनी ओलंपिक 2000 में 2-2 से ड्रॉ खेला था। टोक्यो ओलंपिक 2020 में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पूल चरण में 7-1 से हराया था। भारत के लिए अभिषेक ने 12वें, हरमनप्रीत ने 13वें और 32वें मिनट में गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए क्रेग थॉमस ने 25वें और ब्लैक गोवर्स ने 55वें मिनट में गोल दागा।

**श्रीलंका दौरा**

### भारतीय टीम को पहले वनडे में जीत के लिए चाहिए 231 रन

# टीम इंडिया ने श्रीलंका को सस्ते में रोका

**एजेंसी, कोलंबो**

भारत की सटीक गेंदबाजी के सामने श्रीलंका का शीर्ष क्रम चरमरा गया लेकिन सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (56 रन) और निचले क्रम में दुनिथ वेलालागे (नाबाद 67 रन) के संयमित अर्धशतकों की मदद से उसने शुक्रवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट पर 230 रन बनाए। निसांका ने 75 गेंद में नौ चौके से 56 रन बनाए जबकि वेलालागे ने 65 गेंद में सात चौके और दो छक्के जड़कर 67 रन बनाए।

भारत के लिए अक्षर पटेल (33 रन देकर दो विकेट) और अर्शदीप सिंह ने 2-2 जबकि कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे ने एक एक विकेट झटका। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असालंका ने टर्न ले रही पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने अविष्का फर्नांडो का विकेट गंवा दिया जिन्हें मोहम्मद सिराज ने पैवेलियन भेजा। फिर निसांका और कुसल मेंडिस (14 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 39 जोड़कर वापसी की कोशिश की।



भारतीय गेंदबाजों का प्रयास भी अच्छा रहा जिन्होंने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खराब शॉट खेलने पर मजबूर किया।

मेंडिस को दुबे ने पगबाधा आउट किया। श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 46 रन से 27वें ओवर में पांच विकेट पर 101 रन हो गया। पिछले कुछ समय से वनडे में श्रीलंका के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सदीरा समरविक्रमा भारतीय स्पिनरों की गेंदों को समझ नहीं सके और 18 गेंद में आठ रन बनाकर आउट हो गए। असालंका ने चौथे विकेट के लिए निसांका के साथ 31 रन जुटाए लेकिन कुलदीप यादव की गेंद पर विकेट गंवा दिया। दूसरे छोर पर लगातार विकेट गिरते रहे लेकिन निसांका ने इस दौरान कुछ बेहतरीन शॉट खेले, लेकिन वाशिंगटन सुंदर ने उनकी पारी का अंत किया जिससे श्रीलंका ने पांचवां विकेट गंवाया।

वेलालागे और जेनिथ लियानागे (20) ने सकारात्मक होकर खेलते हुए छठे विकेट के लिए 43 गेंद में 41 रन जोड़े। इस दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शुभमन गिल को एक ओवर गेंदबाजी कराई जिसमें लियानागे ने एक शॉर्ट पिच गेंद को पुल करते हुए छक्के के लिए पहुंचाया।

## टी-20 से टेस्ट क्रिकेट हुआ आक्रमक : सहवाग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि टी-20 क्रिकेट से अगर आक्रामक टेस्ट खिलाड़ी उभरता है तो उन्हें कोई शिकायत नहीं होगी क्योंकि ऐसे बल्लेबाज दर्शकों को स्टेडियम खींचने में सफल होंगे। भारत के सबसे सफल टेस्ट सलामी बल्लेबाजों में शामिल सहवाग को दिल्ली प्रीमियर लीग के शुरुआती सत्र का ब्रांड दूत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आप खेल के छोटे प्रारूप की तरफ आकर्षित होने का दोष युवाओं पर नहीं मढ़ सकते क्योंकि यह वित्तीय तौर व्यावहारिकता भी प्रदान करता है।

सहवाग ने कहा, '' इंग्लैंड जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है, पांच रन प्रति ओवर की दर से रन बना रहा है। हमारे खेलने के दिनों में ऑस्ट्रेलिया लगभग चार रन प्रति ओवर की दर से रन बनाता था। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि यदि आप आक्रमण कर सकते हैं तो आप अपनी टीम को टेस्ट मैच जीतने के अधिक मौके देते हैं।''




## नेशनल किक बॉक्सिंग में हिमाचल का दबदबा

### प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण सहित जीते 18 पदक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

गोवा के मपुषा खेल परिसर में आयोजित वाको इंडिया नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में 1,200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

किक बॉक्सिंग के प्रधान व राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय रेफरी रणवीर ठाकुर ने बताया की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिमाचल के 35 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए, जिसमें हिमाचल के खिलाड़ियों ने 18 पदक झटके। इनमें 5 स्वर्ण 4 रजत ओर 9 कांस्य पदक जीते।

प्रतियोगिता में कुल्लू की मीना शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता, वहीं हरीश कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया। कुल्लू पहुंचने पर रणवीर ठाकुर तथा किक बॉक्सिंग एसोसिएशन कुल्लू व अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के बच्चों साहित एलएमएस कलैहली की प्रधानाचार्य आरती शर्मा द्वारा खिलाड़यों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

